रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 28 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 277 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम से दूसरे दिन की पूछताछ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित रूप से रिश्वत लेकर कुछ चीनी नागरिकों को वीजा देने के एक मामले में दूसरे दिन शुक्रवार को भी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम से लंबी पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि जूनियर चिदंबरम से केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपने मुख्यालय में पूछताछ की। वर्ष 2011 के इस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के पुत्र से गुरुवार को करीब नौ घंटे तक पूछताछ पूछताछ की थी।

### रुपये में 3 पैसे की बढ़त

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली तथा शेयर बाजार में जारी तेजी से समर्थन पाकर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 77.58 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया छह पैसे टूटकर 77.61 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे बढ़कर 77.60 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान लिवाली के दबाव में 77.67 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली होने से यह 77.57 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा।

# 26 जवानों को ले जा रहा सेना का वाहन श्योक नदी में गिरा, 7 की मौत

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

लद्दाख में तुरतुक के समीप सेना के एक वाहन के खाई श्योक नदी में गिरने से सात सैनिक की मृत्यु हो गयी और अन्य 19 सैनिक घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह सड़क हादसा थोइस से लगभग 25 किमी दूर हुआ। शुक्रवार को 26 जवानों का एक दल परतापुर के ट्रांजिट कैंप से सब सेक्टर हनीफ के फॉर्वर्ड लोकेशन की ओर बढ़ रहा था। सुबह लगभग 9 बजे वाहन सड़क से फिसल गया और श्योक नदी में गिर गया। सड़क से नदी की गहराई लगभग 50-60 फीट तक है। इसके चलते वाहन में सवार सभी जवानों को गंभीर चोटें आईं। इनमें से सात ने दम तोड़ दिया। इन सभी 26 जवानों को परतापुर के 403 फील्ड अस्पताल में पहुंचाया गया। लेह से सर्जिकल टीमों को परतापुर भेजा गया है। अभी पूरा फोकस इस पर है कि सभी घायल जवानों को अच्छे से अच्छा इलाज दिया सके। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में सात सैनिकों की मृत्यु हो गयी और 19 घायल हो गए, इनमें कई बुरी तरह जख्मी हुए हैं। सेना ने तत्काल राहत और बचाव का अभियान शुरू कर दिया था, घायलों को वहां से निकालकर चिकित्सा के लिए ले जाया गया।



### चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

दोरजे ने आगे बताया कि घायल जवानों को इलाके के एक सैन्य अस्पताल में ले जाया गया है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्ट्या यह दुर्घटना का कारण चालक की लापरवाही का मामला प्रतीत होता है। भारतीय सेना ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे हैं कि घायलों को सर्वोत्तम इलाज दिया जाए। अधिक गंभीर घायलों को हाई सेंटर रेफर करने के लिए वायु सेना की भी मदद ली जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में एक सड़क दुर्घटना में सेना के जवानों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शु वार को एक ट्वीट संदेश में कहा कि लद्दाख में एक सैन्य वाहन दुर्घटना में सेना के बहादुर जवानों की मृत्यु से व्यथित हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल जवानों के शीध्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में शुक्रवार को सेना के एक वाहन के श्योक नदी में गिरने से सात सैनिकों की मृत्यु हो गयी और 19 अन्य घायल हो गए।

### सैनिकों की मृत्यु पर राहुल-प्रियंका ने जताया शोक



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लद्दाख में सेना के सात जवानों के सड़क दुर्घटना में शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। गांधी ने कहा कि लद्दाख में सेना के जवानों के साथ हुई हृदयविदारक दुर्घटना की खबर सुनकर व्यथित हूं। पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना। घायल जवानों के शीध्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वाड्रा ने जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि लद्दाख तुरतुक सेक्टर में सड़क हादसे में सात जवानों की शहादत की खबर बहुत ही पीड़ादाई है। शहीद जवानों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों को कष्ट सहने का साहस दें एवं सभी घायल जवानों को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरेजेवाला ने कहा 'दुर्गम क्षेत्र में कठिन परिस्थितियों के बीच भारत माता की सेवा में जुटे हमारे बहादुर जवानों की शहादत की भयावह त्रासदी की खबर से गहरा सदमा लगा।

## सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, तीन घायल

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com




महासमुंद जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम पोटेन्डरहा के पास एक सड़क हादसे में मां, बेटी की मृत्यु हो गई और तीन लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी अनिल पालेश्वर ने बताया कि जिले के सरसीवा से सरायपाली की ओर एक वाहन में सवार होकर दो परिवार के लोग अपने ग्राम सूखापाली जा रहे थे। तभी सुबह 10 बजे ग्राम पोटेन्डरहा के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हादसे में वाहन में सवार पूर्वी भारगे उर्फ बुधियारीन (30) और प्रतीक भारगे (4) की मृत्यु हो गई, जबकि बसंती बाई, थान बाई और ज्ञान मुखर्जी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## कार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के चांपा थाना क्षेत्र में कोरबा रोड पर उच्चभिट्ठी गांव के पास एक कार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चांपा थाना क्षेत्र के महुदा गांव के निवासी मनोज गोंड (10) और राजू गोंड (9) उच्चभिठ्ठी गांव के पास सड़क किनारे आम तोड़ने गए थे। तभी चांपा से कोरबा जा रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार को जप्त कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से आक्रोशित लोगों ने चांपा-कोरबा मार्ग पर चक्काजाम भी किया। मौके पर पुलिस बल पहुंच गया है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## ओमप्रकाश चौटाला को 4 साल की कैद, 50 लाख का जुर्माना

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की सुनवाई करने वाली दिल्ली की एक विशेष अदालत ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय राष्ट्रीय लोक दल के नेता ओमप्रकाश चौटाला को आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति रखने के मामले में शुक्रवार को चार साल के कारावास की सजा और 50 लाख रुपये अर्थ दंड सुनाया। अदालत ने इस मामले में सुनवाई पूरी कर ली थी और सजा सुनाने के लिए आज की तिथि निर्धारित की थी। चौटाला चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार वह दो दिसंबर 1989 से 22 मई 1990, दूसरी बार 12 जुलाई 1990 से 17 जुलाई 1990 तक, तीसरी बार 22 मार्च 1991 से छह अप्रैल 1991 तक और चौथी बर 24 जुलाई 1999 से पांच मार्च 2005 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चौटाला के खिलाफ जांच के बाद 26 मार्च 2010 को चार्जशीट दाखिल की थी। जांच एजेंसी ने आरोप पत्र में कहा था कि 1993 से 2006 के बीच चौटाला ने अपने आय की ज्ञात स्त्रोतों से 6.09 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति जमा कर रखी थी। प्रवर्तन निदेशालय ने भी इस मामले में उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई करते हुए नयी दिल्ली, पंचकुला और सिरसा में उनकी कुल 3.68 करोड़ रुपये के प्लॉट और फ्लैट 2019 में कुर्क कर लिए थे।

## भारत में वैश्विक ड्रोन हब बनने की क्षमता : मोदी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में ड्रोन प्रौद्योगिकी को लेकर जो उत्साह और ऊर्जा दिखाई देती है उससे स्पष्ट है कि भारत में वैश्विक ड्रोन हब बनने की पूरी क्षमता है। मोदी ने शुक्रवार को भारत ड्रोन महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि देश में वैश्विक ड्रोन हब बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नॉलॉजी को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वो अद्भुत है। ये जो ऊर्जा नज़र आ रही है, वो भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। ये भारत में रोजगार सृजन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। देश में ड्रोन उद्योग को बढ़ावा देने की सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले यही वो समय था, जब भारत में हमने सुशासन के नए मंत्रों को लागू करने की शुरुआत की थी। न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन के रास्ते पर चलते हुए, जीवन और व्यापार को सुगम बनाने को हमने प्राथमिकता बनाया। पहले की सरकारों के समय टेक्नॉलॉजी को समस्या का हिस्सा समझा गया, उसको गरीब विरोधी साबित करने की कोशिशें हुईं। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नॉलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब को हुआ, वंचित को हुआ, मिडिल क्लास को हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी की मदद से अब महिलाओं, किसानों और विद्यार्थियों को सीधे सरकार से मदद मिल रही है ।



माकड़ी में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को किया आश्वस्त

## किसानों का पैसा खाने वाले बाहर नहीं घूम सकते, उन्हें भेजा जाएगा जेल : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



किसानों का पैसा खाने वाले बाहर नहीं घूम सकते, उन्हें जेल भेजा जाएगा। किसानों से धोखाधड़ी किये जाने का मामला संज्ञान में आते ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। माकड़ी में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक किसान की शिकायत पर सभी किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसानों से धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए ताकि ऐसे तत्वों को सबक सिखाया जा सके। उल्लेखनीय है कि माकड़ी में भेंट-मुलाकात के दौरान एक किसान ने सहायक कृषि विस्तार अधिकारी ए.के. टंडन के विरुद्ध शिकायत की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि टंडन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को फसल की उचित मूल्य के साथ ही उन्हें संरक्षण देना भी प्राथमिकता में है ताकि खेती किसानी को आगे बढ़ाने में निरंतर मदद मिलती रहे। भेंट-मुलाकात के दौरान उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, सांसद दीपक बैज, कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

भेंट मुलाकात के दौरान राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ने की शिकायत की, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये और कार्यक्रम समाप्त होते तक नाम भी जुड़ गया- भेंट मुलाकात कार्यक्रम में लोगों की समस्या का निदान मौके पर ही हो रहा है। परतू पांडे ने शिकायत करते हुए कहा कि मेरी पत्नी का नाम राशन कार्ड में नहीं जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने तुरंत इसके लिए निर्देश दिये। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्यमंत्री ने परतू को बताया कि आपकी पत्नी सोहदरा का नाम राशन कार्ड में जोड़ दिया गया है।

**मावा गिरदा कोण्डानार के तहत हो रहा प्रशिक्षण-** बस्तर फाइटर्स के लिए भर्तियां होने वाली हैं और इसकी तैयारियों के लिए प्रशिक्षण भी राज्य शासन द्वारा दिया जा रहा है। मावा गिरदा कोंडानार योजना के तहत इसकी तैयारी के लिए युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं ने बताया कि प्रशिक्षण बहुत उम्दा है और इससे उम्मीद जग गई है कि हम निश्चित ही बस्तर फाइटर्स के लिए चयनित हो जाएंगे।

**कोंडागांव का तिखूर जा रहा है वियतनाम भी-** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव के उत्पादों को अब अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। यहां का तिखूर वियतनाम भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब आपका उत्पाद पहुंचता है तो आपको कई गुना लाभ मिलने की गुंजाइश बनती है।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में 4.8 करोड़ की लागत से विद्यालय भवन निर्माण कार्य एवं 2.8 करोड़ की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, जगदलपुर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, जगदलपुर में 4 करोड़ 8 लाख की लागत से नवीन माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण कार्य एवं 2 करोड़ 8 लाख की लागत के स्कूल परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जगदलपुर में सेल्फी का दिखा क्रेज। बच्चों के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने ली सेल्फी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, जगदलपुर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानन्द शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल, जगदलपुर के मैग्जीन विजन का विमोचन किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चाइनीज चेकर खेला।

## छात्र ने मुख्यमंत्री से पूछा- स्वामी आत्मानन्द जी के नाम से हमारा स्कूल है, क्या आप हमें उनके बारे में बता सकते हैं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री से क्लास की पिछली पंक्ति में बैठी नन्हीं रश्मि डहरिया ने एक बड़ा प्रश्न पूछ कर व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्हें ठहरकर विस्तार से प्रश्न का जवाब देने विवश कर दिया। रश्मि ने मुख्यमंत्री से पूछा कि जिन स्वामी आत्मानन्द जी के नाम से हमारा स्कूल है, क्या आप हमें उनके बारे में बता सकते हैं ? ये सुनकर मुख्यमंत्री ने कहा- बेटी आपने बड़ा प्रश्न पूछ लिया, बैठो! मुख्यमंत्री बघेल ब्लैक बोर्ड के सामने आ गए और उन्होंने विस्तार से बच्चों को स्वामी आत्मानंद के प्रेरक जीवन के विषय मे बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल का महापुरुषों के प्रति अनुराग और आदर छलक पड़ा। बच्चों ने भी बड़ी तन्मयता से मुख्यमंत्री से उन स्वामीजी के बारे में जाना, जिनके नाम पर उनका स्कूल है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बताया कि स्वामी आत्मानन्द का जन्म रायपुर में हुआ, उनके पिता का नाम श्री धनीराम वर्मा था। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शिक्षक थे। महात्मा गांधी के आह्वान पर वे भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े। गिरफ्तारी हुई और नौकरी भी छूट गयी। वर्धा आश्रम में वे गांधीजी के साथ रहे। स्वामी आत्मानंद जब 4 साल के थे तो वे वर्धा आश्रम में महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम हारमोनियम पर गाकर सुनाते थे। वे बहुत कुशाग्र थे, एमएससी मैथ्स में नागपुर के गोल्ड मेडलिस्ट थे। तब छत्तीसगढ़ सीपी बरार प्रांत का हिस्सा था। नागपुर में ही विवेकानंद आश्रम से उन्हें स्वामी विवेकानंद के पथ पर चलने की प्रेरणा मिली। वे आईसीएस की परीक्षा में टॉप टेन में आये थे। वो कलेक्टर नहीं बने बल्कि स्वामी विवेकानंद आश्रम में शामिल हुए। विवेकानंद जी भी रायपुर में अपने बचपन मे रहे थे। कलकत्ता के बाद रायपुर में ही उन्होंने अपने जीवन का सबसे ज़्यादा समय गुजारा। स्वामी आत्मानंद जी ने रायपुर में आश्रम खोला, बड़ी मेहनत की। मगर उसी वक्त अकाल पड़ा। स्वामीजी ने आश्रम के लिए जमा किये सारे पैसे अकाल पीड़ितों की सेवा में खर्च कर दिए। क्योंकि विवेकानंद जी कहते थे दरिद्रनारायण की सेवा ही परमात्मा की सेवा है। उन्होंने जगह-जगह आश्रम खोले। इंदौर, भिलाई, अमरकंटक में आश्रम खोले।

इंदिरा गांधी जी से उनकी मुलाकात हुई, उन्होंने स्वामीजी से कहा कि अबूझमाड़ के लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता। आप वहां आश्रम खोलें। स्वामीजी ने नारायणपुर में आश्रम और विद्यालय बनाया। अबूझमाड़ जैसे क्षेत्र के बच्चों को उन्होंने पढ़ाया। वहां के पढ़े बच्चे खूब अच्छी पढ़ाई करते हैं और हर क्षेत्र में मेडल जीतते हैं। पहली बार अबूझमाड़ के 7 बच्चों का नाम बस्तर संभाग की मेरिट में आया। किसी ने पूछा आठवां क्यों नहीं आया? तो बताया गया कि बस 7 ही बच्चे पढ़ रहे थे और सातों ने टॉप किया है। स्वामी आत्मानंद का शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान है। उनके प्रवचन बहुत प्रेरणादायक हैं। गीता और उपनिषद पर उनके प्रवचन हैं। रेडियो में आज का चिंतन कार्यक्रम में स्वामीजी के प्रेरक बातें प्रसारित होती थीं। वे अच्छे संगठक, अच्छे विचारक थे। तो इन्हीं स्वामी आत्मानन्द के नाम से आप के स्कूल का नाम पड़ा। बच्चों ने मुख्यमंत्री से स्वामीजी के जीवन के बारे में सुनकर बच्चे खूब खुश हुए और उन्होंने जोर से ताली बजाई। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को स्वामी आत्मानंद स्कूल जगदलपुर के बच्चों को नारायणपुर में स्वामी आत्मानंद द्वारा स्थापित आश्रम ले जाने के निर्देश दिए।

## पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री भूपेश ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर सर्किट हाउस में नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

**साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की जयंती पर किया नमन :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के साहित्य मनीषी, कुशल अध्यापक और सम्पादक पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि मास्टरजी के नाम से जाने जाने वाले बक्शी जी ने हिन्दी साहित्य की कई विधाओं को अपनाया और साहित्य जगत में अपना अलग स्थान बनाया। सरस्वती जैसी प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका का भी उन्होंने संपादन किया । पाश्चात्य निबन्ध शैली, समालोचना और ललित निबन्धों की सुन्दर परम्परा के लिए वे विशेष रूप से जाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ की माटी की सौंधी खुशबु उनके निराले कथा-शिल्प में हमेशा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बक्शी जी अपनी रचनाओं के रूप में विचार मूल्यों की अमूल्य थाती सौंप गए हैं। कामना है उनके साहित्य परम्परा की अविरल धारा हमेशा छत्तीसगढ़ साहित्य को पोषित करती रहे।

### राजीव भवन में पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई



प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की 58वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, आरडीए उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, किरण सिन्हा, पूजा देवांगन, अशोक राज आहूजा, राजेश सिंह ठाकुर, रविन्द्र शुक्ला, रेहान खान, अजय अग्रवाल, रतन सोनी, दीपा बग्गा, दिवाकर साहू, गौतम लुंकड़, सुंदर लाल जोगी, नितिन ठाकुर, बिन्दु रानी प्रसाद, मनोज सोनकर, पवन प्रधान, लिलकराज सोनकर, शब्बीर खान, अभिषेक शुक्ला, असलम खान, चोवा राम साहू, राजेश पांडे, हरिशंकर बांसवार, सुधा सिन्हा, मंजू देवी, अमित मित्तल, अभिजीत मित्तल कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## श्री रावतपुरा सरकार विवि के नये प्रति-कुलाधिपति बने हर्ष गौतम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 26 मई को हर्ष गौतम ने प्रति-कुलाधिपति का पद ग्रहण किया। पद ग्रहण करते ही उन्होंने अपने कर्तव्य को पूरा करने का वचन लिया। उन्होंने कहा कि विवि का विकास छात्रों के विकास से हैं इसलिए विवि की प्राथमिकता छात्रों को शिक्षित कर उन्हें भविष्य के लिए सही दिशा दिखाना हैं । उनकी रुचि के अनुसार उन्हें अलग-अलग माध्यमों में आगे बढ़ाना पहला उद्देश्य हैं।

उन्होंने वर्ष 1981 में बीई (इलेक्ट्रिकल) में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसी कॉलेज में लेक्चरर के रूप में शामिल हुए। जिसमें इंजीनियरिंग कॉलेज में एक साल तक पावर सिस्टम एनालिसिस विषय पर अंतिम वर्ष की कक्षा को पढ़ाया और इलेक्ट्रिकल शाखा के छात्रों के अलावा अन्य को बेसिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय पर पढ़ाया।

इसके बाद एमपी विद्युत बोर्ड सहायक अभियंता के रूप में शामिल हुए और बाद में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड में कार्य किया। बाद में, सीएसईबी पांच अलग-अलग कंपनियों में विभाजित हो गया । जिसमें उन्होंने वितरण कंपनी, यानि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में काम किया।

लगभग दो वर्षों तक एमडी के रूप में सेवा देने के बाद, 13 मई '22 को इस वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में रिटायर्ड हुए। विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम ने डिस्कॉम में संचालन और रखरखाव के अनुभव के साथ मानव संसाधन, आईटी खरीद, सतर्कता विभाग में सेवा दी है। 40 वर्षों के कार्य अनुभव में से एक वर्ष का इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी गवर्मेंट कॉलेज रायपुर में छात्रों को पढ़ाने का अनुभव प्राप्त किया है ।

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रताप सिंह, उपकुलसचिव संजीव कुमार के साथ संस्थान के समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ़ ने विवि के प्रति-कुलाधिपति का पदभार ग्रहण करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## एसएसपी अग्रवाल ने अधीनस्थों से पूछा हाइवे पेट्रोलिंग से हमें क्या-क्या लाभ मिला ?

- कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा कर लाभ के बारे में जानकारी ली

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सिविल लाइन स्थित सी-4 सभागार में हाइवे पेट्रोलिंग वाहन में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में कप्तान ने हाइवे पेट्रोलिंग वाहन के कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा कर इसके संचालन से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। बताइए! हाइवे पेट्रोलिंग से हमें क्या-क्या लाभ मिल रहा है? एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने अधीनस्थों से ये प्रश्न पूछा। अधिकारियों ने उन्हें विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि यातायात को व्यवस्थित करने के साथ पेट्रोलिंग टीम ने कैसे 69 घायलों की जान बचाई। सड़कों पर बैठे तीन हजार से अधिक पशुओं को हटाया गया। तेज गति से दौड़ रहे 127 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बैठक में मुख्य रुप से हाइवे पर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहन, मवेशी सड़क दुर्घटनाओं के लिए सबसे प्रमुख कारण के रूप में सामने आए। इस पर कप्तान ने अधिकारी-कर्मचारियों को हाइवे पर लगातार पेट्रोलिंग करते हुए नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के साथ ही मवेशियों को भी रोड से हटाने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों को हाइवे पर सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के साथ ही दुर्घटनाओं को रोकने और घायलों का तत्काल उपचार कराने लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एमआर मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर भी शामिल थे। उन्होंने अब तक हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए हाइवे पेट्रोलिंग वाहन में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि राजधानी रायपुर में वर्ष-2017 से चार हाइवे पेट्रोलिंग वाहन संचालित किए जा रहे है।

### प्रधानमंत्री करेंगे देश के पहले इफको नैनो यूरिया प्लांट का लोकार्पण

**रायपुर।** देश के किसानों के लिए गर्व का क्षण है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई, 2022 को शाम 4.00 बजे, भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं गुजरात के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कलोल गुजरात में भारत के पहले इफको नैनो यूरिया प्लांट का लोकार्पण के समय इफ्को नैनो यूरिया के बारे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। नैनो यूरिया की फसल की पैदावार बढ़ाने और पारंपरिक प्रिल्ड/ दानेदार यूरिया के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करके किसानों की आय में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। दिनांक 28.05.2022 को अपरान्ह 3.45 बजे ऑनलाईन रहकर नैनो यूरिया संयत्र के लोकार्पण कार्यक्रम को देखा जा सकता है। इसके लिये http://www.youtube.com/user/iffcoinçia लिंक का उपयोग किया जा सकता है।

### किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक करना जरूरी

## खास दिन है प्रकृति का नायाब तोहफा, खुलकर करें चर्चा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आज भी समुदाय के बीच माहवारी विषय और उसकी स्वच्छता पर चुप्पी कायम है। माहवारी स्वच्छता की दिशा में खुल कर बात करने की आवश्यकता है। इसके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। सामान्य या संक्रमण काल में भी किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक करना जरूरी है।

इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल का कहना है- आज मासिक धर्म पर चुप्पी टूट रही है। नई पीढ़ी अपने मासिक धर्म को स्वस्थ तरीके से प्रबंधित कर रही है। इस पर अभी और खुलकर बात करने की जरूरत है। माहवारी के दिन नारी को प्रकृति का खास तोहफा है। झिझकना नहीं है इस पर खुलकर बात भी करना है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बहुत जरुरी होता है। मां, बहनें और बेटियां कैसे स्वच्छ और स्वस्थ रहें विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस इसी का संदेश देता है। अब menstrual cup भी बाजार में आ चुके है ये और ज्यादा सुविधाजनक है समय समय पर कप खाली करके धो कर फिर उपयोग कर सकते है। इसमें सुखाने, धोने का झंझट नहीं, छुपा कर रखने का टेंशन नहीं, पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता है। मासिक चक्र के दौरान अगर स्वच्छता पर ध्यान न दिया जाए तो बच्चेदानी में संक्रमण पहुँच सकता है। इससे गर्भधारण तक बाधित हो सकता है। इन खास दिनों में होने वाले बदलावों को समझने और उसे सकारात्मक रूप से लेने के लिए किशोरियों को सही सलाह की बहुत जरूरत होती है। 11 से 12 साल की किशोरियों में मासिक चक्र की शुरुआत होने लगती है। किशोरियों को सेनेटरी पैड और उसके महत्व के बारे में सटीक जानकारी देना भी जरूरी है। रूढ़िवादी अज्ञानता से बचना चाहिए। किशोरियों को इस संबंध में उचित सलाह देकर जागरूक किया जाना चाहिये। इसके लिए किशोरियों को मितानिन, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निरंतर जागरूक करती हैं। किशोरियों को परामर्श करके माहवारी के दौरान असुरक्षित साधनों के इस्तेमाल की जगह सुरक्षित साधन जैसे सेनेटरी पैड के शत-प्रतिशत इस्तेमाल को सुनिश्चित करना चाहिये।

**यह करें-** मासिक धर्म स्वच्छता पर संकोच ना करें और इस पर खुल कर बात कराना चाहिये, सेनेटरी पैड आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा हो तो साफ सूती कपड़े के बने पैड का इस्तेमाल कर सकते हैं, माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी , निश्चित अंतराल पर पैड को बदलें, छह घंटे के अंतराल पर सैनिटरी नैपकिन बदलना चाहिए, समय-समय पर अपने प्राइवेट पार्ट की सफाई करती रहें, माताएं किशोरियों को इसके बारे में खुलकर जानकारी दें हिझक को बीच में ना आने दें, अगर यात्रा पर हैं और शौचालय जाना हो तो सफाई वाली जगह पर जाएं, अपने बिस्तर की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। समय-समय पर बेडशीट बदलती रहें, पीरियड्स के समय कई बार शरीर में दर्द होता है।

## अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर साधना प्लस शिखर सम्मान आज



- प्रदेश में बाल रक्षा की दिशा में किये जा रहे कार्यों एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की जाएगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर समाजसेवियों को साधना प्लस शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। शनिवार 28 मई को साधना प्लस न्यूज चैनल, छत्तीसगढ़ एवं यूथ राष्ट्रीय युवा शक्ति संगठन इस आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कवासी लखमा आबकारी एवं उद्योग मंत्री, धरमलाल कौशिक नेता प्रतिपक्ष, जॉब जकारिया यूनिसेफ प्रमुख छत्तीसगढ़, तिलोकचंद बरेडिया निदेशक, अनोपचन्द त्रिलोकचंद ज्वेलर्स, आनंद मिश्रा अखिल भारत संगठन मंत्री, यूथ राष्ट्रीय युवा शक्ति संगठन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक जमील खान, स्टेट हेड, साधना प्लस न्यूज ने बताया कि रायपुर के एक होटल संध्या 5 बजे से 7 बजे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में बाल रक्षा की दिशा में किये जा रहे कार्यों एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध समाजसेवियों को साधना प्लस शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जिनकी प्रेरणा से समाज के अन्य जन भी जागरूक होकर समाज सेवा के लिए प्रेरित होंगे।

# प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

## रामगोपाल अग्रवाल ने बढ़ाया कांग्रेस कार्यकर्ताओ का आत्मविश्वास, विधायक नाग ने कहा कांग्रेस ने किया छत्तीसगढ़ का उत्थान

■ गिरीश देवांगन ने कहा भाजपा का छत्तीसगढ़ में अब अस्तित्व नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और क्रेडा के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओ का अंतागढ़ आगमन के दौरान क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग के द्वारा सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अपने वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करने के लिए आमाबेड़ा, कोयलोबेड़ा, पखांजूर एवं अंतागढ़ के कोने कोने से कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे थे सभी ने बड़ी आत्मीयता से अपने नेताओ का स्वागत किया और अतिथियों ने सभी का अभिवादन स्वीकार भी किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने कांग्रेसी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि जब हमारा ग्राम केंद्र और बूथ मजबूत होता है तो हमारी संगठन शक्ति बढ़ती हैं। उन्होंने कहा विभिन्न जिलों में हमारे बूथ को मजबूत बनाने के लिए वहा के सैकड़ों से अधिक कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। हम चुनाव की ओर बढ़ रहे हैं और कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पूरी तरह आश्वस्त है। हमारे कार्यकर्ता चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अग्रवाल ने बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई उदाहरण दिए। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पिछले पांच चुनावों में हमने मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमे संतोष जनक परिणाम नही मिले लेकिन वहा की परिस्थिति अलग थी और यह को परिस्थिति अलग है। हम छत्तीसगढ़ में विगत परिणाम से भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले है, उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हमारे देश के प्रति वफादार नहीं हैं, उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा की विश्वसनीयता क्या है जनता ऐसे राजनीतिक दल को वोट क्यों देगी। कांग्रेस ने हमारे देश को मजबूत बनाया है, यह पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू, इंदिरा गांधी जी, राजीव गांधी जी, मनमोहन सिंह जी ही हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को उच्चतम स्तर पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा की कांग्रेसी कार्यकर्ता राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर-घर जा रहे हैं और उन्हें आम जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### कांग्रेस की योजनाओं से गरीबों को पहुंचा लाभ

विधायक अनूप नाग ने कहा कि भाजपा ने देश को महंगाई, कोरोना कुप्रबंधन, बेरोजगारी दिया लेकिन कांग्रेस ने सुशासन दिया। भाजपा ने कभी भी देश-प्रदेश के विकास के बारे में नहीं सोचा लेकिन उन्होंने हमेशा अपने बारे में सोचा। यह कांग्रेस ही है जिसने ऐसी योजनाएं बनाईं जिससे गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, आदिवासियों और जरूरतमंदों को फायदा हुआ, उन्होंने कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सत्ता में आने के बाद से उन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने किसानों का कर्जा माफ, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान का दाम, गोधन न्याय योजना से गोबर खरीदी कर देश में छत्तीसगढ़ की एक नई और विकसित तस्वीर स्थापित की है ।

### ये रहे मौजूद

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, कांकेर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, दंतेवाड़ा कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्तार अली, मीडिया प्रभारी विश्राम गावड़े, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष इंद्रजीत विश्वास, दुर्गेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि टुलु भट्टाचार्य, घनश्याम यादव, अखिलेश चंदेल, किशोर मरकाम, श्रवण यादव समेत कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# प्रयास विद्यालय के लिए चयनित होनहार विद्यार्थियों का विधायक संतराम ने किया सम्मान

■ 10 वीं बोर्ड परीक्षा की टॉपर बालिकाएं भी हुईं सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com



राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2022-23 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। जिसमें केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बडेराजपुर विकासखंड के 24 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इन प्रतिभावान बच्चों के सम्मान के लिए गुरुवार को केशकाल विधायक निवास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां विधायक संतराम नेताम के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा समस्त चयनित छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहना कर पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया गया। साथ ही विधायक ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्रदेश के टॉप 10 में स्थान हासिल करने वाली हर्षिका चौरड़िया और साक्षी चौरड़िया का तिलक चन्दन व पुष्पमाला पहना कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि कोंडागांव जिले के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि हमारे जिले से 72 बच्चे प्रयास परीक्षा में उत्तीर्ण होकर प्रयास विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं। इसके लिए बडेराजपुर खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। बच्चों के लिए महत्वपूर्ण समय निकाल कर इस सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मैं विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। विधायक सन्तराम नेताम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षक को भगवान का दर्जा दिया गया हैं। शिक्षक हमारे छात्र जीवन में एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं। और जिस प्रकार से बडेराजपुर के खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सभी संकुल समन्वयकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप 24 बच्चे प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं मैं इन सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जव भविष्य की कामना करता हूं। हमारा प्रयास रहेगा कि हम इसी तरह शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों का प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने में प्रेरित करें। इस दौरान बडेराजपुर जनपद उपाध्यक्ष श्यामा साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हीरालाल नेताम, सरपंच संघ अध्यक्ष सोनू नाइक, नरेंद्र जैन, कमलेश ठाकुर, पंकज नाग, डीईओ अशोक पटेल, डीएमसी महेंद्र पांडे, डीपीओ साक्षरता वेणुगोपाल राव, बीइओ विप्लव डे, बीआरसी के.एस पोया समेत समस्त संकुल समन्वयक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरंदुल में उपस्थिति की प्रतिदिन ऑनलाइन होगा निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गुरुवार अनुविभागीय अधिकारी बड़े बचेली अरुण सोम एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संदीप ताम्रकार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरंदुल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी प्रेमलता साहू, आर एम ए नीरज साहू मनोहर नेताम एवं रोहित रजक के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।निरीक्षण में अस्पताल में पाई गई कमियों के निराकरण हेतु समस्त कर्मचारियों की आवश्यक बैठक आयोजन कर समस्या में सुधार के निर्देश दिए गए।अस्पताल की नियमित उपस्थिति के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया।जिसमें प्रतिदिन दोनों समय सभी अधिकारी कर्मचारी की फोटो उपस्थिति के साथ डालेंगे प्रभारी की बिना अनुमति के कोई भी अनुपस्थित रहने पर कार्यवाही की जायेगी। स्वास्थ्य केंद्र का प्रतिदिन नियमित रूप से समय से संचालन के साथ-साथ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए गए।अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड की ब्लॉकिंग कराई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरंदुल के प्रभारी अधिकारी बीएमओ कुआकोंडा के साथ ही अस्पताल प्रबंधन का कार्य डॉ ऋषभ कोचर को दिया गया।उनकी सहयोगी स्टाफ नर्स नेमा ठाकुर रहेंगी। अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं नियमित रूप से मिले इसका विशेष रुप से ध्यान रखा जाए। स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# सांसद नेताम के हाथों हुआ क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ युथ स्पोर्ट्स क्लब फरसगांव के तत्वधान में आयोजित की गई हैं क्रिकेट प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता
◀ फरसगांव/केशकाल
www.dailypioneer.com



नगर के यूथ स्पोर्ट्स क्लब ड्डस्ट के तत्वधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रात्रिकालीन क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन नगर के हाई स्कूल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 मई की रात मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के द्वारा चौका मारकर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम आयोजन समिति लोगो ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का मंडी प्रांगण से कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल मैदान तक मादरी की नृत्य व आतिसबाजी के साथ धुमधाम से किया। तत्पश्चात ग्राम के गायता, पुजारी व मुख्य अतिथियों के द्वारा खेल मैदान में विधिवत पूजा अर्चना कर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। राज्यसभा सांसद ने बल्लेबाजी करते हुए चौका मारकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ। इस प्रतियोगिता नगर के व्यापारी इलेवन और स्वास्थ विभाग इलेवन की मध्य सो मैच खेला गया जिसमे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जीत हासिल की। बता दें कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा 100000 रूपए , द्वितीय पुरस्कार नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा फरसगांव के द्वारा 50000 रूपए, तथा मैन ऑफ द टूर्नामेंट 7001 रुपए स्वर्गीय देवीसिंह राजपूत की स्मृति में कमल राजपूत के द्वारा, बेस्ट बैट्समैन 5001 रुपए स्वर्गीय हरीराम कुंजाम की स्मृति मे प्रहलाद कुंजाम के द्वारा, बेस्ट बॉलर 5001 स्वर्गीय श्रीमती सुखबीर कौर की स्मृति में कुलजोत संधू के द्वारा, बेस्ट फील्डर 3001 रूपए स्वर्गीय श्रीमती शांति कुंजाम की स्मृति मे प्रह्लाद के द्वारा दिया जाएगा , सबसे अधिक छक्का मारने वाले को 2001 रूपए उत्सव ज्वेलर्स सोनी जी द्वारा , बेस्ट कीपर को 2001 रूपये स्वर्गीय श्री मोती साहू की स्मृति में संदीप साहू के द्वारा दिया जाएगा । साथ ही कई अन्य पुरुस्कार भी दिए जाएंगे ।

इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, दिनेश जायसवाल , उग्रेश चन्द मरकाम, पार्षद टिंडो नेताम ,संगीता पुजारी , ग्राम पुजारी हेमलाल नेताम, ग्राम गायता तिजऊ राम नेताम ग्राम पटेल पनकु राम नेताम , कामलोचन नेताम, पहला राम, राजेश साहू, मो.फिरोज, डिक्की जायसवाल,डॉक्टर समीन खान , महेश अहिरवार, हरिश साहू, रामकुमार भारद्वाज, मोना मरकाम, अमन जायसवाल , आयोजक समिति के लोग सहित खिलाड़ी एवं स्थानीय नगरवासी मौजूद रहे।

# मेटापाल पहुंची भाजपा जिला मंत्री उर्मिला तामो

## ग्रामीणों के साथ महिलाओ के लिये केंद्र की योजनाओं पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com



ग्राम मेटापाल की स्व सहायता समूहों के बहनो के साथ दंतेवाड़ा भाजपा जिला मंत्री उर्मिला तामो ने बैठक कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया और महिलाओं को परिवार के साथ आर्थिक उन्नति के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया।ग्राम के कुछ युवाओं ने चर्चा करने पर तामो को बताया कि मनरेगा के तहत कार्य तो किया गया है पर सहायक सचिव हड़ताल पर है जिससे कार्य का अब तक भुगतान नहीं हो पा रहा है। उर्मिला तामो ने नरेगा के तहत काम पर भुगतान की समस्या को लेकर जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यदि छोटे छोटे कार्य का भुगतान रूकेगा तो ग्रामीण अपनी आजीविका कैसे चलायेगे। प्रशासन को नरेगा के कार्यो के भुगतान की वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए,वैसे भी जिला मे डीएमएफ की राशि का उपयोग भी भुगतान करने में किया जा सकता है।मेटापाल मे सोलर पंप बंद पडे है ऐसे में सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है,पेय जल के लिए भी बोरिंग की मांग तामो ने मेटापाल के लिए किया था पर वह भी आज तक नहीं हुआ।ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कई बार तामो ने जिला कलेक्टर को भी आवेदन दिया, पर कलेक्टर ने केवल लाल पानी से प्रभावित लोगों को मुआवजे की राशि पर ही ध्यान दिया बाकि अनेक समस्याओं पर समाधान नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# एनएमडीसी ने शुरू की सार्वजनिक तालाब की सफाई



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल के वार्ड क्रमांक 03 बंगाली कैम्प के समीप सार्वजनिक तालाब है। जिसमें लगभग 02 वर्ष पूर्व हुई अतिवृष्टि के कारण एनएमडीसी के लौह चूर्ण व अपशिष्ट पदार्थ खनन क्षेत्र पहाड़ से बहकर आने से तालाब में जमा हो गया था।तालाब में चूर्ण जमा होने के कारण सभी प्रकार की धार्मिक संस्कार इत्यादि कार्यों में परेशानियां हो रहीं थीं।जिसके लिए नगरपालिका परिषद किरन्दुल द्वारा एनएमडीसी परियोजना को उक्त तालाब की सफाई हेतु आवेदन दिया गया था एवं शुक्रवार को एनएमडीसी द्वारा तालाब में सफाई कार्य प्रारंभ की गई।नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने कहा उक्त विषय को लेकर परियोजना में कई बार लिखित में आवेदन दिया गया था एवं अधिशासी निदेशक द्वारा सफाई कार्य पूर्ण करवाने हेतु आश्वासन दिया गया था एवं उनके निर्देश पर सफाई कार्य प्रारंभ करवाई गई है।

## एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर सेंटर के दसवीं में टाप टेन छात्रों को संस्था ने किया सम्मानित



**पखांजूर।** एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्युटर सेंटर पखांजूर द्वारा आज छत्तीसगढ़ में कक्षा दसवीं में टाप टन में स्थान बनाने वाले छात्रों को संस्था में सम्मानित किया गया और इन सभी छात्रों को संस्था की ओर से निःशुल्क कम्प्युटर का प्रशिक्षण देने की घोषणा कर सभी का प्रवेश कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथी के रूप में पूव ˊबीआरसी कोयलीबेड़ा रंजन दास उपस्थित रहे और उनके ही हाथों सभी टाप टेन में स्थान बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वरूण कितर्निया, अनिता दास, मोतीलाल शील देवजीत देवनाथ, छोटू वमर्न, पूजा गोलदार आदि उपस्थित थी।

# एनएमडीसी का अब तक का सर्वोत्तम वार्षिक वित्तीय निष्पादिन



| | तिमाही 4 | | वार्षिक | |
|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2020-21 | 2021-22 |
| लौह अयस्कक उत्पादन (मिलियन टन) | 12.31 | 13.86 | 34.15 | 42.19 |
| लौह अयस्कक बिक्री (मिलियन टन) | 11.09 | 12.29 | 33.25 | 40.56 |
| टर्नओवर (करोड़ रूपए) | 6,848 | 6,702 | 15,370 | 25,882 |
| कर पूर्व लाभ (करोड़ रूपए) | 4,269 | 2,880 | 8,902 | 12,981 |
| कर पश्चा त लाभ (करोड़ रूपए) | 2,838 | 1,815 | 6,253 | 9,398 |
| लाभांश (रूपए) | - | | 7.76 | 14.74 |

पायनियर संवाददाता ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख खनन संगठन एनएमडीसी लिमिटेड ने वित्तद वर्ष 2021-22 के दौरान लौह अयस्कप का42.19 मिलियन टन उत्पामदन किया और 40.56 मिलियन टन बिक्री की। इसके साथ ही कंपनी ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की जो पिछले वित्त6 वर्ष के 34.15मिलियन टन उत्पा दन पर 24 त्न की वृद्धि है तथा वित्त वर्ष 2021 में 33.25 मिलियन टन बिक्री पर 22त्न की वृद्धि है।

देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पाकदक ने 42 मिलियन टन उत्पातदन टन के मील के पत्थबर को पार करते हुए अब तक के सर्वोत्त म वित्तीाय परिणाम दर्ज किए। वित्तत वर्ष 2022 में इसने रूपए 25882 करोड़ का टर्नओवर रिकार्ड किया जो कि पिछले वर्ष के रूपए 15370 करोड़ पर 68त्न की वृद्धि है। एनएमडीसी ने वित्तर वर्ष 2021-22 के दौरान रूपए 12981 करोड़ के कर पूर्व लाभ की घोषणा की जो वित्त वर्ष 2020-21 के रूपए 8,902 करोड़ पर 46त्न की वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार वर्ष के दौरान कर पश्चाातत लाभ रूपए 9,398 करोड़ रहा जो पिछले वित्तक वर्ष के रूपए 6,253 करोड की उपलब्धि पर 50त्न की बड़ी वृद्धि दर्शाता है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान अब तक का सर्वाधिक लाभांश 1474त्न का भी भुगतान किया।

एक मजबूत कार्य निष्पा दन के साथ वर्ष का समापन करते हुए एनएमडीसी ने वित्तक वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान 13.86 मिलियन टन का उत्पाकदन किया जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 12.31 मिलियन टन पर 13त्न की वृद्धि है। साथ ही लौह अयस्कि की 12.29 मिलियन टन की बिक्री भी की जो वित्तल वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में 11.09मिलियन टन की बिक्री पर 11त्न की वृद्धि है। वित्तव वर्ष की चौथी तिमाही में टर्न ओवर रूपए 6,702 करोड़ रहा जबकि कर पूर्व लाभ एवं कर पश्चाति लाभ क्रमशः रूपए 2,880 करोड़ एवं रूपए 1,815 करोड़ दर्ज किया गया।

वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षित वित्ती8य परिणामों का अनुमोदन श्री सुमित देब, अध्य क्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी की अध्येक्षता में 26 मई, 2022 को सम्पदन्नि कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में किया गया।

प्रभावशाली प्रदर्शन पर टिप्प णी करते हुए सुमित देब, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने कहा कि यह प्रदर्शन एनएमडीसी टीम द्वारा भारत को सही अर्थों में आत्म निर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वित्त वर्ष का प्रारंभ हम निरंतर ध्योन केंद्रितकरने की भावना के साथ कर रहे हैं तथा महत्व।पूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण करते हुए अधिक मजबूत एवं सुस्थिर प्रदर्शन की आशा करते हैं। हम अपना ध्या न आटोमेशन एवं डिजिटल पहलों पर केंद्रित कर रहे हैं जो हमारे प्रचालनों को उत्प्रेरित करेंगे।

# दुकान संचालक ने दो माह का अतिरिक्त चावल ग्रामीण को नहीं दिया, भनक लगते ही विरोध करने पर कुछ ग्रामीणों को चावल देना शुरू किया

पायनियर संवाददाता ◀ पखांजूर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत देवपुर में संचालित उचित मूल्य दुकान के संचालक द्वारा केंद्र की ओर से मिले अतरिक्त चावल ग्रामीणों को नहीं देने की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर को की और इस संबध में अनुविभागीय अधिकारी कायार्लय पहुंच शिकायत पत्र सौंप संचालक के खिलाफ कायर्वाही की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है की दुकान संचालक द्वारा विगत दो माह से केंद्र द्वारा अतरिक्त आऐ चावल को ग्रामीणों को नहीं दिया गया जब इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो दुकान संचालक द्वारा आज कुछ ग्रामीणों को चावल का वितरण शुरू किया गया है।

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत देवपुर में उचित मूल्य दुकान का संचालक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिती देवपुर द्वारा किया जाता है और इसके संचालक की जिम्मेदारी गांव के ही ध्रुव दास को दी गई है। पर दुकान के संचालक द्वारा इस माह केंद्र सरकार की ओर से आई प्रति व्यक्ती पांच किलो अतरिक्त चावल का वितरण ग्रामीणों को नहीं किया। इसके पहले माह भी केंद्र द्वारा आऐ अतरिक्त चावल का वितरण संचालक द्वारा नहीं किया गया था। पर इस माह ग्रामीणों को इस घोटाले की भनक लग गई तो शिकायत का दौर शुरू हुआ और ग्रामीणों ने आज अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर कायार्लय पहुंच उक्त उचित मूल्य दुकान के संचालक के खिलाफ शिकायत की और कायर्वाही की मांग की। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण सुनील हालदार, सुभाष मंडल, सुलेखा राय, संजय विश्वास, जयदेव मंडल आदि ने बताया की दुकानदार द्वारा पूरी जानकारी होने के बाद भी जानबूझ कर अतरिक्त चावल ग्रामीणों को नहीं दिया गया। वतर्मान में इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो आज दुकान खोल दुकानदार ग्रामीणों को बुला बुला अतरिक्त चावल दे रहा है।

इस संबध में जब दुकानदार से जानकारी ली गई तो दुकानदार ध्रुव दास ने बताया की ग्रामीण झूठ बोल रहे है सभी को जितना चावल आया था वह दिया गया है।

इस संबध में पखांजूर अनुविभागीय अधिकारी अंजोर सिंह पैकरा ने बताया की ग्रामीणों की शिकायत की जांच करा दुकानदार पर कायर्वाही की जाऐगी।

# पांच दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण में प्लेयर्स के उत्साह को देखकर लोग हुए गदगद






पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिला शतरंज संघ महासमुंद एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अँग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कैंप के द्वितीय दिवस स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में प्राचार्य शा.उ. मा.वि.भूथिया महेश दास, सैजेस सरायपाली पालक समिति अध्यक्ष किशोर कुमार भोई, विकासखंड प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी लखेश्वर भोई,प्राचार्य सैजेस सरायपाली पी.के.ग्वाल,वरिष्ठ व्याख्याता के.आर.मूकर्जी,व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ,व्याख्याता महेश नायक, वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार चौधरी का आगमन चेस प्रशिक्षण हाल में हुआ।

मैग्नेटिक चेस बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा सुचारु ढंग से दिए जा रहे शतरंज प्रशिक्षण एवं प्लेयर्स के उत्साह को देखकर काफी गदगद हुए। चेस खेल की बारीकियों और चेस नियमों से प्लेयर्स को अवगत कराया जा रहा है तथा बच्चों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से निःशुल्क चेस बोर्ड प्रदान कर खेल सीखने प्रेरित कर अभ्यास कराया जा रहा है। द्वितीय दिवस प्रमुख रूप से चालों को लेखन की विधि,ओपनिंग स्टर्जी (किलेबन्दी), चेस के अंतर्राष्ट्रीय नियमों, केशलिंग,एंड पेशेंट मूव आदि से प्लेयर्स को प्रशिक्षित किया गया। भूथिया प्राचार्य महेश दास ने प्लेयर्स को सजगता के साथ सीख लेने और नियमित अभ्यास पर जोर दिया तथा अध्यक्ष पालक समिति किशोर भोई ने व्यवस्थित- निःशुल्क सेवाभाव से दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की। सैजेस सरायपाली प्राचार्य पी.के. ग्वाल ने प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध करने आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उद्वेलित किया। वरिष्ठ व्याख्याता के.आर. मूकर्जी ने चेस खेल में अपनी प्रतिभा को निखारने प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। लखेश्वर भोई ने इस वृहद स्वरूप में ग्रीष्मकालीन चेस प्रशिक्षण दिए जाने के लिए टीम को बधाई दी।

कार्यक्रम संयोजक एवं नेशनल आर्बिटर यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि चेस खेल के प्रति बच्चों का जुड़ाव काफी लाभदायक है चेस खेलने से बेहतरीन ईमेजीनेशन, कुशल प्रबंधन सम्भव है। प्रथम बार आयोजित इस चेस खेल के विशेष प्रशिक्षण कैम्प में प्लेयर्स को द्वितीय दिवस में छबिलाल नायक, दिनेश कुमार कर,जयमिनी पटेल,यशवंत कुमार चौधरी (राष्ट्रीय आर्बिटर) आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सैजेस सरायपाली में आयोजित इस निःशुल्क चेस प्रशिक्षण कैम्प से लगभग 100 प्लेयर्स प्रत्यक्ष लाभान्वित हो रहे हैं। चेस प्रशिक्षण कैम्प के संयोजक एवं राष्ट्रीय आर्बिटर श्री यशवंत कुमार चौधरी ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रदर्शन किया और प्लेयर्स को निरंतरता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक धनपत सिदार, प्रयोगशाला सहायक गुलाब चौहान,घसियाराम चौहान,गीति बरिहा,गोमती बरिहा,अंजनी मुन्ना आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# एसएसपी ने ली ड्रग अपराध की समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडा बार लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायतों, थाने में विभिन्न मामलों में रखे गए जप्ती माल के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर पीड़ित पक्ष को इसका लाभ मिल सके इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों पर विभिन्न धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही करने हेतु कहा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाओं में अंकुश नहीं लगा पाने वाले प्रभारियों के ऊपर नाराजगी व्यक्त की गई है। उन्हें क्षेत्र अंतर्गत अपने आसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करते हुए चोर गिरोह की धरपकड़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपने पर्यवेक्षण मे आने वाले सभी थाना एवं चौकियों का सतत् मानिटरिंग कर पुलिसिंग में और अधिक जोर देने हेतु विशेष रूप से हिदायत दिया गया है। इस दौरान बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़ एवं गंभीर मामलों में उत्कृष्ट विवेचना पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले निम्नांकित अधि/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुये काप ऑफ द मंथ के रूप में चुना गया हैः- 1. क्षेत्र अंतर्गत लूटपाट एवं चिटफंड मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की कार्यवाही- उपनिरीक्षक रोशन सिंह राजपूत थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण। 2. चिटफंड मामले में दिल्ली में लगातार 11 दिन तक कैम्प करते हुए एक आरोपी डायरेक्टर की गिरफ्तारी - प्रधान आरक्षक क्र. 958 समीर शुक्ला थाना भाटापारा ग्रामीण। 3. अंधे कत्ल के मामले में उत्कृष्ट विवेचना पश्चात आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी - उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी सुहेला, प्रधान आरक्षक क्रमांक 175 दिलीप टोप्पो थाना सुहेला। 4. थाना सुहेला क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गश्त में तैनात पुलिस बल द्वारा डीजल चोर गिरोह की धरपकड़- प्रधान आरक्षक क्र. 488 सुरेश कुमार वर्मा, आरक्षक क्र. 175 अंजोर मांझी, आरक्षक क्र. 815 संतोष कुमार साहू तीनों थाना सुहेला। 5. क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों की धरपकड़ एवं भारी मात्रा में शराब बरामद करने में मुख्य भूमिका- आरक्षक क्र. 429 कमलेश मरावी थाना पलारी।

बैठक में मुख्य रुप से पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा, संजय तिवारी एसडीओपी बिलाईगढ़, सुभाष दास एसडीओपी बलोदाबाजार, अनूप वाजपेई उप पुलिस अधीक्षक, विक्रम बघेल रक्षित निरीक्षक, समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# चाय पिलाओ नहीं तो नौकरी खत्म

पायनियर संवाददाता < खरोरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत मे लेखपाल के पद मे पदस्थ प्रेसनजीत पांडे के खिलाफ एक मामला सामने आया है जहां पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों ने शिकायत की है की लेखपाल प्रेसनजीत पांडे द्वारा उसे व उसके साथी के साथ लगातार गली गलोच किया जाता रहा है वही नगर पंचायत की महिला कर्मचारियों के साथ भी वह अभद्र व्यवहार करता रहा है वही बीते दिनों प्रेसनजीत पांडे द्वारा पंचायत के कर्मचारी दुर्गेश यादव को चाय लाने के लिए शाम 6 बजकर 15 मिनट को फोन किया गया व चाय मंगाई गई वहीं दुर्गेश यादव उस समय छुट्टी के बाद घर जा चूका था व वह चाय नहीं ला सका तो दूसरे दिन लेखपाल द्वारा दुर्गेश यादव व राहुल महोबिया का नाम कार्य निष्ठा से हटा दिया गया और नौकरी से निकालने की बात कही गई। वहीँ गौर करने योग्य बात यह हैं की लेखपाल प्रेसनजीत पांडे द्वारा अपने पसंदीदा कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर पंचायत परिषद मे शराब का सेवन भी किया जाता है, व कार्यलय मे गाली गलोच भी की जाती है। वही इसकी शिकायत पंचायत कर्मचारीयों ने धरसींवा विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी समेत मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविंद्र शुक्ला से की है। वही लेखपाल प्रेसनजीत पांडे ने कहा मेरे ऊपर लगाए नये आरोप निराधार है, किसी को नौकरी मे रखने या निकलने का पावर मेरे पास नहीं है यह पावर सीएमो के पास हैं आप उन्ही से बात कर लीजिये। वही सीएमओ रविंद्र शुक्ला ने कहा कि अभी किसी को नौकरी से नहीं हटाया जायेगा, अभी दोनों मामले की जांच होंगी उसके बाद ही निर्णय लिया जायेगा।

# सिमगा जनपद सीईओ की मनमानी से नाराज शिवसेना ने किया घेराव

- जनपद सीईओ के पुतला दहन से पहले ही प्रशासन आया हरकत में मांगे हुई पूरी

पायनियर संवाददाता < सिमगा
www.dailypioneer.com




ब्लाक के ग्राम पंचायत हथबंद मामले पर शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यदु के निर्देशन मे शिवसैनिकों ने हथबंद ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के साथ मिलकर सिमगा जनपद सीईओ पंकज देव के कार्यालय का घेराव करने सिमगा के जयस्तंभ चौक से सैंकड़ों की संख्या में भ्रष्टाचार बंद करो, प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगी, जनपद सीईओ हाय हाय के नारे लगाते हुए पैदल मार्च प्रदर्शन करते जनपद कार्यालय के मेन गेट पर बैठ गए। कुछ देर प्रदर्शन के बाद शिवसैनिक आक्रोशित हो गये और जनपद सीईओ पंकज देव के पुतले को जलाने जनपद कार्यालय में घुसने लगे आनन फानन में सिमगा थाना प्रभारी ध्रुव कुमार मारकंडेय ने शिवसैनिकों को रोका और मान मनौव्वल करते हुए प्रदर्शन कारियो में से ही कुछ पदाधिकारीयो को मध्यस्थता करने अनुरोध किया जिसके बाद एसडीएम टीआर माहेश्वरी, तहसीलदार बलराम तंबोली, के समक्ष सीईओ पंकज देव ने लिखित आदेश जारी कर हथबंद ग्राम पंचायत में शौचालय आवास योजना में हुए गड़बड़ी की जांच कर दोषी पर कार्रवाई कराने, उपसरपंच के खिलाफ लगे धारा 40 पर एक सप्ताह में जांच कराने व आरक्षित वर्ग के पंच को पंचायत का प्रभार तीन दिनों में सौंपने व प्रभारी सरपंच अशोक दुबे के द्वारा किए गलत कृत्यों पर कार्रवाई करने बात कही तब जाकर शिवसैनिक शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त किया।प्रदर्शन करने वालो में मुख्य रूप से जिला महासचिव ओमकार वर्मा, मुकेश साहू, जिला सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, राजेश घृतलहरे, रोहित देवांगन, रामसिंह सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य रामप्यारी निषाद, भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष सीमा देवांगन, ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश पाल, तिल्दा-नेवरा ब्लाक अध्यक्ष बद्री प्रसाद वर्मा, सचिव कामता निर्मलकर, केसदा शक्तीकेंद्र अध्यक्ष ज्ञानसिंह सागरवंशी, हथबंद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ध्रुव, महिला सेना सरोजनी ध्रुव, पुर्व सरपंच विद्या वर्मा, पंच मुलचंद टंडन, नरेंद्र अनंत, नरेंद्र ध्रुव, ललिता जोगी, आरती जांगड़े, रुबि यादव, संजय वर्मा, जित्तू यादव, सोनऊ पटेल, तिलक यादव, सतनाम सिंह, संतोष ध्रुव, जितेंद्र साहू, राजू पाल, आशिष पटेल, यशवंत ठाकुर, गोवर्धन, चुरावन , मनोज, रोहित आदि उपस्थित थे।

# कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी पर विधायक शर्मा ने मंडल को सशक्त करने चर्चा की

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी के अवसर पर पार्टी के द्वारा कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत मंडल को सशक्त बनाने व बूथों को सक्रिय करने भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा भाटापारा ग्रामीण मंडल के ग्राम मल्दी एवं जेठानी के बूथों में प्रवास कर, बूथ के सदस्यों से संगठन को मजबूत करने चर्चा की साथ ही गाँव में जन चौपाल लगाकर गाँव के किसान, महिला समूह व युवाओं से चर्चा की। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह भाजपा के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इस अवसर विधायक ने बूथ कार्यकताओं की बैठक लेकर बूथ को सक्रिय कर मजबूत करने कार्यकताओं से चर्चा कर मेरा बूथ सबसे मजबूत के नारे को सार्थक बनाने के लिए प्ररित किये।

कार्यकताओं की बैठक के बाद गाँव के चौक में जन चौपाल लगा कर गांव के किसान, महिला समूह व युवाओं से संवाद किये और कहा कि कांग्रेस ने ना सिर्फ किसानों को ठगा है बल्कि समाज के हर वर्ग को धोखा दिया है विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र जारी कर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा कांगेस ने किया था मगर आज तक किसी बेरोजगार युवा को बेरोजगारी भत्ता नही देकर प्रदेश के युवाओं को ठगा है, धान की समर्थन मूल्य व बोनस के नाम पर किसानों को ठगा है, महिला समूह को कर्जा माफी के नाम पर ठगा है और जनता को पुर्ण शराब बंदी के नाम पर ठगा है। कांग्रेस के शासन काल में आज प्रदेश की स्थिति बहुत चिंताजनक हो गई है, भूपेश सरकार ने राज्य को कर्ज में डुबो दिया है जिसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पडेगा, भूपेश सरकार जनता को मात्र गुमराह करने का काम कर रही है जिसके कारण राज्य की विकास कार्य ठप्प पड़ गई है। बैठक में कार्य विस्तारक के रुप में भाजपा जिला मंत्री महाबल बघेल भी उपस्थित था। कार्यकताओं में प्रमुख रुप से राम कुमार साहु, रामाधार वर्मा, दुर्गा प्रसाद वर्मा, राकेश वर्मा, सियाराम साहु , बृजलाल यादव, शत्रुघ्न वर्मा, धनुष वर्मा, नेतराम वर्मा, भोला वर्मा, दानी साहू, भुषन पांडे, गंगा प्रसाद वर्मा, भरत यदु, ओमप्रकाश वर्मा, भरत ध्रुव, टीकाराम यादव, यश देवांगन, गोविन्द यदु, डेविड वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा सहित बूथ के सदस्य गण उपस्थित थे।

# छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती सायकल योजना के तहत राज्य शासन द्वारा प्रदत्त शासकीय कन्या विद्यालय भंवरपुर में सरायपाली विधायक व अनु.जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष किस्मत लाल नन्द द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण पटेल, सुरेंद्र वैष्णव, सत्या भोई, नवधा नायक, युधिष्ठिर कर, सेठ सर, छुईपाली ब्लॉक अध्यक्ष बलराम भोई, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह पारेश्वर, युवा कांग्रेस नेता प्रेम पटेल, हीरू चौरसिया व भारी तादाद में छात्राएं व पालकगण उपस्थित थे।

## जिलें के 6 विकासखण्डो के 90 गावों में होगा आयोजन

# कला जत्था के माध्यम से होगा शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर डोमन के मार्गदर्शन में जनसम्पर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु गांव-गांव में मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के कुल 90 गावों में, प्रत्येक विकासखण्ड में 15 -15 गावों का चयन कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक दिन 3 गांव में लगभग डेढ़ से दो घंटे का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मई 2022 से होगा।इसके तहत 29 मई को विकासखंड बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम पहंदा, दशरमा, पुरैना खपरी,भाटापारा में ग्राम सूरजपुरा,दतरेंगी,दतरेंगा, कसडोल सेमरिया,कोसमसरा,टेमरी 30 मई को विकासखंड बलौदाबाजार में मोहतरा, रसेड़ा, डमरू,भाटापारा में कडार, जरहागांव,श्रृंगारपुर ,कसडोल में मुढ़ीपार,अर्जुनी, बल्दाकछार, 31 मई को बलौदाबाजार अंतर्गत मगरचबा, सकरी, बिनौरी,भाटापारा से सेमराडीह,निपनिया, भरतपुर, कसडोल से कोट, छरछेद, छांछी,1 जून को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत कुकुरदी,पौसरी, करमदा, भाटापारा से तरेंगा,पेन्ड्री, मांचाभाट, कसडोल से बैगनडबरी, बिलारी (क), असनींद,2 जून को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत पनगांव, बिटकुली, डोटोपार, भाटापारा से खम्हरिया, खैरा, राजाढार, कसडोल से पोंड़ी, सण्डी, देवतराई, 3 जून को विकासखंड पलारी अंतर्गत अमेरा, छेरकापुर, मल्लिन, सिमगा से बनसांकरा, बैकोनी, चंदेरी, बिलाईगढ़ से टुन्ड्री, पवनी, खजरी, 4 जून को विकासखंड पलारी अंतर्गत रसौटा, कोसमंदी, केसला, सिमगा से चौरेंगा, दामाखेड़ा, दरचुरा, बिलाईगढ़ से पुरगांव, मल्दी, गोविन्दबन, 5 जून को विकासखंड पलारी अंतर्गत कुसमी, गिर्रा, कोदवा सिमगा से किरवई, तुलसी, धमनी, बिलाईगढ़ से गिरसा, गोपालपुर, मुच्छमल्दा, 6 जून को विकासखंड पलारी अंतर्गत रोहांसी, ओड़ान, वटगन, सिमगा से करहुल, विश्रामपुर, ढेकुना, बिलाईगढ़ से बिलासपुर, मनपसार, गाताडीह, 7 जून को विकासखंड पलारी अंतर्गत सलौनी, कानाकोट,बांसबिनौरी, सिमगा से लिमतरा, संजारी नवागांव, रोहरा, बिलाईगढ़ से सरसींवा, पेण्ड्रावन, बालपुर शामिल है। कलेक्टर ने संबंधित सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं एसडीएम को आवश्यक तैयारी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए है।

### पेंशन योजनाओं की शिकायतों का निराकरण करने ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएगी बैठक

**धमतरी।** कलेक्टर पी.एस. एल्मा के निर्देशानुसार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, यूडीआईडी कार्ड संबंधी एवं अन्य विभागीय योजनाओं के उचित क्रियान्वयन तथा जनप्रतिनिधियों व हितग्राहियों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने जनपद पंचायत स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// मैन्युअल प्रथम निविदा सूचना क्रमांक-06 //**

क्रमांक 1071/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022-23 राजनांदगांव, दिनांक 25/05/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'द' में दर्शित जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों के स्वीकृत रू. 10.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्यों का सम्पादन करना, हेतु दर प्राप्त करने जोनल निविदा दिनांक 08.06.2022 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 08.06.2022 सायं 5.30 तक |
|---|---|---|
| जनपद पंचायत राजनांदगांव | 20.00 | कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रा.यां.सेवा संभाग राजनांदगांव |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://resworks.gov.in में दिनांक 23.05.2022 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

G- 91542/3

## सीएम भूपेश के कथन को सार्थक साबित कर रहे हैं महोबे, उतर रहे हैं उम्मीदों में खरा

# अमृत खलखो के बाद जिले के दूसरे कलेक्टर बने महोबे, जिन्होंने सफलतम 2 साल पूरे किए








रवि भूतड़ा ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के अब तक के सबसे सफ्लतम और संवेदनशील कलेक्टर कहे जाने वाले जनमेजय महोबे ने आज अपने कार्यकाल के 2 साल पूरे कर लिए हैं। अमृत खलखो के बाद जनमेजय महोबे दूसरे ऐसे कलेक्टर बन गए जिन्होंने जिले में अपना सफ्ल 2 साल पूरा किया हैं। जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि हैं। किसी भी कलेक्टर का जिले में 2 साल से अधिक रहना, इस बात का परिचायक होता है कि शासन की योजनाओं का जिले के हर आखिरी व्यक्ति को लाभ मिल रहा है, और योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जा रहा हैं। ऐसा ही कुछ इन दो सालों में कर दिखाया है कलेक्टर जनमेजय महोबे ने। अपने इन दो साल के कार्यकाल के दौरान श्री महोबे ने शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही को मिले और लोगों को हो रही समस्याओं के समाधान पर ही फोकस किया हैं। शायद यही वजह से जिला आगमन के दौरान कई दफा सूबे के मुखिया भूपेश बघेल ने कलेक्टर की पीठ थपथपाई हैं। चाहे वह लॉ इन ऑर्डर की स्तिथि सम्भालने के लिए हो या फिर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए हो। सीएम भूपेश बघेल का दौरा जब भी बालोद जिले में हुआ हैं, तब-तब आगमन से लेकर वापसी तक प्रसन्नता भरी मुद्रा में ही उन्होंने उड़ान भरी हैं।

**योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर देखने मिल रहा**

राज्य सरकार की सबसे महत्त्वकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बाड़ी योजना एवं गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर यहां देखा जा सकता हैं। कलेक्टर श्री महोबे के कुशल मार्गदर्शन में जिले के गौठान अब मल्टी एक्टिविटी सेंटर में तब्दील हो रहे हैं। महिलाओं गौठानो से जुड़कर विभिन्न तरह की गतिविधियों से जुड़ अच्छी खांसी आमदनी अर्जित कर रही हैं। जिले की महिलाएं स्वालंबी बन रही हैं। कलेक्टर श्री महोबे स्वयं गौठानो का आकस्मिक निरीक्षण कर समय समय पर कमियों व अव्यवस्थाओं को सुधारने सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित करते रहते है। यहां तक कलेक्टर में 2 गौठानो को गोद भी लिया है। जिसकी मॉनिटरिंग वे खुद करते है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के कई गौठानो में आज समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे हर्बल गुलाल, गोबर के दिये, फिनाइल, मुगीर्पालन, रक्षाबंधन के समय अनाज व सब्जियों की आकर्षक राखियां, सेनेटरी पेड, गोमूत्र, आचार, दोना-पत्तल और बाड़ी योजना से जुड़कर ड्रैगन फ्रुट की खेती, मक्के एवं सब्जियों की खेती साथ ही कई प्रकार की सामग्रियों का निर्माण कर उसका विक्रय कर अच्छा खासा मुनाफा कमा रही हैं। कलेक्टर अपने दौरे के दौरान समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित भी करते रहे है।

**लॉकडाउन के दौरान आंगनबाड़ी में नौनिहालों को मिला गर्म भोजन**

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जनमेजय महोबे की पहल और मार्गदर्शन से महिला बाल विकास विभाग द्वारा लॉकडाउन के दौरान भी आंगनबाड़ी के नौनिहालों व गर्भवती-शिशुवती महिलाओं को गर्म भोजन टिफिन के जरिये घर पहुचाकर दिया गया। जिसका असर हुआ कि बीते 2 साल में कुपोषण की दर में 6 प्रतिशत की कमी जिले में आई हैं। आपको बता दे कि बालोद प्रदेश का पहला ऐसा जिला है, जहां आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता टिफिन के जरिये घरों तक गर्भवती व नौनिहालों को गर्म भोजन पहुचाया हैं।

**28 हजार 889 मरीज स्वस्थ्य होकर लौटे अपने घरों को**

कोरोना काल का दौर जिला प्रशासन के लिए बहुत चुनौती भरा रहा। उस दौरान मरीजो का मानसिक तनाव दूर करने कलेक्टर श्री महोबे ने अनूठी पहल की थी। जिसकी चर्चा पड़ोसी जिलों में भी हुई थी। कोविड सेंटर में भर्ती रहे कोरोना मरीजो के लिए कलेक्टर श्री महोबे ने आर्केस्टा का आयोजन किया था। खुद श्री महोबे कोविड सेंटरों में जाकर आर्केस्टा कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहकर मरीजो के मानसिक तनाव को दूर करने का प्रयास किया। इसके अलावा कोविड सेंटरों में मरीजो को घर जैसा वातावरण मिले और मानसिक तौर पर खुश रहे इसके लिए भी विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं जिला प्रशासन ने की थी। जिसका नतीजा है कि जिले में 29 हजार 363 संक्रमित मरीजो में 28 हजार 889 मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घरों को लौटे है।

**लोगों से सीधा हैं जुड़ाव**

चाहे कलेक्टर जनदर्शन हो या फिर दौरे के दौरान फरियादियों का कलेक्टर से मिलना हो। हर समय वे फरियादी से मिल उनकी समस्या, मांग व सुझाव को बड़े ध्यान से सुन उसका त्वरित निराकरण करते हैं। जनदर्शन के समय भी एक-एक फरियादी से मिलकर उनकी समस्या सुनते है और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने निर्देशित करते हैं। इसके अलावा समय सीमा की बैठक के दौरान भी सभी विभागों को लंबित आवेदनों का निराकरण करने की बात भी कहते हैं।

**दाना पानी अभियान की शुरुआत**

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भीषण गर्मी को देखते हुए दाना पानी अभियान की शुरुआत की हैं। और सबसे अहम बात की इस अभियान की शुरुआत सबसे पहले बालोद जिले से हुई हैं। पहली बार ऐसा देखा गया है इस अभियान से शासकीय कार्यालयों से जोड़ा गया है। श्री महोबे ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में बेजुबान पक्षियों के लिए ऑपरेशन दाना-पानी की व्यवस्था करने की अपील की। मिट्टी के सकोरे व पशुओं के लिए कोटना की व्यवस्था करवाई। जिसे निकाय क्षेत्रो के प्रमुख चौक-चौराहों में रखवाया गया। इस अभियान का असर यू हुआ कि कुछ सामाजिक संस्थान भी इस दाना-पानी अभियान से जुड़कर जगह-जगह कोटना व मिट्टी के पात्र रखवा रही हैं।

**धान उठाव का बना रिकार्ड अब स्तिथि जीरो शार्टेज की**

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में धान उठाव को लेकर बालोद ने रिकॉर्ड कायम किया हैं। पहली दफ ा खरीदी केंद्रों से इतनी तेजी से धान का उठाव किया गया हैं। जिसकी वजह से जिले में जीरो शार्टेज की स्तिथि देखी जा रही हैं। कस्टम मिलिंग में भी तेजी से चावल जमा किया जा रहा है। आपको बता दे की खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर जिले के 138 धान उपार्जन केन्द्रों में 51 लाख 94 हजार 691 क्विंटल की खरीदी की गई हैं। जहाँ सिर्फ 3 केंद्र दर्रा, माहुद/अ और गब्दी में लगभग 1200 क्विंटल धान का उठाव शेष हैं।

**शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर दिया जोर**

कोरोना की इस लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार वैक्सीनेशन ही रहा। कलेक्टर ने जिले में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर जोर दिया गया। जिसके लिए नित नए महाअभियान चलाए गए। मंडई मेला का भी आयोजन कर लोगो को जागरूक किया गया। सभी विभागों को इस महाअभियान से जोड़ अधिकारियों को दायित्त्व देकर लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। जिसका ही नतीजा है कि जिला शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की ओर अग्रसर हैं।

## गुंडरदेही में व्यापारियों एवं आमजनों के साथ हुई मारपीट निंदनीय : अभिषेक शुक्ला

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत बालोद के पूर्व सभापति अभिषेक शुक्ला ने गुंडरदेही की घटना की निंदा करते हुए कहा दोषियों पर कड़ी कार्यवाही कर त्वरित गिरफ्तारी की मांग की हैं। गुंडरदेही में बंद के दौरान घटित घटना की जितनी भी भर्त्सना की जाय कम है। व्यापारियों व आम लोगों को दौड़ा दौड़ा कर दुकान मे घुसकर उनके साथ मारपीट करना निंदनीय एवं शर्मनाक है। व्यापारी विभिन्न संगठनों के आह्वान पर अपनी प्रतिष्ठान बंद रख कर उनका सहयोग करता है। उसके बदले व्यापारियों के साथ मारपीट करना गलत है। जिले में सामाजिक सौहाद्र बिगड़ते जा रहा है जो भविष्य में चिंता का विषय है। इसे समय रहते इस तरह के उपद्रवी लोगो पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

**लचर होती प्रशासनिक व्यवस्था**

अभिषेक शुक्ला ने कहा सोचनीय बात है की बंद के आह्वान पर जिले की प्रशासनिक व्यवस्था क्या यही थी..? चौक चौराहे पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी व कर्मचारी जिनकी ड्यूटी लगाई गई थी, सिर्फ मूकदर्शक बनकर खड़े रहे। उनके आंख के सामने इस तरह की घटना होने के बाद भी उनकी चुप्पी बड़े संदेह की ओर इशारा करता है। प्रशासन को लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने के बजाय गुंडागर्दी करने वालों को श्रय देना क्या मजबूरी थी। समझ से परे है या ये भी समझने का विषय है कि किनके आदेश पर सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी अपने हाथ में हाथ बांधे खड़े हुए थे। श्री शुक्ला ने आरोप लगाया है कि जिले में प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। ऐसा लगता है कि इस तरह उपद्रव करने वाले लोगों में पुलिस का डरभाव खतम हो गया।

## मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से लोगों को मिल रहा लाभ, नाटक दिखा कर रहें इलाज

पायनियर संवाददाता ➤ मनोरा
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना से लोगों को मिल बड़ा लाभ मिल रहा है। लोगों को नृत्य की प्रस्तुति दिखा कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रस्तुति को देख लोग इलाज के लिए भारी संख्या में आ रहे हैं। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा गांव -गांव में लगने वाले बाजार के दिन हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी जाती है और वहां बीपी, सुगर, मलेरिया, टाईफाइड,खुन जांच आदि का निःशुल्क जांच किया जाता है और निशुल्क दवा दी जाती है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की जानकारी सभी मितानिन , मितानिन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक के द्वारा दिवाल लेखन, रैली, नुक्क ड़, नाटक, के माध्यम से हर टोले पारे में प्रचार -प्रसार किया जा रहा है। इसी तरह शु वार को मनोरा विकास खंड के मुख्यालय में सप्ताहिक बाजार में मितानिनों ने मुख्यमंत्री हाट बाजार का कार्य म रखा और लोगों भीड़ बढ़ती गई। मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना से लोगों को डबल फायदा हो रहा है एक तो निःशुल्क इलाज और दूसरा नृत्य देखने को मिल रहे हैं। प्रशिक्षक, कलावती नायक, नेमनी बाई,मटिल्डा केरकेट्टा, सुखमई बाई, बेनेदिक्त ा कुजूर जयमनी बाई, एवं ब्लाक समन्वयक अनिता विश्वकर्मा के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं शराब पीने से बचाव के लिए नाटक प्रस्तुति किया गया। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के बारे में बेनेदिक्त ा कुजूर ने जननी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी दी साथ ही मटिलडा ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। जयमनी बाई हमर पारा हमर क्लीनिक योजना से टोला पारा में लोगों को जानकारी दे रहे हैं। और वही सुखमईत बाई हाट बाजार क्लीनिक योजना के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। कलावती नायक और नेमनी बाई टी,बी बिमारी के संबंध गांव -गांव जानकारी दे रहे हैं। अनिता बाई बीसी के द्वारा इस कार्य म को सफल बनाने में जगेश्वर भगत जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम जशपुर, मति अनिता विश्वकर्मा ब्लाक समन्वयक विकास खंड मनोरा, ग्राम पंचायत मनोरा ,एवं ग्राम पंचायत कांटाबेल के सरपंच सचिव का विशेष योगदान रहा। डा, उमेश कुमार बलानी,डा, होम्योपैथिक चिकित्सक,डा हेमन्ती यादव, आर,एम ए, संतोषी अग्रवाल ए एन एम, ललिता पैंकरा,एस,एन, अमित गुप्ता एल,टी, के द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं उपचार किया गया।

## वरिष्ठ आईएफएस एवं जेजेएम के डायरेक्टर अमित शुक्ला अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान पहुंचे बालोद

**जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर लिया जायजा, जल वाहिनी बहनों से हुए रूबरू, अधिकारियो को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के डायरेक्टर वरिष्ठ द्धस्नस् अमित शुक्ला गुरुवार को अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान बालोद पहुचे। जहां उन्होंने ग्राम सिवनी, दरीटीला, कोसमी और भटगांव में जारी जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान शुक्ला ने पानी टंकी निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। आंगनबाड़ी में भी नल कनेक्शन व पानी का जायजा लिया। ग्राम कोसमी में पानी की शिकायत मिलने पर अधिकरियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम सिवनी के पंचायत भवन में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे रूबरू होकर उनसे चर्चा की। इस दौरान जल वाहिनी बहनों ने श्री शुक्ला के समक्ष पानी की टेस्टिंग भी की। जल वाहिनी से मिलकर उनके कार्यो के बारे में भी श्री शुक्ला ने पूछा। वही शुक्ला ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पीएचई विभाग के अधिकारियों की भी बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जनमेजय महोबे, जेजेएम के आलाधिकारी, पीएचई विभाग के ईई एवं विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे। आपको बता दे कि अमित शुक्ला अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान बालोद पहुचे थे। अमित शुक्ला छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उड़ीसा और त्रिपुरा राज्य के जेजेएम के डायरेक्टर है।

## कला जत्था नाचा दल के जरिये ग्रामीण हो रहे राज्य सरकार की योजनाओं से रु-ब-रु

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जिले के अंदरुनी क्षेत्र में रहने वाले निवासियों तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था नाचा दलों के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जनसम्पर्क संचालनालय के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्री विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में इम्पैनल्ड कला जत्थों के द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम का आयोजन कर शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ताकि जमीनी स्तर पर रहने वाली जनसामान्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सके। बेमेतरा जिले के सभी विकासखण्डों के चिन्हांकित किए गांवों के सप्ताहिक हाटबाजार पहुंचकर कला जत्था की टीम योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है। कला जत्था नाचा दलों के द्वारा जिले के बेरला वि.ख. के ग्राम कोदवा, मोहभट्ठा, खिसोरा, खम्हरिया, सिंघौरी, मंजगांव, सोरला, बहेरा, बेरला, पिरदा, देवादा, माटरा, भांठासोरही, सिंवार, बहेरघट, डंगनिया, भिलौरी, सरदा, टकसिवां, सिलघट एवं साजा विकासखण्ड के ग्राम पेंड्री, करमु, भनौरा, केशतरा, टेढ़ी, खपरी, केंवतरा, सुवरतला, भरदा, मोहगांव, अकलवारा, डोंगीतराई, घोटवानी, साजा सहित अन्य गांवों में चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव तथा संवेदना सामाजिक संस्था द्वारा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मनोरम प्रस्तुति दी जा चुकी है तथा कला जत्था/नाचा दल महतारी के कोरा संस्थान द्वारा बेमेतरा विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है।

## कलेक्टर ने किया ग्राम छटन में गौठान, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर षासकीय उचित मूल्य की दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुंगेली विकासखंड के ग्राम छटन में सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान का निरीक्षण कर आजीविकामूलक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा बाड़ी में सब्जी उत्पादन, गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और तालाब में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने उनके कार्यों की सराहना की और आर्थिक समृद्धि के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक आजीविकामूलक गतिविधियों में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गौठान के चारागाह में हरा चारा लगाने और मुर्गी शेड, बकरी शेड और मशरूम शेड हेतु कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ सिंह ने ग्राम छटन में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, षासकीय उचित मूल्य की दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस में स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने षासकीय उचित मूल्य की दुकान में संधारित पंजियों का अवलोकन किया और राषन की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नियमित पोषण आहार देने के निर्देष दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, एसडीएम मुंगेली अमित कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रं./661/न.पा./लो.नि.वि./2022-23 बेमेतरा, दिनांक 27.06.2022

**// मैनुअल निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार एवं फर्मो से निविदा प्रपत्र "अ" में लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. दर 01.01.2015 से प्रभावशील द्वि लिफाफा पद्धति में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सील बंद लिफाफा दिनांक 17.06.2022 तक निविदा दर आमंत्रित किया जाता है।

| क्रं. | कार्य का नाम | राशि लाख में |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रं. 20 कबीर कुटी के पास शौचालय निर्माण कार्य | 5.00 |
| 2. | वार्ड क्रं. 20 कबीर कुटी के पास मंच एवं कक्ष निर्माण कार्य | 7.35 |
| 3. | वार्ड क्रं 20 कबीर कुटी के पास किचन शेड निर्माण कार्य | 3.00 |

टीप :- निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी / निविदा प्रपत्र "अ" में कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा


**विभागीय निष्क्रियता के चलते बढ़ा नशीली दवाओं का कारोबार**

## ड्रग व केमिस्ट विभाग की सक्रियता का अभाव, फार्मेसी विडंबना पर नहीं लग रहा लगाम

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




अच्छी जिंदगी के पहिया को दोडाते रहने के लिये स्वस्थ्य जीवन के साथ साथ स्वस्थ्य शरीर का भी होना अतिमहत्वपूर्ण होता है जो की हमारे जीवन की सबसे बड़ी मूल भूत आवश्यकता है। किसी भी घर मे कोई भी एक सदस्य बीमार पडता है तो उस घर के हर सदस्य को मानसिक व अर्थिक प्रभाव भी पडता है। इस कारण स्वस्थ्य शरीर बीमारी का घर बने उससे पहले लोग अधिकृत डाक्टर के चिकित्सा परामर्श से दवा लेकर बीमारी को दूर भगाकर स्वस्थ्य जीवन शैली जीने की कामना व आकांक्षा मन मे संजोकर रखता है लेकिन चिकित्सा व मेडिसिन के क्षेत्र मे कुछ ऐसे भी पहलू व खामिया उभरकर आती है जिसे आम इंसान चाहकर भी कुछ नही कर पाता है, शासन द्वारा ड्रग व केमिस्ट विभाग का बनाया तो गया है लेकिन इनकी सक्रियता अभी तक जमीनी स्तर पर नही के बराबर होने के कारण कई फार्मेसी संस्थायें दवाइयों के विक्रय मे शासन के मापदंडों का पालन करते नजर नही आते जिसके फलस्वरूप वह कई बार स्वयं के मनोपल्ली पर उतारू नजर आते है। गौरतलब है कि कुछ दवाईयों को अधिकृत डाक्टर के अनुमति बिना फार्मेसी संस्थाये विक्रय नही कर सकतें है लेकिन कुछ ऐसी संस्थाये होती है जो बिना डाक्टरी सलाह के दवायें विक्रय कर देते है जिससे कई बार विषम स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

**पिछले 10 सालों कि तुलना मे शहर मे 50 से अधिक फमेशी**

गौरतलब है कि शहर की बढती आबादी व औद्योगिकीकरण के चलते पहले कि तुलना मे 50 से अधिक मेडिकल संस्थाये खुल चुकी है, परंतु सम्बंधित विभाग द्वारा समय समय पर शासन के निर्धारित मापदण्डों के पालन को लेकर जाँच नही किया जाता इसी कारण भाटापारा मे लम्बे समय से किसी भी मेडिकल संस्था के खिलाफविधि अधिनियम के उल्लंघन को लेकर कोई ठोस कारवाई भी नही किया गया, जबकि संचालित फार्मेसीयों के पास अधिकृत लाईसेन्स है भी या नही जो की ड्रग व केमिस्ट अधिनियम के अंतर्गत जिसके नाम से लाईसेंस निर्धारित रहता है वह फार्मेसी के संचालन हेतु अधिकृत उसी को किया गया रहता है।

**अमानक स्तर की दवाई की शिकायत**

गौरतलब है की विभाग द्वारा समय समत पर जाँच व कारवाई नही हो पाने के कारण कई अमानक स्तर की दवाईयाँ भी बाजार मे चलन मे आ जाती है जिसके कारण आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है।

**दवाइयों की कीमत का कोई निश्चित मापदंड नही**

गौरतलब है की मेडिकल संस्थाओं मे एक दिन मे कई लाखों रुपये की दवाई वि य किया जाता है परंतु इन संस्थाओं द्वारा मरीजों व परिजनों को उपलब्ध कराये गये दवाइयों के कीमत का कोई निश्चित मापदंड नही होने के कारण मरीज व उनके परिजनों के बीच संशय की स्थिति बनी रहती है चूकि कई बार सम्बंधित दवाईयाँ जो मेडिकल उपलब्ध कराता है वही दवाई अन्य मेडिकल मे कई बार सस्ते व रियायत दर पर उपलब्ध हो जाती है।

**आपात मेडिकल का निश्चित समय तय होना चहिये**

मेडिकल सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली सुविधा होती है परंतु वही प्रायः देखा जाता है की बीमारी के हालात मे शरीर मे कौन सी तकलीफ कब उठ जाये और कौन सी दवा की कब कहा जरूरत पड जाये यह कोई नही जानता, कई बार देखने व सुनने मे भी आता है की सम्बंधित मरीज सही समय मे सही मर्ज व दवा के अभाव मे अपना भरा पूरा परिवार छोडकर हमेशा के लिये स्वर्ग सिधार गये, ऐसे परिस्थितियों का सामना करने हेतु आपातकालीन मेडिकल सुविधा का निश्चित समय तय किया जाना चहिये व उपलब्ध नही कराये जाने पर लाईसेंस निरस्त कर कडी कारवाई भी किया जाना चहिये।

**ड्रग व केमिस्ट विभाग की भूमिका शून्य**

गौरतलब है की शहर व ग्रामीण क्षेत्रो को मिलाकर 70 से 80 मेडिकल संस्थाये संचलित है परंतु ड्रग व केमिस्ट विभाग द्वारा अभी तक एक भी कारवाई सुनने व देखने मे नही आयी जिसके कारण मरीजों व उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक नुकसान भी कई बार उठाना पडता है।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल नारायणपुर जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

(Phone/Fax No.:- 07781-252245 E mail ID:- csnarayanpur@gmail.com)

क्रमांक/239/स्था./सि.स.स.अ.अ./2022 नारायणपुर, दिनांक 25/05/2022

**// निविदा सूचना //**

वर्ष 2022-23 में 100 बिस्तर युक्त जिला चिकित्सालय नारायणपुर, जिला नारायणपुर छ.ग. में भर्ती अंत आंतरिक रोगियों एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रसुता महिलाओं के पौष्टिक भोजन मेडिकल मेन्युअल अनुसार पंजीकृत फर्म/संस्थाओं/समूह/एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र NIC के Website पर आनलाईन अपलोड किया जाना है, फार्म डाउनलोड करके राशि रूपये 1000/-(अक्षरी रूपये एक हजार मात्र) की डी.डी. सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय नारायणपुर (छ.ग.) के नाम से बनाकर निविदा फार्म के साथ जमा किया जाना होगा। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 03.06.2022 को होगा।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 03.06.2022 समय दोपहर 05:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 13.06.2022 समय दोपहर 03:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 13.06.2022 समय दोपहर 04:00 बजे

स्थान - सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक कार्यालय जिला अस्पताल नारायणपुर छ.ग.

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

G- 91526/3

संपादकीय

## चर्चा का विषय
## रेस्टोरेंटों में सेवा शुल्क

**सरकार** रेस्टोरेंटों के बिलों पर 'सेवा कर' या सेवा शुल्क लगाने के विवादास्पद विषय पर चर्चा करने जा रही है। टिप देने का अर्थ केवल वेटर को कुछ पैसा देना भर नहीं है। अतीत में इस पर वैचारिक संघर्ष हुए हैं। आज सरकारों ने इसे रेस्टोरेंट संचालकों पर डाल दिया है तथा इसे वेटरों के श्रम के खिलाफ ग्राहकों के अधिकार का मामला बना दिया है। 2 जून को उपभोक्ता मामलों का विभाग तथा नेशनल रेस्टोरेंट्स असोसियेशन आफ इंडिया इस विवादास्पद विषय पर विचार करेंगे कि क्या भारत में भोजनालय सेवा शुल्क प्राप्त करते हैं जिसे कानूनी शब्दावली में टिप कहा जा सकता है, भले ही यह स्वैच्छिक ही क्यों न हो। सवाल है कि क्या रेस्टोरेंट ग्राहकों को सेवा शुल्क के लिए 'मजबूर' करते हैं? कम से कम भोजनालयों के खिलाफ यही आरोप है। दूसरे, कहा जाता है कि सेवा शुल्क मनमाने तरीके से तय होता है। भोजनालयों पर ग्राहकों को सेवा कर की वैधता के बारे में भ्रमित करने का भी आरोप है। सेवा शुल्क ग्राहक तथा वेटर या सेवा करने वाले कर्मचारियों के बीच लेनदेन है। इसमें कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को सेवा देना तथा यदि वे प्रसन्न हों तो कर्मचारियों को टिप देना शामिल है। जब टिप को एक शुल्क के रूप में बिल का हिस्सा बना लिया जाता है तब इसे सेवा शुल्क कहते हैं। रेस्टोरेंट इस लेनदेन में शामिल नहीं हैं, हालांकि वे व्यक्तिगत रूप से टिप के बजाय ग्राहकों से स्वैच्छिक सेवा शुल्क वसूलने में सहायता करते हैं। ऐसे में सवाल है कि वार्ता के लिए केवल रेस्टोरेंट संस्थानों को क्यों बुला रही है, कर्मचारी यूनियनों को नहीं? अनेक ग्राहक सेवा शुल्क से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और बहुत से लोग अब भी सेवा कर व सेवा शुल्क के बीच भ्रमित हैं।

बहुत से लोगों को विश्वास नहीं है कि रेस्टोरेंट ने जीएसटी व अन्य टैक्स वसूलने से पहले सेवा शुल्क की गणना की गई है। रेस्टोरेंटों का तर्क है कि वे बिल तथा मेन्यू कार्ड पर सेवा शुल्क व जीएसटी दर्ज करने की अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। सरकार अभी इस बारे में निश्चित नहीं है कि क्या सेवा शुल्क पर कर लगना चाहिए। वस्तु एवं सेवा कर के अनुसार सभी सेवायें कर योग्य हैं। क्या इसमें सेवा कर के अलावा सेवा शुल्क भी शामिल है?

सरकार द्वारा 2017 में जारी सेवा कर दिशानिर्देश केवल सलाह है और इसके समर्थन में कोई विधायन नहीं है। ग्राहक संरक्षण कानून, 2019 में टिपिंग या सेवा शुल्क का उल्लेख नहीं है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर सवाल उठता है कि क्या 2 जून की बैठक रेस्टोरेंट मालिकों की संस्था को 'सलाह' देने के सिवा कुछ और प्राप्त कर सकती है? इसके साथ सवाल यह भी है कि वेटर कर्मचारियों के हितों की रक्षा कौन करेगा? टिप से वेटर की क्षमता स्पष्ट होती है। सर्वोत्तम वेटर को सर्वाधिक टिप मिलती है। वास्तव में वेटर ही भोजन व अन्य चीजों के साथ रेस्टोरेंट को लोकप्रिय बनाते हैं। दूसरी ओर सेवा शुल्क सभी वेटरों के लिए समान होता है। उनको एकत्रित शुल्क का समान हिस्सा मिलता है, भले ही उनकी क्षमता का स्तर कुछ भी हो। हालांकि, सभी वेटरों के लिए टिप अतिरिक्त आय है जो उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन करती है। ऐसे मामले हो सकते हैं जहां सेवायोजक सेवा शुल्क का एक हिस्सा अपने पास रख लेते हों। ऐसे में कोई कानून क्यों नहीं बनाया जाता है जिससे वेटरों को दी जाने वाली टिप को वैध बनाया जाए क्योंकि सेवा शुल्क व्यवस्था बहुत जटिल है? यही असली मुद्दा है।

# पाकिस्तानी दमन से नाराज़ बलूच

### बलूच सीपीईसी का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह बलूचिस्तान के बजाय पंजाब-केन्द्रित है। पाकिस्तानी दमन बढ़ने के साथ ही बलूचों में 'आजादी' की आग और भड़क रही है।



**निष्ठा कौशिकी**
(पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)



बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा कब्जे वाला प्रांत है जो देश के कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत है। 770 किलोमीटर की तटीय रेखा वाले बलूचिस्तान की सीमा ईरान व अफगानिस्तान से भी लगी है। दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत तेल ग्वादर बंदरगाह से गुजरता है जो हर्मुज जलडमरूमध्य के निकट है। पाकिस्तान की एकीकृत राष्ट्रीयता का मुकाबला बलूचों, पख्तूनों व सिंधियों के नस्ली-राष्ट्रवाद से है जो पाकिस्तान बनने के बाद से अपने राजनीतिक व आर्थिक हाशियाकरण के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। पंजाब-केन्द्रित योजनाओं तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी के अंतर्गत परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य तथा 'आजादी' की मांग करने वाले बलों के बीच टकराव और तेज हुआ है।

सीपीईसे से जुड़ी परियोजनाओं तथा अनेक अन्य विकास परियोजनाओं द्वारा ग्वादर बंदरगाह के अधिग्रहण तथा इनसे बलूच फर्मों, कामगारों व मछली पकड़ने वालों को बाहर करने के कारण बलूचिस्तान में पहले से मौजूद लोगों की विभाजनकारी भावनायें भड़की हैं। इसका कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी है। इसके साथ ही ईस्टर्न रूट या चीनी परियोजनाओं को ग्वादर और कराची से जोड़ने वाला मार्ग पंजाब व सिंध के विकसित क्षेत्रों से गुजरता है तथा वह बलूचिस्तान के कई जिलों को बाहर छोड़ देता है। इस कारण बलूचिस्तान की मुख्यधारा पार्टियां पूरी परियोजना का विरोध कर रही हैं तथा उन्होंने अपने लिए 'संपूर्ण आजादी' की मांग की है। क्वेटा में शिया हजारा समुदाय से राजनीतिक भेदभाव भी एक मानवाधिकार मुद्दा है। सुन्नी कट्टरपंथी व नस्लवादी शिया हजारा लोगों को ईरान का जासूस समझते हैं। रावलपिंडी में भेदभाव की नीतियों के चलते शिया हजारा समुदाय का नरसंहार हो रहा है और उनको राष्ट्रीय मीडिया में स्थान नहीं मिल रहा है। इसके पहले पूर्वी पाकिस्तान या बांग्लादेश ही ऐसा एकमात्र क्षेत्र था जो संपूर्ण रूप से पाकिस्तान के अत्याचार से मुक्ति पाने में सफल हुआ।

आज विभिन्न बलूच विद्रोही समूहों ने एकजुट होकर बलूच नेशनल आर्मी-बीएनए या 'आजादी ब्रिगेड' का गठन किया है जिसमें बलूच रिपब्लिकन आर्मी-बीआरए, युनाइटेड बलूच आर्मी व बलूच राजी अजोई संगार-बीआरएएस शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान से अलग कर एक बलूच क्षेत्र की स्थापना हो सकती है। यदि रावलपिंडी के अत्याचार बढ़ते हैं तो बलूच ईरान, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में सभी बलूचों को एकजुट कर 'ग्रेटर बलूचिस्तान' के लिए संघर्ष छेड़ सकते हैं। अनेक नाराज पाकिस्तानी समहों ने शारी बलूच द्वारा सीपीईसी व रावलपिंडी के विरोध के निर्णय का समर्थन किया है। ट्विटर जैसी सोशल मीडिया साइटों पर सिंधी अलगाववादियों ने शारी बलूच की वीरता की प्रशंसा की है। यह एक संकेत है कि बलूच लिबरेशन आर्मी भविष्य में अपना विस्तार कर सिंधी समूहों को भी उसमें शामिल कर सकती है। अब तक बलूच विद्रोही समूह विरोध के पुराने तरीके पर चल रहे थे जिसमें इम्प्रोवाइज़्ड विस्फोटक उपकरणों के साथ मारो व भागो जैसे विरोध शामिल हैं। शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने हमलों की संवेदनशील प्रकृति को बढ़ावा दिया है। इस प्रकार के हमले तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य समूह करते रहे हैं। टीटीपी का लक्ष्य अमीरात पाकिस्तान की स्थापना है जो अफगानिस्तान में तालिबान गतिविधि के समान है। टीटीपी मुख्यतः अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा से अपनी भर्ती करती है और बीएलए के प्रति उसकी सहानुभूति है। लेकिन समस्या यह है कि टीटीपी का जुड़ाव अफगान तालिबान से है और उसे अलकायदा का समर्थन प्राप्त है। इस कारण टीटीपी की भूमिका बीएलए व पाकिस्तान बलों के बीच शतरंज जैसी हो सकती है। ऐसे में क्या यह संभव है कि टीटीपी का नेता नूर वली महसूद बलूच विद्रोहियों से मिल गया हो? अब तक टीटीपी पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम तथा बीएलए पाकिस्तान के दक्षिण में स्वतंत्र गतिविधियां करती रही हैं। लेकिन अब शायद ऐसा न हो। पाकिस्तानी दृष्टिकोण से अफगान तालिबान के कब्जे का अर्थ अमेरिका को बाहर धकेलने के साथ उसके सहयोगियों के लिए कुछ समस्यायें हो सकती हैं, हालांकि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि तालिबान की क्षमतायें व महत्वाकांक्षायें रावलपिंडी के नेतृत्व से निकल कर स्वतंत्र गतिविधियां हो सकती हैं। तालिबान 'मंत्रियों' की ओर से ऐसे बयान आए हैं कि वे 'राष्ट्रीय' व क्षेत्रीय मामलों में स्वतंत्र भूमिका अदा करना चाहते हैं। इसके साथ ही तालिबान 9-11 के बाद वाली घटनाओं का बदला लेने के बारे में सोच सकते हैं जब पाकिस्तान ने तालिबान को चालाकी से कुचलने में अमेरिका के साथ था। ऐसे में अनुमान है कि तालिबान शायद टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई धीमी कर उसे फिर से हथियार प्राप्त करने और उभरने का मौका दें। इसके अलावा वे बलूच विद्रोहियों से भी संबंध स्थापित कर सकते हैं।

2010 के दशकारंभ में तहरीके तालिबान बलूचिस्तान-टीटीबी भी टीटीपी की तरह उभरा था। टीटीबी पाकिस्तानी सुरक्षा बलों तथा कानून-व्यवस्था एजेंसियों से संघर्ष के साथ सभी विदेशियों को बलूचिस्तान से निकालना और पाकिस्तान को रणक्षेत्र बनाना चाहता था। इस संगठन ने स्वदेशी तथा अफगान-पख्तून कबीलाई मूल के विदेशियों की लड़ाकू इकाइयां बनाई थीं। लेकिन बलूच कट्टरपंथी के बजाय परंपरावादी हैं और इसलिए टीटीपी व बीएलए से उनका गठजोड़ बन सकता है। 'आजादी ब्रिगेड' में इस्लामिक स्टेट खुरासान-आईएसकेपी के लोग भी शामिल हो सकते हैं जिससे पाकिस्तान के हितों को और नुकसान पहुंचेगा। हालांकि, अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिक चले जाने के बाद पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना के खिलाफ हमलों की तीव्रता व उनकी संख्या बढ़ी है, पर अफगान तालिबान व हक्कानी नेटवर्क की मध्यस्थता से टीटीपी व पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हमें 2020 की याद दिलाता है जब अलकायदा ने टीटीपी व विभिन्न समूहों के बीच विलय कराया था। टीटीपी के साथ विलय करने वालों में लश्करे झांगवी का एक समूह, हकीमुल्ला महसूद गुट, जमातुल अहरार तथा हिज्बुल अहरार का एक समूह शामिल था। इससे टीटीपी मजबूत हुआ था और उसकी स्थिति काबुल में तालिबान जैसी हो गई थी। रणनीतिक भिन्नताओं के बावजूद युद्धविराम से अनेक सवाल उठे हैं। हो सकता है कि रावलपिंडी बलूचिस्तान में एक और सुन्नी आतंकी समूह खड़ा करना चाहता हो जो पहले बलूच आंदोलन का दमन करे तथा बाद में ईरानी जुंदुल्ला संगठन पुनर्जीवित कर सिस्टान व बलूचिस्तान में अस्थिरता पैदा करे। पाकिस्तान 'विनाशकारी शक्तियों' का प्रयोग दूसरी जगह करना चाहता है। देखना होगा कि बीएलए टीटीपी के साथ मिल कर संघर्ष करता है या पाकिस्तान अंततः अस्थिरता पैदा करने में सफल होता है। लेकिन क्षेत्र में हिंसा बढ़ने पर चीनी सीपीईसी अव्यवस्था का शिकार होगी।

ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान चीन के साथ भी वही खेल खेल रहा है जो उसने अफगानिस्तान में अमेरिका के साथ खेला था? बलूचिस्तान व ईरान में चीनी पैसा व ढांचा आकर्षित कर तथा ईरान को अलग-थलग कर वह अतिवादी समूहों को बलूच नागरिकों तथा ईरानी बलूचों के खिलाफ खड़ा करना चाहता है। क्या यह अमेरिका को भगाने की रणनीति जैसा नहीं है? हिंसा भड़कने पर चीनी परियोजनायें व चीनी नागरिक प्रभावित होंगे। ऐसे में क्या चीनी अपनी परियोजनायें उसी प्रकार छोड़ने पर मजबूर नहीं होंगे जिस प्रकार अमेरिका और नाटो को अफगानिस्तान में अपने हवाईअड्डे छोड़ने पड़े थे?

पाकिस्तान की विदेश व सुरक्षा नीति मुख्यतः भारत-विरोधी दिशा में चलती है। यदि जिहादी संगठनों की संख्या में भारी वृद्धि को इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो इसका लक्ष्य किसी भी प्रकार की सहायता व शक्ति प्राप्त कर भारत को अस्थिर करना है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद अपने यहां पैदा देशी आतंक का शिकार बनेगा और वह स्वयं अपनी कब्र खोदने वाला देश बन सकता है। जोसेफ नाय ने एक बार कहा था, 'महत्वपूर्ण नेता कभ्भी केवल अपने हित प्राप्ति की दिशा में नहीं चलते हैं, उनको अपनी जनता के हितों की भी चिन्ता होती है।' लेकिन इस्लामाबाद ने कभी ऐसा नेता नहीं पैदा किया। और ज्यादा अराजकता, आतंक, बाहरी कर्जों व महंगाई को देखते हुए यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि जल्द ही 'आजाद बलूचिस्तान' का सपना सच होगा।

# रोजगार के आंकड़ों पर विवाद

**अश्विनी महाजन**
(दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर)



साल 2021-22 में मनरेगा नौकरी की मांग कम थी, जिसका अर्थ है कि जो लोग कोविड के बाद गांवों में चले गए, उन्हें शहरी क्षेत्रों में अपनी नौकरी वापस मिल गई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) का कहना है कि हालांकि जीडीपी ने कोविड के बाद वापस उछाल पाया है, लेकिन इसका सबसे बड़ा प्रभाव रोजगार पर पड़ा है। 2019-20 में 40.89 करोड़ के मुकाबले साल 2021-22 में रोजगार केवल 40.18 करोड़ तक पहुंच गया। बेरोजगारी जो 2019-20 में 3.29 करोड़ थी, 2021-22 में 3.33 करोड़ तक पहुंची- केवल 4 लाख की वृद्धि। सीएमआईई का निष्कर्ष है कि हालांकि रोजगार में लगभग 7 मिलियन या 70 लाख की कमी हुई है, मगर बेरोजगारी में वृद्धि केवल 4 लाख है, जो संकेत करता है कि वे लोग जो इस अवधि में बेरोजगार हो गए थे, उन्होंने नौकरी की उम्मीद खो दी है और वे अब नौकरी की दौड़ से बाहर हो गए हैं। गौर तलब है कि कुछ समय के लिए, कुछ कारणों की वजह से, देश में रोजगार संबंधी डाटा एनएसएसओ द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह स्वाभाविक है कि अधिकृत आंकड़ों की अनुपस्थिति में, सीएमआईई जैसे संस्थानों के आंकड़ों ने मीडिया में जगह हासिल की है। हालांकि, उनकी विश्वसनीयता प्रश्नों के घेरे में है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण बेरोजगार को कम से कम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। इसलिए, जब लोग बेरोजगार होते हैं, तो वे मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार पाने के हकदार होते हैं। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति को कहीं भी आकस्मिक रोजगार मिल रहा हो और वह 100 या उससे कम दिनों तक बेरोजगार रहता है तो वह 'मनरेगा' के तहत रोजगार की तलाश कर सकता है।

इसका तार्किक अर्थ यह है कि अगर बेरोजगारी बढ़ती है तो मनरेगा की मांग भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए 2020-21 में शहरों में तालाबंदी और आर्थिक गतिविधियों में गिरावट के कारण रोजगार में कमी आई और लोग गांवों की ओर पलायन कर गए, तो उन दिनों 'मनरेगा' के लाभार्थियों की संख्या लॉकडाउन से पहले महज 5 करोड़ से बढ़कर 7 करोड़ हो गई।



दिलचस्प बात यह है कि जिस अवधि (2021-22) के लिए सीएमआईई-रिपोर्ट बेरोजगारी में वृद्धि की बात कर रही है, मनरेगा रोजगार की मांग वास्तव में पिछले वर्ष की तुलना में 6.55 प्रतिशत कम थी। यानी यह कहा जा सकता है कि कोरोना काल में गांवों में पलायन कर चुके लोगों को शहरी क्षेत्रों में वापस रोजगार मिल गया था. इसी क्रम में अप्रैल 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि अप्रैल 2021 में 2.62 करोड़ लोगों ने 'मनरेगा' के तहत काम मांगा था, जबकि अप्रैल 2022 में मनरेगा के तहत 2.33 करोड़ लोगों ने ही काम मांगा था, यानी, 11.15 फीसदी की गिरावट। विश्लेषकों का मानना है कि मनरेगा के तहत रोजगार की मांग में गिरावट शहरी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने के कारण आई है। यह आंकड़ा सीएमआईई द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें कहा गया है कि लोग रोजगार के अवसरों के नुकसान के कारण रोजगार की उम्मीद छोड़कर श्रम-बल से बाहर चले गए हैं। बेरोजगारी के बारे में अपना मनमाना मूल्यांकन देने के बजाय, सीएमआईई को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए मनरेगा के आंकड़ों पर ध्यान देना चाहिए था।

सीएमआईई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर 2022-23 में 7.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ हासिल कर भी ली जाए तो बेरोजगारी दर नीचे जाने के बजाय और बढ़ेगी। इसके लिए वे जीडीपी के संबंध में रोजगार उतार-चढ़ाव की बात करते हैं। लेकिन हमें यह समझना होगा कि अर्थव्यवस्था में कोविड के बाद की रिकवरी कोई सामान्य रिकवरी नहीं है। यह सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ मूलभूत परिवर्तनों के साथ है। अर्थव्यवस्था के तमाम संकेतक इन बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अंतिम तिमाही में जीएसटी संग्रह का मासिक औसत 1.42 लाख करोड़ था। इस वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022) के पहले महीने में 1.68 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व जीएसटी संग्रह निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था में उछाल की ओर इशारा कर रहा है। मार्च 2022 में, 7.7 करोड़ ई-वे बिल बनाए गए, फरवरी 2022 में बनाए गए 6.8 करोड़ ई-वे बिल से 13 प्रतिशत अधिक। यह स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार को दर्शाता है।


उल्लेखनीय है कि देश में सेमीकंडक्टर्स की कमी के कारण ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम समेत हमारे कई उद्योग प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद, बढ़ता जीएसटी राजस्व अर्थव्यवस्था में विनिर्माण में तेजी का संकेत दे रहा है। यह सच है कि इस अवधि के दौरान आयात में भी वृद्धि हुई है, जिससे जीएसटी का राजस्व बढ़ा है, लेकिन जहां जीएसटी का राजस्व 1.68 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, इस राजस्व में आयात जीएसटी का हिस्सा 36705 करोड़ रुपये है, जो कि मार्च 2021 के आयात जीएसटी से केवल 5608 करोड़ अधिक है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2021 में आयात जीएसटी 31097 करोड़ रुपये था। इसका तात्पर्य यह है कि इस अवधि के दौरान घरेलू व्यवसायों में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जीएसटी में यह भारी वृद्धि हुई है।

## फरमाया



**मुझे** पूर्ण विश्वास है कि भारत-अमेरिकी मैत्री लगातार सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती रहेगी।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** भारत-अमेरिकी साझीदारी को धरती पर निकटतम संबंध तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**हमें** पंजाब के सीएम भगवंत मान पर गर्व है जिन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपी मंत्री को फौरन हटा दिया।

**- अरविंद केजरीवाल**
आप के राष्ट्रीय समन्वयक

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मान का प्रशंसनीय कदम

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी की सरकार ने टेंडर के बदले कमीशन मामले में स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ बर्खास्तगी का कदम उठा कर राजनीति में हलचल मचा दी है। इतना ही नहीं मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कह कर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार को लेकर अपने इरादे भी साफकर दिए। आज राजनीति में कमीशनखोरी को लेकर जिस प्रकार दुकानदारी चलती है उसे रोके जाने की जरूरत है। अब देखना यही है कि मान अपने इरादों में सफल होते हैं या दबाव की राजनीति चलती है। मंत्री की शिकायत पहुंचते ही उन्होंने अपने स्तर से इसकी जांच करवाई और मंत्री सिंगला का पक्ष जाना। मंत्री के गलती मानते ही उन्हें बर्खास्त कर उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। निश्चित रूप से पंजाब में हुई इस कार्रवाई का स्वागत किया जाना चाहिए। आज देश के राजनीतिज्ञों के इस तरह के मामले बहुत आम बात है। मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश की है इसे नजीर मानकर देश के अन्य राज्यों को भी आगे आना चाहिए तभी भ्रष्टाचार मुक्त देश की कल्पना की जा सकती है।

**अमृतलाल मारू**, धार, म.प्र.

## क्वाड का संदेश

**खबरों** के मुताबिक चीन ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है । दूसरी तरफचीन भारतीय सीमा पर बसाहट के साथ साथ एयरपोर्ट, सड़कों, टावरों का निर्माण कर रहा है। पूरा विश्व रूस यूक्रेन युद्ध की मार झेल रहा है । लेकिन चीन की दादागिरी व उसके तीखे तेवरों में कोई नरमी नहीं है । भारत समेत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्र प्रमुखों ने क्वाड बैठक के माध्यम से कड़ा संदेश दिया है कि चीनी ताकत का जोर नहीं चलेगा । लेकिन देखने में आया है कि ऐसी चेतावनी के बावजूद ड्रेगन के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है । ऐसी चेतावनियों को वह हवा में उड़ा देता है तथा मनमर्जी करता रहता है । अब इन सभी देशों को एकजुटता के साथ अपने कड़े संदेश को अमली जामा पहनाना होगा । चीन को यह एहसास कराया जाना होगा कि यह केवल संदेश नहीं है और इसे हल्के फुल्के में लेना उसके लिए भारी पड़ सकता है । क्वाड में अमेरिका ने सीधी चेतावनी दी है कि यदि चीन ने वैसा दुःसाहस करने का प्रयास किया जैसा रूस ने यूक्रेन में किया है तो अमेरिका ताइवान में सैनिक हस्तक्षेप को मजबूर होगा। इस सम्मेलन से भारतीय विदेश नीति की विजय हुई है।

**हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद उज्जैन्र

## समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

.**- राज**, शाजापुर

# कॉलोनाइजर एक्ट का उलल्घन और रेरा नियमो को ताक में रखा भूमाफ़ियाओं ने कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कालोनी पर नकल जारी करने पटवारियों ने कलेक्टर से लिखित में मांगी अनुमति

## लगातार खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आया था प्रशासन, की गई थी नोटिस जारी





जिले में भूमाफिया और पटवारी की साठगांठ से फल फूल रहा कृषि भूमि पर प्लाटिंग का अवैध व्यापार, अब पटवारी भी कर रहे खरीदी बिक्री का खेल

अवैध प्लाटिंग के खेल में मालामाल हो रहे पटवारी, कोई अपनी पत्नी और रिश्तेदार के नाम से ले रहे प्रॉपर्टी



नकल से लेकर नामांतरण और बंटवारे के दाम तय, भ्रष्ट पटवारी जमकर कांट रहे है चांदी

राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की पहली सीढ़ी है पटवारी



कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग का चल रहा खेल, दलालों ने अवैध प्लाटिंग की जमीन बेची खरीदारों को, रजिस्ट्री कराने में आ रहा पेंच

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

पायनियर में लगातार कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग और अवैध तरीके से बसाई जा रही कालोनियां एवं उस पर नकल जारी कर खरीदी बिक्री करने की खबर से जिले में जमीन दलालों व कुछ भ्रष्ट पटवारियों में हड़कंप मचा हुआ हैं। खबरों के प्रकाशन के बाद अब नकल पर स्थानीय प्रशासन ने रोक लगा दी हैं। जिससे अवैध तरीके से बसाई गई कालोनियों में की गई प्लाटिंग पर नकल नही जारी होने से खरीदी बिक्री बंद पड़ी है तो वही ईमानदारों की भीड़ में छिपे कुछ भ्रष्ट पटवारियों की काली कमाई भी रुक गई हैं। जिसकी वजह से अब पटवारी कुछ जमीन दलाल से जुड़कर नकल जारी करने कलेक्टर के समक्ष गुहार लगा रहे हैं। कॉलोनाइजर एक्ट का उलंघन और बिना रेरा पंजीयन के सारे नियमो को ताक पर रख कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कालोनी पर की गई प्लाटिंग में नकल जारी करने पटवारियों ने कलेक्टर से लिखित में अनुमति मांगी हैं। इतना ही नही उन्होंने सीएम भूपेश बघेल के आदेश का हवाला दिया है कि सीएम ने 5 डिसमिल से कम भूखंडों की खरीदी बिक्री की रोक को हटाया हैं। लेकिन आपको बता दे कि सीएम भूपेश बघेल ने ये कभी नही कहा हैं कि बिना रेरा पंजीयन के एवं कालोनाईजर एक्ट निमयों का पालन नही करते हुए अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनियों में की गई प्लाटिंग की खरीदी बिक्री की जाए या उसपर नकल जारी किया जाए। लेकिन जमीन दलाल अपने चहेते पटवारी के साथ मिलकर सीएम के आदेश का हवाला देते हुए अवैध कालोनियों में काटे गए छोटे-छोटे भूखंडों की खरीदी बिक्री का खेल खेल रहे हैं। सीएम के आदेश को अपने मतलब के लिए गलत ढंग से पेश कर अपना काम निकाल रहे हैं।

**खबर प्रकाशन के बाद ही कि गई कार्यवाही**

एक ही खसरा नंबर के छोटे-छोटे टुकड़ों बि ी नकल दिए जाने को लेकर पटवारी संघ का कहना है कि बिना किसी प्रमाण के समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित की जा रही है। जबकि अवैध प्लाटिंग के मामले में समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित करने पर फरवरी माह 2021 में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद द्वारा 32 भूमिस्वामियो को अवैध प्लाटिंग के नाम पर नोटिस जारी किया गया। वहीं जनवरी माह 2022 में अवैध प्लाटिंग को अवैधानिक एवं आपत्तिजनक एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग के विपरीत बताते हुए नगर पालिका प्रशासन ने प्लाट काट काट कर अवैध कमाई करने वालों को नोटिस जारी कर मुरूम रोड एवं चिन्हांकन हेतु लगाए गए सीमेंट पोल को हटाने कहा। यहां तक कि बालोद एसडीएम के नेतृत्व में नगर पालिका और नगर तथा ग्राम निवेश की संयुक्त टीम ने करीब 4 एकड़ की अवैध प्लाटिंग की सड़कें खोदकर कर कार्रवाई की। मजेदार बात यह है कि पटवारी हल्का 06 और 30 पर हुई इस कार्यवाही में शिकायत का खेल खेलने वाले संघ के पटवारी भी मौजूद थे। लोगो का कहना है कि पटवारी संघ की आड़ में कुछ भ्रष्ट पटवारी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को गलत बता रहे है।

**कर रहे दिखावा**

सुविधाओं का अभाव के बीच अवैध प्लाटिंग का धंधा पिछले कई वर्षों से चल रहा है। दलालों के चक्क र में लोग जमीन की खरीदी तो कर लेते हैं, लेकिन सुविधाएं कुछ नहीं मिलती। 10 से 15 फीट की सड़क छोड़ देते हैं और मुरुम बिछा देते हैं। वर्षों तक कॉलोनी के रहवासियों को बिजली, पानी, सड़क, नाली और अन्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है।

**प्लॉटिंग के लिए नही ली जाती अनुमति**

नगर सहित जिले में जितनी भी जमीनों की खरीदी बिक्री हो रही है। उनमें एसडीएम, टाऊन व कंट्री प्लानिंग कार्यालय और नगर पालिका में आवेदन देकर औपचारिकता निभा देते हैं। प्लाटिंग के लिए कहीं से भी कोई अनुमति नहीं मिली है। नगर व आसपास के किसी भी गांव में जमीन प्लाटिंग की अनुमति नहीं है। बावजूद इसके बेधड़क अवैध प्लाटिंग जारी है। मतलब नाक के नीचे ही अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं।

**केवल आश्वासन**

अवैध प्लाटिंग का खेल शहर के साथ गांवों में भी जारी है। इस पर कार्रवाई के लिए दो विभाग मौजूद है। लेकिन कार्रवाई कोई नहीं कर रहा। नगरीय क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफकार्रवाई करने नगर पालिका के पास अधिकार है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग पर राजस्व विभाग मतलब एसडीएम कार्यालय कार्रवाई कर सकती है। दोनों विभाग के अधिकारी हर बार आश्वासन देते हैं कि कार्रवाई की जाएगी। लेकिन दिखावे के लिए नोटिस दे दिया जाता है। जिससे भूमाफियों के हौसले बुलंद रहते हैं। जबकि इस पर बड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है।

**नहीं तो न लोन मिलेगा और न सुविधाएं**

डायवर्सन नहीं होने से मकान बनाने के लिए बैंक से लोन नहीं मिलता है। कालोनी को बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल सकती हैं। यहां विकास कार्य प्रशासन नहीं करा सकता है और ऐसे प्लाट लेने पर नामांतरण की गारंटी भी नहीं है।

**प्लाट खरीदने से पहले लें यह जानकारी**

1. कालोनाइजर से उसका पंजीयन/लाइसेंस जरूर देखे।
2. टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूर ले आउट देखें।
3. डेवलपमंट अनुमति जरूर मांगे।
4. भूमि का डायवर्सन भी जरूर जांच लें।

# साइंस कॉलेज में राज्यसेवा मुख्य परीक्षा की शुरुआत



**दुर्ग।** भाषा के पेपर के साथ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का आगाज हो गया है। गौरतलब है कि जिले के साइंस कॉलेज में मुख्य परीक्षा का आयोजन 26 से 29 तारीख तक होगा। परीक्षा के प्रथम दिवस पर आज केंद्र के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र अध्यक्षों को आयोग के निर्देशों से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मेंस परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित हो रही है। इसके साथ साथ प्रत्येक विद्यार्थी व वीक्षकों को सघन जांच करने के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। उन्होंने परीक्षा में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कहा ताकि वो बिना किसी चिंता के परीक्षा देकर बेहतर परिणाम हासिल कर सकें।

# फेल धान बीज की 31 मई तक होगी खरीदी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रक्रिया केन्द्रों में फेल धान बीज को आगामी 31 मई तक समर्थन मूल्य पर समितियों के जरिए खरीदा जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले में भी औसत अच्छे किस्म के फेल धान बीज की खरीदी 31 मई तक समर्थन मूल्य पर करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसान को अधिकतम 15 क्विंटल प्रति एकड़ धान विक्रय करने की पात्रता नियत की गई है। अतः किसान द्वारा फेल धान बीज विक्रय की पात्रता उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पात्रता की सीमा तक होगी। उदाहरण के लिए यदि किसी पंजीकृत किसान द्वारा धान की बुवाई का रकबा दो एकड़ है और उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर 20 क्विंटल धान बेचा जा चुका है, तो वह फेल धान बीज 10 क्विंटल की सीमा तक ही बेच सकता है। किसानों को धान बेचते वक्त अपने क्षेत्र की समिति में पंजीकृत कृषक कोड नंबर साथ लाने कहा गया है।

# महापौर नीरज पाल ने ली नेहरू नगर जोन के अधिकारियों की बैठक



पायनियर संवाददाता भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज स्वास्थ्य, पेयजल एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत जोन एक नेहरू नगर के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल, बरसात पूर्व नाला सफाई, विभिन्न विकास कार्यों सहित निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की गई। पूर्व में लिए बैठक में दिए गए निर्देशों के बारे में समीक्षा करते हुए फीडबैक लिया। इस दौरान महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार से लेटलतीफी न की जाए। साथ ही जनहित के कार्यों पर प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाए। इसके लिए अधिकारी कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। नेहरू नगर जोन में स्वीकृति प्राप्ति के बाद निर्माण हो रहे कार्यों की प्रगति व अबतक शुरू नहीं हुए कामों की स्थिति के बारे में भी महापौर ने विस्तृत जानकारी ली। विकास कार्यों की स्थिति को लेकर बैठक में लक्ष्य लेकर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी एकांश बंछोर, प्रभारी अधीक्षण अभियंता आरपी जोशी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता श्वेता वर्मा, प्रभा टोप्पो एवं विनीता निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

### जोन 3 की राजस्व और विशेष तोडूदस्ता की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

# निगम की तोडूदस्ता ने ढहाई केम्प 2 मटन मार्केट में अतिक्रमण कर बनाई दुकानें





पायनियर संवाददाता भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने निगम की टीम द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करने के साथ ही स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत हैं व इसके लिए वे निगम की गठित बेदखली टीम को निर्देश दे रखे हैं। वहीं आयुक्त ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी अतिक्रमण की शिकायत आती है तो उनका निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाए और जल्द बेदखली कार्रवाई की जाए। आज निगम की तोडूदस्ता ने जोन 3 क्षेत्रांतर्गत केम्प 2 शीतला कॉम्पलेक्स के पास मटन मार्केट में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। वहां के व्यवसायियों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा मटन मार्केट में बाजार की अतिरिक्त खाली जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है और दुकान का निर्माण कर मांस का विक्रय किया जा रहा है। मार्केट में अतिक्रमणकारियों द्वारा लंबे समय से लगभग 10 बाई 8 की दो दुकानें बनाकर मांस बेचा जा रहा था। आज जोन 3 आयुक्त येशा लहरे के दिशा-निर्देशन में निगम की तोडूदस्ता ने छावनी पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी से दो व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को ढहाया गया। उल्लेखनीय है कि नोटिस देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। आज राजस्व विभाग और विशेष तोडूदस्ता की टीम के संयुक्त प्रयास से अतिक्रमण को हटाया। तोड़फोड़ कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सोरी, रोहित यादव, मनहरण साहू व दिनेश सहित जयंत मेश्राम आदि शामिल थे।

# केंद्र की योजनाओं का नाम बदल कर वाह वाही लूटने में लगे भूपेश: विकास दीवान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भरतीय जनता पार्टी के बेमेतरा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कांग्रेस संगठन के विस्तार को कांग्रेस का आंतरिक विषय बताते हुए कहा कि सभी राजनीतिक संगठन अपनी पार्टी में संगठनात्मक दृष्टि से विस्तार करते हैं परंतु दिन रात भाजपा को कोसने वाली कांग्रेस भाजपा के संगठनात्मक विस्तार को अपनाकर अपनी राजनीतिक वैतरणी पार करना चाहती हैं इसके लिए कांग्रेस बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को छत्तीसगढ़ में नाम बदलकर सफल होना चाहते हैं और कंग्रेस भाजपा के पैटर्न को अपना कर राजनीतिक सफलता चाहती हैं ऐसे में कांग्रेस और कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यह बात भी समझ लेनी चाहिए कि भाजपा के संगठन को तो अपनाया जा सकता हैं, योजनाओं का नाम बदल कर वाह वाही लूटी जा सकती हैं परंतु अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के प्रति समर्पण की भवना से कार्य का जबा अंत्योदय के लक्ष्य को साधने की संकल्प शक्ति और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास के साथ जनकल्याण की भावना के बिना ना कांग्रेस और मुख्यमंत्री सफल नहीं हो सकते। जिला महामंत्री विकास दीवान ने कांग्रेस की एकजुटता के लिए अगस्त में होने वाली पदयात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के एक एक नेता को इस बात का भलीभांति एहसास हैं कि कांग्रेस में एकजुटता का नहीं परिक्रमा का महत्व हैं और परिवार विशेष की परिक्रमा से ही कांग्रेस में पद और सफलता दोनों मिलती हैं ऐसे में कांग्रेस जो परिक्रमा का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी हैं यदि वह पदयात्रा करे तो यह अपने आप में हास्यसप्रद हैं।

# अवधपुरी में बनेगी सड़क, आयुक्त ने कार्य शुरू करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता रिसाली
www.dailypioneer.com

अवधपुरी में सड़क निर्माण को लेकर नागरिकों का हुजूम लग गया था। समस्या सुनने के बाद आयुक्त आशीष देवांगन ने स्वीकृत कार्य के बारे में जानकारी लेते निर्माण एजेंसी को तलब किया। उन्होंने इसी हफ्ते हर हाल में सड़क निर्माण कार्य आरंभ करने निर्देश दिए। अवधपुरी वार्ड 24 पार्षद अनिल देशमुख के नेतृत्व में पहुंचे 50 से भी अधिक महिला पुरूषों का कहना था कि बालाजी सेलून से कल्पकृति परिसर तक सड़क बनाने की मांग वे लम्बे समय से कर रहे है। ज्ञापन भी सौप चुकें है। सुनवाई अब तक नहीं हो रही है। समस्या का निदान करते आयुक्त ने खुलासा किया कि सड़क बनाने कार्य स्वीकृत है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तलब करते निर्देश दिए कि सड़क बनाने का कार्य इसी हफ्ते में शुरू करे। इस दौरान नागरिकों ने शिविर में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू से अवधपुरी से पानी निकासी मार्ग बनाने सर्वे कराने भी चर्चा की। शिविर का जायजा लेने महापौर शशि-अशोक सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद के सद्स्य परमेश्वर, सनीर साहू, अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद अनिल देशमुख, मनीष यादव, डॉ. सीमा साहू, संजू नेताम, विनय नेताम समेत धर्मेन्द्र भगत पहुंचे थे।

**4.97 लाख की वसूली**

शिविर वार्ड 24 व 25 के लिए श्याम नगर पानी टंकी कार्यालय में लगाया गया था। संपत्तिकर वसूलने स्टाल लगाया गया था। पॉश कालोनी में लगाए शिविर में अब तक के सार्वधिक 4 लाख 96 हजार 9 सौ 44 रूपए की वसूली हुई। निगम खजाने में राशि जमा कराने 81 लोग पहुंचे थे।

**तत्काल भेजा गया गैंग**

निदान 40 के तहत समस्या का निराकरण मौके पर ही किए जाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निर्माण व जटिल शिकायतों का निराकरण करने समय सीमा निर्धारित भी किया जा रहा है। गुरूवार को सफाई के अभाव में नाली बजबजाने की शिकायत मिलने पर जनस्वास्थ्य विभाग का अमला आशीष नगर पश्चिम पहुंचकर चार अलग-अलग नालियों की सफाई की।

# 1 जून 2022 से कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव के लिए कोविड-19 टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। डॉ. खेमराज सोनवानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि कलेक्टर महोदय के निदेर्शानुसार दिनांक 01 जून 2022 से पूरे माह भर नियमित टीकाकरण दिवस(मंगलवार एवं शुक्रवार) को छोडकर प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम स्तर पर योजना बनाकर घर-घर दस्तक देकर महाअभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत टीकाकरण टीम घर घर जाकर लक्ष्यित आयु वर्ग के हितग्राहीयों को प्रथम डोज़, द्वितीय डोज़ एवं प्रिकॉशन डोज़ के लिए लंबित है या जिन्हे किन्ही करणों से अपना टीकाकरण नही करा पाये है, उन्हे टीकाकृत करेगें। जिले में गठित टीम में स्वास्थ्य विभाग की मैदानी कार्यकर्ता ए.एन.एम., के साथ पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार के साथ जिला एवं ब्लाक स्तर के अधिकरियों की संयुक्त टीम योजना अनुसार ग्रामों में जाकर पात्र हितग्राहीयों का घर-घर सर्वे करके उन्हे टीकाकृत किया जायेगा। कलेक्टर महोदय के निर्देशन में जिला स्तर से सभी सेक्टर के लिए जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के समस्त 12 से 14 आयु वर्ग, 15 से 17 आयु एवं 18 वर्ष व उनसे अधिक आयु के समस्त नागरिकों को शतप्रतिशत टीका लगवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। टीके लगाये जाने पर शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। जिले के प्रत्येक 12 से 14 आयु वर्ग, 15 से 17 आयु एवं 18 वर्ष व उनसे अधिक आयु के नागरिकों को शीघ्र ही कोविड-19 के टीके का खुराक अवश्य ले एवं शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए अपने एवं परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाए।

### संभागायुक्त कावरे ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# शिविर आयोजित कर नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का करें निराकरण: कावरे

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट बेमेतरा के दिशा-सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रस्तावित प्रदेश व्यापी विधानसभा स्तरीय दौरे के संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होने कहा कि जिले के आम लोगों की समस्याओं का निराकरण संवदेनशीलता के साथ करें। आमजनों की शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुने और उसका नियमानुसार त्वरित निराकरण करें। संभागायुक्त ने कहा कि राजस्व शिविर आयोजित कर नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर पेंशन से संबंधित प्रकरणों तथा राशन कार्ड के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित हो। संभागायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता हो। श्री कावरे ने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की और चयनित गौठानों में स्थापित किए जा रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त कावरे ने सुराजी ग्राम योजना और गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानों में मल्टीएक्टीविटी कार्य प्रारंभ कर ग्रामीण औद्यौगिक पार्क के रूप में विकसित किया जाना है। इसके लिए गौठानों में स्व सहायता समूह के लिए विभिन्न गतिविधियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इससे महिलाओं को लाभ होना चाहिए। संभागायुक्त ने आगामी खरीफ सीजन हेतु धान के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शासन से प्राप्त लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने जिले में वर्तमान में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण की जानकारी एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अधोसंरचना एवं शिक्षकों की व्यवस्था, खेल सामग्री, फर्नीचर आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का अभियान चलाकर पूरा करें। पटवारियों की टीम बनाकर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए किसानों को खरीफ फसल के लिए धान बीज, खाद, बिजली की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए पहले ही तैयारी कर ली जाए। कलेक्टर भोसकर ने कहा कि विभागीय अधिकारी परस्पर समन्वय से कार्य करते हुए शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे और शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### कारोबारी प्रवीण सोमानी अपहरण कांड

# बालोद जिले के आरक्षक पूरन देवांगन को पुरस्कार में मिला एक वेतन वृद्धि, एसपी और एएसपी ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



रायपुर के बहुचर्चित प्रकरण जिसमें कारोबारी प्रवीण सोमानी का अपहरण हुआ था।

जिसमें प्रवीण सोमानी की सकुशल वापसी व आरोपियो की गिरफ्तारी के परिणाम स्वरूप उक्त प्रकरण को सुलझाने वाले 65 अधिकारियो एवं पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा एक वेतनवृद्धि का पुरस्कार देने की घोषणा किया गया था। जिसमें राज्य पुलिस सेवा के 6, 5 इंस्पेक्टर सहित 65 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि का आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। जिसमें बालोद जिले से आरक्षक 32 पूरन देवांगन, सायबर सेल को एक वेतनवृद्धि का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक गोवर्धन राम ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम के द्वारा पुरुष्कृत आरक्षक को बधाई दी गई एवं उज्जवल भविष्य की कामनाओ के साथ जिले मे इसी तरह कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# पांच भाजपा पार्षदों पर गाज गिरी, 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आखिरकार मुंगेली के पांच भाजपा पार्षदों पर गाज गिर ही गयी और उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है , हालांकि इसमें 5 महीने का लंबा वक्त लग गया। वैसे मुंगेली नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में भाजपा पार्षदों द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने के बाद से ही इस तरह की कार्यवाही की प्रतीक्षा की जा रही थी। भारतीय जनता पार्टी संगठन के तौर पर बेहद अनुशासित मानी जाती है। मुंगेली में लोकसभा, विधानसभा से लेकर नगर पालिका परिषद में भी भाजपा का हमेशा दबदबा रहा है। बावजूद इसके जिस तरह नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी के पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की, उससे मुंगेली में भारतीय जनता पार्टी की खूब किरकिरी हुई । पूरे कवायद की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष संतू लाल सोनकर को लेकर हुई थी। मुंगेली के परमहंस वार्ड में नाली निर्माण के नाम पर 13 लाख के घोटाले में पूर्व अध्यक्ष का नाम आने के बाद उन्हें नगरीय निकाय विभाग द्वारा बर्खास्त कर दिया गया, जिसके बाद कांग्रेस के हेमेंद्र गोस्वामी कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे। 5 जनवरी को नए नगर पालिका अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ। मुंगेली में 22 सदस्यीय नगरपालिका परिषद में भाजपा पार्षदों की संख्या 11 थी । कांग्रेस के पास 10 पार्षद थे और उन्हें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन हासिल था। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष संतू लाल सोनकर के जेल चले जाने के बाद 5 जनवरी 2022 को हुए चुनाव में 21 पार्षदों ने मतदान किया। यहां कांग्रेस के




हेमेंद्र गोस्वामी के मुकाबले भाजपा की गायत्री देवांगन 8 वोटों से हार गई। कांग्रेस प्रत्याशी को 13 वोट मिले जबकि गायत्री देवांगन के खाते में सिर्फ5 ही वोट आये थे, जबकि भाजपा पार्षदों की संख्या 10 थी। इस चुनाव में 3 वोट निरस्त हुए थे। इस तरह हेमेंद्र गोस्वामी 8 वोटों से जीत गए लेकिन यहां सिर्फ भाजपा प्रत्याशी की हार नहीं हुई, पार्टी का मनोबल भी बुरी तरह से परास्त हुआ। पहली मर्तबा भाजपा पार्षदों पर बिकने के आरोप लगे। इसी दौरान इस पूरे मामले की जांच के लिए समिति का गठन किया गया था, जिस की अनुशंसा पर नगरपालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्हाह, संतोषी मोना नागरे, मोतिमबाई सोनकर और मोहित कुमार बंजारा को पार्टी ने अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है, तो वही एक और पार्षद अमितेश आर्या को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय के इस नोटिस से मुंगेली में हड़कंप मच गया । भीतर खाने से यह खबर भी आई कि इस पूरे मामले में तीन और भाजपा पार्षद पूरी तरह संदेह के घेरे में थे, लेकिन उन्हें संगठन का वरदहस्त प्राप्त होने से वे पूरे मामले से साफबच कर निकल गए।

इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि पूर्व में नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बैड़े थे किंतु नाली घोटाले में अध्यक्ष का नाम आने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया, जिसके बाद उपचुनाव कराया गया था, जिसमें भाजपा के 11 पार्षद होने के बाद भी भाजपा हार गई, जिसके उपरांत विधायक नारायण चंदेल और मुंगेली प्रभारी शंकर सिंह द्वारा जांच समिति बैठाया गया जिसकी रिर्पोट के आधार 5 पार्षदो को निलंबित किया और 1 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है ।

**शैलेश पाठक जिला अध्यक्ष भाजपा मुंगेली**

-इधर इस फैसले पर आपत्ति दर्ज कराते हुए मोहन मल्लाह ने इसे एकपक्षीय कार्यवाही कहा है। उनका कहना है कि संगठन ने उनसे इस संबंध में बिना कुछ पूछे ही सख्त कार्यवाही कर दी है। जब पूर्व अध्यक्ष संतू लाल सोनकर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे तो उस वक्त भाजपा के ही कुछ पार्षद उनके खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद करते नजर आए थे और उन्होंने ही इस पूरे मामले को उजागर किया था। इसके पीछे एक पार्षद की व्यक्तिगत रंजिश वजह थी। ऐसे ही गतिविधियों के लिए पांच पार्षदों पर कार्यवाही की बात कही जा रही है।

**मोहन मल्लाह**

इस कार्यवाही को भाजपा का अंदरूनी मामला बताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वे अपनी लोकप्रियता की वजह से पूर्ण बहुमत से चुनाव जीत कर आए हैं और उन्होंने किसी तरह की हॉर्स ट्रेडिंग नहीं की है। तो वहीं उपाध्यक्ष मोहन मल्हा ने इस मुद्दे को पार्टी फोरम में उठाने की बात कही है ।

**हेमेंद्र गोस्वामी नगर पालिका अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी ने अपने पांच पार्षदों को निष्कासित किया है यह उनका अंदरूनी मामला है इससे हमें कोई लेना देना नहीं है हमें आपत्ति इस बात का है कि उन्होंने कांग्रेश के साथ सांठगांठ का जो आरोप लगाया है वह बेबुनियाद एवं निराधार है हम इसका घोर निंदा करते हैं ।

**अरविंद वैष्णव प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली**

-मुंगेली में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो इस कार्यवाही को उचित मानता है। लोकतंत्र को कलंकित कर हॉर्स ट्रेडिंग का हिस्सा बनने वाले पार्षदों पर कार्यवाही के समर्थकों का मानना है कि ऐसे लोगों ने पार्टी के साथ मुंगेली के हितों को भी बेचने का काम किया है ,जिनसे किसी तरह की सहानुभूति नहीं होने चाहिए। भीतर खाने से इस बात पर भी सुगबुगाहट है कि कार्यवाही के बावजूद कुछ दोषी साफबच निकले हैं, जिनसे पार्टी को भविष्य में भी खतरा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण ने एक नई नजीर पेश की है कि अगर चंद रुपयों की खातिर पार्टी से बगावत करेंगे तो फिर हॉर्स ट्रेडिंग के बावजूद भी आप लंबी रेस के घोड़े तो कदापि नहीं बन सकते।

# कलेक्टर डॉ सिंह ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वहां स्थापित कार्डियोलाजी कक्ष, शिशुरोग कक्ष, अस्थिरोग कक्ष, नेत्र रोग कक्ष, पंजीयन कक्ष, मेडिसीन कक्ष, अंतः रोगी कक्ष आदि का अवलोकन किया और चिकित्सकों को संवेदनशीलता के साथ बेहतर जांच एवं उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपचार के लिए आए बच्चों के परिजनों से चर्चा की और 10 वर्ष से कम आयु के बालिकाओं के परिजनों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बैंक में खाता खुलवाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सिंह ने भी स्वयं का स्वास्थ्य जांच कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ने बताया कि शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के कुल 527 बच्चों का पंजीयन किया गया जिसमें चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत ए श्रेणी के गंभीर 09 बीमारियों में जन्मजात हृदयरोग के 27 में से 22 बच्चों को उच्च संस्था में हृदय जांच एवं उपचार हेतु रिफरल किया गया तथा 10 बच्चों का इको एवं 08 बच्चों का ईसीजी किया गया। पैर की विकृति (क्लबफूट) के 04, होंठ एवं तालू (क्लेफ्ट लिप एण्ड पैलेट) के 02, कुल्हों के विकास संबंधी विकार के 08, जन्मजात बधिरता के 02, न्यूरल ट्यूब दोष के 01 आदि के अलावा अतिकुपोषित 22, त्वचा संबंधित रोग 24, दंत रोग के 13, दृष्टिरोग के 31, मांसपेशियों में विकार के 48, संज्ञानात्मक देरी(कॉगनिटिव डिले) के 52, वाणी एवं भाषा में देरी के 49, शेष अन्य बीमारियों को मिलाकर कुल 527 बच्चों की जांच एवं संभावित उपचार किया गया तथा शल्य चिकित्सा हेतु संभावित मराजों को उच्च संस्था एवं जिला अस्पिताल में रिफर किया गया। शिविर में आए हुए बच्चों में से 155 बच्चों का हीमोग्लोबिन जांच किया, जिसमें से 03 बच्चे गंभीर एनीमिक पाए गए। जिन्हें शिशु रोग विशेषज्ञ से जांच एवं परामर्श कराकर दवाईयां दी गई। शिविर में कुल 53 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु पंजीयन एवं 28 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया। शिविर में पहुंचे बच्चों का जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं किम्स अस्पताल बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक आनंद मांझी, विशेषज्ञ-चिकित्सक एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी आदि उपस्थित थे।

# ग्राहक खोज रहा बाइक चोर गिरोह का सदस्य पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस ने शहर में चोरी की मोटर सायकल खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे बाईक चोर गिरोह के एक सदस्य को अपने हत्थे चढ़ाया है। पुलिस ने उसके पास से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी गए पांच मोटर सायकलें जब्त की है। शहर में हो रहे मोटर सायकलों की चोरियों पर लगाम लगाने पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा प्रभारियों को पूर्व में चालान हुये आरोपियों के साथ संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों पर निगाह रखकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में आज उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल, आरक्षक विपिन पटेल, मनोज पटनायक टाउन पेट्रोलिंग कर मुखबिरों से जानकारी लिया जा रहा था इसी दौरान केवड़ाबाड़ी के पास पुलिस के मुखबिर ने बताया कि एक व्यक्ति तकरीबन 5-6 मोटरसाइकिल जिसमें कुछ बिना नंबर की हैं, जिन्हें रेल्वे स्टेशन के पास छिपा कर रखा है और रेलवे स्टेशन चैंक के पास ग्राहक की तलाश पर है। सूचना पर पुलिस टीम साथ टीआई मनीष नागर द्वारा मौके पर जाकर संदिग्ध व्यक्ति राजा उर्फ विजय शंकर सारथी उम्र 28 वर्ष निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिये जिससे मोटर सायकल के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर राजा उर्फ विजय शंकर सारथी शहर के विभिन्न इलाकों से मोटर सायकल की चोरी कर छिपाकर रखना बताया। आरोपी राजा उर्फ विजय शंकर सारथी के पास बाइक के कोई कागजात नहीं होने पर चोरी की बाइक के संदेह पर आरोपी राजा उर्फ विजय शंकर सारथी के विरुद्ध कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## हादसों को न्यौता देता कटंग पाली (ब) प्राथमिक शाला

**रायगढ़।** बरमकेला मुख्यालय के समीप गांव कटंगपाली (ब) शासकीय प्राथमिक शाला भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। भवन लगभग खंडहर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। वह कभी भी गिर सकता है या गंभीर हादसा हो सकता है। सरपंच और प्रधानपाठक ने आरईएस विभाग के मुख्य अभियंता को आवेदन देकर भवन को गिराने और नया भवन बनाने की मांग की है। बावजूद जर्जर भवन की मरम्मत व नवनिर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। यहां स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर जर्जर स्कूल भवन में पड़ने पर मजबूर हैं। प्रधान पाठक और सरपंच ने बच्चो के भविष्य को देखते हुवे मुख्य अभियंता आरईएस विभाग को लिखित निवेदन किया है कि प्राथमिक शाला कटंगपाली ब अतिजर्जर हो चुका है। इसलिए बच्चो को बिठाकर अध्यापन कराना मुश्किल हो चुका है। अतः कटंगपाली ब मे नया भवन स्वीकृत करा जल्द निर्माण कराने की कृपा करें। ताकि छोटे बच्चो की जान मे कोई जोखिम ना हो और पठन-पाठन अनवरत चलता रहे।



# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 5 जून को जांजगीर में

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक आगामी 5 जून 2022 को मंच की जांजगीर-चांपा जिला इकाई के आतिथ्य में होटल ड्रीम प्वाइंट जांजगीर में सुबह 11.30 बजे से रखी गई ,उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जांजगीर,महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल रायपुर,आतिथ्य शाखा जांजगीर-चांपा जिला इकाई के अध्यक्ष आशीष गोयल एवं जिला महामंत्री चिराग अग्रवाल लल्ली शक्ति ने बताया कि 5 जून को आयोजित बैठक में मार्गदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर,एवं हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे, तथा बैठक का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं आरती के साथ होगा, तत्पश्चात आगंतुक सभी पदाधिकारियों के परिचय सत्र के साथ ही प्रांतीय कार्यसमिति के जिला तथा स्थानीय इकाइयों के पदाधिकारी/ सदस्यों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुति एवं मंच द्वारा आगामी 13 एवं 14 अगस्त को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में होने वाले अग्रवाल समाज के अखिल भारतीय 11वें एजुकेटेड विवाह योग्य युवक/ युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी,साथ ही परिचय सम्मेलन की प्रचार सामग्री का वितरण किया जाएगा,मंच के प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर ने बताया कि उपरोक्त प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया जांजगीर के विशेष प्रयासों से जांजगीर चांपा जिला इकाई द्वारा किया जा रहा है, तथा बैठक में दोपहर भोजन की व्यवस्था भी बैठक स्थल पर ही रखी गई है, साथ ही बैठक में मंच की जिला इकाइयों तथा स्थानीय इकाइयों की मजबूती सहित संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे, प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल ने समस्त प्रांतीय पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिले के पदाधिकारी एवं स्थानीय इकाईयों के सभी पदाधिकारी सदस्यों को तथा महिला विंग के भी सभी पदाधिकारी/ सदस्यों को आवश्यक रूप से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

# बिलासपुर से भोपाल हवाई सेवा की शुरुआत 3 से

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश की संस्कारधानी बिलासपुर से दशकों की जा रही हवाई सेवा प्रारंभ करने की मांग तो पूर्व में पूरी हो चुकी है, किंतु बिलासपुर एयरपोर्ट से आवश्यकता अनुसार विभिन्न शहरों के लिए हवाई सेवा नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए 3 जून से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल शहर के लिए हवाई सेवा प्रारंभ होने जा रही है,एवं 3 जून को बिलासपुर के चकरभाटा स्थित बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से भोपाल के लिए सीधी हवाई सेवा इंडियन एयरलाइंस द्वारा प्रारंभ की जाएगी तथा इस सेवा के लिए डेढ़ घंटे की इस यात्रा का किराया 3389/- रुपए रखा गया है, तथा बिलासपुर से भोपाल तक की यात्रा करने के लिए हवाई सेवा प्रति सप्ताह 4 दिन उपलब्ध होगी एवं बिलासपुर से रविवार,सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को यह फ्लाइट उपलब्ध होगी तो वही भोपाल से बिलासपुर आने के लिए सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को यह सेवा उपलब्ध होगी, वही 3 जून को प्रथम उड़ान के रूप में बिलासपुर एयरपोर्ट से सुबह 11.35 पर पहली फ्लाइट रवाना होगी जो कि दोपहर 1.25 पर भोपाल पहुंचेगी एवं भोपाल से दोपहर 1.55 पर रवाना होकर 3.45 पर बिलासपुर पहुंचेगी, तथा वर्तमान में बिलासपुर एयरपोर्ट से प्रयागराज (इलाहाबाद) एवं जबलपुर के लिए भी हवाई सेवाएं संचालित हैं, तथा भोपाल शहर जो कि मध्य प्रदेश एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से छत्तीसगढ़ वासियों के लिए राजधानी रहा है, एवं भोपाल के हजारों की संख्या में लोग छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न शासकीय सेवाओं तथा अन्य विभागों में सेवारत हैं।

# शहर कांग्रेस कमेटी में तुहर कांग्रेस तुहर द्वार जन समस्या निवारण यात्रा 2022

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के द्वारा जन समस्या निवारण यात्रा में नगर के जवाहर वार्ड काली माई वार्ड मोहम्मद बशीर खान वार्ड महाराणा प्रताप वार्ड बिनोवा भावे वार्ड में 5 वार्डो को लेकर तुंहर कांग्रेस तुंहर द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आवेदन प्राप्त हुए। बिजली पानी की समस्या आवास बाइक चोरी की अटल आवास, रोड नाली बिजली की समस्या निराश्रित राशन कार्ड अनेक आवेदन प्राप्त हुए जिसे संबंधित अधिकारियों के पास भेज कर उक्त समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा द्वारा जन समस्या निवारण यात्रा पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिससे लोगों की हर बड़ी छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है कांग्रेस सरकार हमेशा से अपने कार्य के प्रति एवं जनता के प्रति निष्ठावान रही है और जो वादा करती है उससे अवश्य पूरा करती है जैसे चाहे धान बोनस की बात हो या पेशन लागू करने की बात हो गोधन योजना ऐसे कई बहुत सारे बड़े छोटे योजनाओं को सुचारू रूप से जनता के हित में पूरे प्रदेश में चला रहे हैं ।ताकि जनता को कोई भी प्रकार की परेशानी ना हो और वहां खुशहाल जीवन यापन कर सके। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी हेमेंद्र गोस्वामी नगर पालिका अध्यक्ष आत्मा सिंह शहर अध्यक्ष स्वतन्त्र मिश्रा रूप लाल कोसरे मुंगेली नगर प्रभारी सोम वर्मा जिला उपाध्यक्ष मंजू शर्मा जिला महामंत्री संजय यादव कौशल सिंह रत्नावली कौशल ललिता सोनी राहुल कुर्रे पार्षद संजय सिंह ठाकुर ,आरिफ खान श्री निवास ठाकूर पार्षद मनोज सोनकर सुनील नार्गव आरिफखान दिलीप सोनी अनीता विश्वकर्मा राजा मनिक परवेज अख्तर सूरज यादव अश्विन राय राजेंद्र यादव नौसाद खान शिवम जयसवाल वैभव ताम्रकार सुदामा देवांगन राजेंद्र यादव एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

## सेना एवं अन्य बलों में भर्ती के लिए जिले के 100 युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मुंगेली।** सेना एवं अन्य बलों में भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा के संबंध में जिले के 100 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 01 जून से दिया जाएगा। प्रशिक्षण 02 माह तक निःशुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण भारतीय सेना से सेवानिवृत्त एक्स सर्विसमैन एवं जिले के दक्ष तथा अनुभवी व्यायाम शिक्षकों द्वारा प्रातः 05 बजे से प्रातः 07 बजे तक दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने यहां बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले युवाओं को प्रशासन की ओर से स्पोर्ट्स शूज दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों के लिए निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था होगी। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण उपरांत लिखित परीक्षा का प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में दिया जाएगा।

# जरहागांव से कोना सड़क मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की गई कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में शासकीय भूमि और सड़क मार्गों के किनारे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इस कड़ी में मुंगेली एसडीएम श्री अमित कुमार के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नेशनल हाइवे व जरहागांव से कोना सड़क मार्ग के किनारे से अतिक्रमण हटाने की करवाई की गई। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि उक्त सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने के बाद नवीन सड़क बनाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की पूर्व सूचना दी गई थी। जिसके पश्चात भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह कार्रवाई की गई। इस अवसर पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# महिला की हत्या कर शव जलाकर सबूत मिटाने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



महिला की गला दबाकर हत्या करने के बाद सबूत मिटाने का प्रयास करने के मामले में तमनार पुलिस ने आरोपी दंपत्ति को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दांदरी में जला हुआ शव मिलने की सूचना पर आज एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी तमनार जी.पी. बंजारे द्वारा डॉक्टर की टीम ले जाकर मौके पर शव शिनाख्तगी, पंचनामा, पोस्ट मार्टम कराया गया। मृतिका की शिनाख्तगी ग्राम दांदरी की आशा उरांव पति रामू उरांव उम्र 32 वर्ष के रूप में हुआ। मृतिका का पति, गांव के सरपंच व कुछ लोग दबी जुबान से गांव छोटेलाल उरांव व उसकी पत्नी आसमति उरांव मिलकर आशा उरांव की हत्या कर शव को जलाना कह रहे थे जिस पर एसडीओपी दीपक मिश्रा द्वारा तत्काल पुलिस टीम को दोनों संदेशों की पतासाजी कर हिरासत में लेने का निर्देश दिए, पुलिस टीम द्वारा दोनों की पतासाजी किया गया। छोटेलाल उरांव गिरफ्तारी के भय से जंगल भाग गया था जिसे पुलिस हिरासत में लेकर थाना लायी, आरोपी की पत्नी को महिला स्टाफ द्वारा हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। पूछताछ पर दोनों दोनों पति-पत्नी बताएं कि छोटेलाल उरांव से आशा उरांव के अनैतिक संबंधों के कारण 22 मई की रात आशा से झगड़ा मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर शव को घर के पीछे कुछ दूरी पर दफन कर दिए थे और पकड़े जाने के डर से वापस 25 मई को घर से फावड़ा और स्टोव से डीजल निकालकर शव को जलाना बताये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा व स्टोव की जब्ती किया गया है। घटना के संबंध में 25 मई की रात्रि थाना प्रभारी तमनार को ग्राम पंचायत आमाघाट के सरपंच प्रेम सागर राठिया द्वारा सूचना दिया गया और थाने में मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया गया कि दांदरी मोहल्ले में रहने वाले रामू उरांव की पत्नी आशा उरांव अपने 3 बच्चों को छोड़कर पड़ोस में रहने वाले छोटेलाल उरांव के साथ पिछले लगभग 8-9 माह से रह रही थी । छोटेलाल उरांव विवाहित है उसकी पत्नी आसमति के दो बच्चे हैं, आशा भी उनके साथ रहती थी। आशा उरांव अपने पूर्व पति रामू से फोन पर बातें करती थी बिना बताए घर से चली जाती थी। 22 मई की रात में लगभग 2 बजे आशा उरांव को छोटेलाल और उसकी पत्नी आसमति समझा-बुझाकर चंद्रपुर से गांव दांदरी लाए थे जिसे रात में छोटेलाल और उसकी पत्नी समझा रहे थे , उनका झगड़ा विवाद हुआ था। गांव के कुछ लोग छोटेलाल और उसकी पत्नी आसमति को घर के पीछे नाला तरफ देखे थे और 25 मई को भी दोनों पति पत्नी नाला गड्ढा तरफ गड्ढा खोदकर शव को आग जलाकर बस्ती तरफ लौटकर आते देखे हैं।

# पुजारी के घर से मंदिर का सामान व बर्तनों की हुई थी चोरी

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



लैलूंगा पुलिस द्वारा आज पत्थलगांव मेन रोड में सलखिया हनुमान मंदिर के पुजारी के पुराने मकान से बर्तन व मंदिर के घंटी वगैरह चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये सारे समानों की बरामदगी कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी सुधांसु पण्डा (60 वर्ष) थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई की रात्रि करीब 7-8 बजे मंदिर से पुजा पाठ कर अपने घर वापस घर चला गया था । मंदिर के पास पुराना घर जो 3-4 माह से खाली पडा उसके पास रखने वाली राधिका सोनी फोन कर बताई कि पुराने घर में कोई चोर घुसा था। तब आकर देखा घर के उपर का छप्पर टुटा हुआ था और अंदर पेटी में रखे नगदी 2000 रूपये एवं मंदिर का समान घंटी, बर्तन, ताबीज, धोती, गमछा, जुमला 3,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 प्च्ब् का अपराध दर्ज कर विवेचना दरम्यान मौका निरीक्षण पर पहुंचे थाना प्रभारी लैलूंगा नारायण सिंह द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का दूसरा आरोपी पकड़ाया

**रायगढ़।** सारंगढ़ में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हत्थे चढ़ाने के बाद आज दूसरे आरोपी को भी कपरतुंगा से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 24 मई को थाना सारंगढ़ में नाबालिग बालिका दो युवकों पर घर जाते समय रास्ता रोककर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामले में आरोपियों पर धारा 366(क), 376(घ) भादवि 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों के



ठिकानों पर दबिश दिया गया, जिस पर एक आरोपी आरोपी रवि श्रीवास पिता प्रेमसिंह श्रीवास उम्र 22 साल निवासी गुडेली थाना सारंगढ़ को कल रायगढ़ से हिरासत में लेकर सारंगढ़ लाया गया। वही अपराध कमी की जानकारी पर फरार हुए दूसरे आरोपी खेमलाल उर्फ गाडा बैहा उर्फ हेमलाल पिता शत्रुघ्न सिदार उम्र 32 वर्ष साकिन गुडेली थाना सारंगढ़ की गिरफ्तारी के लिये पुलिस लगातार आरोपी के रिस्तेदारों से पूछताछ किया जा रहा था जिसके कपरतुंगा में छिपे होने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कपरतंगा जाकर आरोपी को धर दबोचा गया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को आज रिमांड पर पेश किया गया जिसके बाद जेल वारंट पर दोनों को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, टीकाराम खटकर, आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर, कृष्णा महंत, जगजीवन खुंटे की अहम भूमिका रही है।

# महारानी अस्पताल में चिरायु अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

## श्रीबालाजी मेडिकल फाउंडेशन, श्रीबालाजी हॉस्पिटल और सत्य साईं संजीवनी के संयुक्त आयोजन में 148 मरीजों का हुआ उपचार

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

महारानी अस्पताल में चिरायु अंतर्गत आयोजित शिविर में श्रीबालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं श्रीबालाजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वधान में आयोजित शिविर में तकरीबन 148 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में श्रीबालाजी हॉस्पिटल से ईएनटी, न्यूरो एवं मेडिसिन के विशेषज्ञ सत्य साईं संजीवनी अस्पताल से कार्डियोलॉजिस्ट उपस्थित थे। शून्य से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों व किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए शुक्रवार को विशेष जिला स्तरीय वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। महारानी अस्पताल जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में 148 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु दलों द्वारा चिन्हांकित, शून्य से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों व किशोर-किशोरियों को शिविर में बुलाया गया था। इस दौरान कैंप में उनके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक जांच व उपचार उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.चतुर्वेदी ने बताया बच्चों व किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्यगत परेशानियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जाता है। इसके अंतर्गत विभिन्न बीमारियों की जांच तथा उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हमारे देश में पोषण और अन्य कमियों की वजह से कई बार गर्भावस्था या जन्म के बाद बच्चों में विभिन्न प्रकार की जन्मजात विकृतियां या विकासात्मक अवरोध जैसी जटिल समस्या उत्पन्न हो जाती है, यदि समय रहते इन समस्याओं का उपचार किया जाए तो स्थाई विकलांगता से बचाव सम्भव है। इसके लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इन्हीं जन्मजात या जन्म के बाद पाए जाने वाले विभिन्न समस्याओं को एबीसीडी की श्रेणी में रखते हुए शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों का इलाज किया जा रहा है। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया, जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में शून्य से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों व किशोर-किशोरियों के कान, नाक, गला, हृदय, मस्तिष्क, दंत चिकित्सा, हड्डी व नेत्र रोग से संबंधित जांच की गई। जिसमें जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ ही अनुबंधित निजी चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञों एवं सहयोगियों द्वारा शिशु रोग से संबंधी समस्याओं की जांच कर परामर्श एवं उपचार किया गया।

### 148 मरीजों को मिला लाभ

वृहद स्वास्थ्य शिविर में कुल 148 लोगों ने लाभ लिया शिविर का लाभ लेने वालों में मुख्य रूप से 20 हृदय रोग से संबंधित, 18 न्यूरो रोग, 22 ईएनटी रोग, 08 ऑर्थो तथा 80 सामान्य रोग से संबंधित मरीज शामिल थे। सभी को जांच व परामर्श प्रदान किया गया।





















# भू-सरंक्षण विभाग की गुणवत्ताहीन पचरी निर्माण पर उच्च अधिकारी मेहरबान, मंत्री से होगी शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गांव गांव में सार्वजानिक हित को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार भू सरंक्षण विभाग के जरिए तालाबों में पचरी निर्माण के नाम पर लाखो रुपये पानी की तरह बहा रही है लेकिन अधिकारी कर्मचारी गुणवत्ता और प्रावधान को दरकिनार कर पचरी निर्माण करते स्वीकृत लागत में अपनी कमाई के लिए रास्ता तैयार कर रहे है मतलब लीपा पोती काम को अंजाम दे रहे हैं जिस पर जिला के अधिकारी भी मेहरबान है तभी स्तर हीन पचरी निर्माण पर आँख मूँदे है जानकारी अनुसार पंचायतों के महिला पुरुष को सहूलियत पहुंचाने के लिए भू सरंक्षण विभाग द्वारा देवभोग ब्लॉक अंतर्गत 16 पंचायत के तालाबों में पचरी बनाया जा रहा है इसके अलावा गरियाबंद ब्लॉक के 9 छोटे बड़े तालाबों पर पचरी निर्माण हो रहा है जिसके लिए लंबी चौड़ी प्रावधान भी है लेकिन विभाग पहले मिट्टी से तेयार पचरी पर साईड साईड पर ईट जोडाई कर बिना बेस काम के सीधा सीधा क्रेशर गिट्टी डालते प्लास्टर कर लीपा पोती काम को अंजाम दे रहे है जिसे देख कई ग्रामीण और जनप्रतिनिधि पहली बरसात में ही बनाये पचरी को बहने की अशंका जताया है सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि दोनों ब्लॉक के 24 पंचायत में 30 लाख राशि से स्वीकृत पचरी निर्माण को सिर्फ सर्वेयर के भरोसे कराया जा रहा है जिन्हें ना टेक्निकल जानकारी होती है और ना गुणवत्तापूर्वक का ख्याल रखते हैं शायद यही वज़ह है कि पचरी निर्माण कार्य पर जमकर धांधली किया जा रहा है। जिससे लगभग जिला के जिम्मेदार अधिकारी भी अवगत है टेक्निकल जानकारों की माने तो सबसे पहले मिट्टी की गहरी खुदाई होती है उसके बाद हाथ फोड़ गिट्टी और सीमेंट रेती के साथ बेस काम कराया जाता है। उसके बाद ही साफ़सुथरी गिट्टी मशाला से पचरी निर्माण होता है मगर यह प्रावधान का पालन किए बिना सीधा मटेरियल डाल दिया जाता है इसके अलावा पानी की तराई में भी कांटामारी किया जा रहा है ऐसे में ग्रामीण स्तरहीन पचरी का सालभर भी टिकना मुश्किल मानते हैं तभी 30 लाख की पचरी में हज़ारों रुपये की बचत कर अपनी अपनी जेब भरने का आरोप अधिकारी कर्मचारी पर लग रहा है बावजूद इसके जिला के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद से जागकर कार्यवाही करनें को तैयार नहीं हैं शायद यही वज़ह है स्थानीय कर्मचारी को गुणवत्ताहीन कार्य के लिए बल मिला है जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में पंचायत के ग्रामीणों को भुगतान पड़ेगा क्योंकि जिस तरह पचरी निर्माण हुआ है वह महज पहला बरसात तक टिकना मुश्किल है।

जिसके मद्देनजर ग्रामीण अभी से निर्माण पचरी का ईस्तेमाल करने से कतरा रहे हैं। पानी की तराई नहीं मजबूती पर सवाल, सेनदमुड़ा कोड़कीपारा उसरीपानी कोदोभाटा पूरनापानी सहित कई पंचायत पर पचरी निर्माण पूरा हो चुका है लेकिन पानी की तराई नाम मात्र की तरह हुई है बनने तक तो ठीक ठाक पानी दिया गया मगर तीसरे दिन से पानी की बूंद तक नहीं दिया जबकि निर्माण कार्य में कार्य पानी की तराई मजबूती के लिए अहम भूमिका निभाती है मगर निर्माण ऐजेंसि उस पर ही सबसे ज्यादा लापरवाही बरत रहे हैं। टी एस सिंहदेव से होगी शिकायत आने वाले सोमवार को सूपेबेड़ा पहुंच रहे प्रदेश के स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टी एस सिंह देव से भू सरंक्षण विभाग द्वारा बनाये गये गुणवत्ताहीन पचरी निर्माण को लेकर शिकायत की तैयारी चल रही है।

# पूर्व पार्षद के अपात्र होने पर भी पीएम आवास निर्माण की मिली स्वीकृति पात्र परिवार हुए वंचित

पायनियर संवाददाता ➤ बाराद्वार
www.dailypioneer.com




सरकार की इस योजना का लाभ बेखौफ होकर अपात्र हितग्राही ले रहे हैं क्योंकि जिम्मेदार अधिकारी ने मूंद रखी हैं आंखें । बात हो रही है बाराद्वार वार्ड क्रमांक 3 के पूर्व पार्षद कांग्रेस कुसुमलता राठौर पति घनश्याम राठौर जिनका पूर्व से पक्का मकान निर्मित है तथा वह नगर पंचायत कार्यालय में मकान का समेकित संपत्ति कर भी अदा करते आ रहे हैं किंतु इनके द्वारा पीएम आवास हेतु शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत कर आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई । हद तो तब हो गई जब नगर पंचायत बाराद्वार के इंजीनियर /आर्किटेक्ट संबंधित अधिकारी द्वारा इन्हें स्थल निरीक्षण पश्चात भी आंखों में पट्टी बांधकर भवन निर्माण की अनुमति दे डाली तथा अनुदान राशि की किस्ते भी भुगतान कर दिया गया पूर्व पार्षद की पहुंच प्रभाव सील व ऊपर तक बताई जाती है यही वजह है कि संबंधित के खिलाफ शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही अधिकारी नहीं कर पाते। एक और गरीब पात्र हितग्राही परिवार अपने पक्के मकान का सपना लिए पीएम आवास की स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं और यहां अपात्र ही पात्र बन योजना का लाभ उठा रहे हैं अब देखना है यह है कि संबंधित के ऊपर कितने दिनों बाद और क्या कार्रवाई होती।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

### उद्घोषणा

क्रमांक/ /रीडर-1/2022 जशपुर, दिनांक - / /2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक अभिमन्यु कुमार गुप्ता, पिता विजय कुमार गुप्ता,** जाति रौनियार, निवासी ग्राम जशपुर, मु. पुरानीटोली ऐनम्स होटल के पास, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 584/14,584/15,584/16, जिसका रकबा 0.0360 हे.,में से/वर्ग.मी. -- हे., प्रयाजनार्थ आवासीय।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 31/05/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायलयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 19/15/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /अ-6/2021-22
ग्राम-टेमरी प.ह.नं. 49

ग्राम टेमरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार आ. स्व. विजय जाति तेली निवासी टेमरी तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम टेमरी हल्का नं. 49 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 8/1, 31/2, 202/1, 211/3 कुल रकबा क्रमशः 0.442, 0.356, 0.295, कुल रकबा 1.096 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार कि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 06.06.2022 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
नरहरपुर

## न्यायालय तहसीलदार नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

### // उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र. 202205140100019/अ-20(1)/2021-22
ग्राम-नरहपुर प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष डडसेना कलार समाज नरहपुर द्वारा ग्राम नरहरपुर प.ह.नं. 05 तहसील नरहरपुर में स्थित शासकीय पहाड चट्टान मद की भूमि खसरा नं. 504 में से रकबा 0.32 हे. भूमि जिसमें डडसेना कलार समाज द्वारा सामाजिक गतिविधियां संचालित करने आ रहे है को डडसेना कलार समाज भवन हेतु आबंटित करने की मांग किये जाने पर प्रकरण कलेक्टर महोदय कांकेर से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 03.06.2022 तक पेश करें नियत समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
नरहरपुर

## न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202205092200062/202205092200062

### मामले की श्रेणी–राजस्व

विषय- ब-121 सन- 2021-2022
डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- लड्डु प्रसाद सिंह,
अनावेदक पक्षकार-

### // ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लड्डु प्रसाद सिंह पिता शांति प्रसाद सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम नाका पारा वार्ड नम्बर 03 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नाती अक्षय कुमार सिंह पिता मुकेश सिंह जाति राजपूत का जन्म 20.06.2020 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है। अतः आवेदक द्वारा अपने नाती अक्षय कुमार सिंह पिता मुकेश सिंह जाति राजपूत का जन्म प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु निवेदन किया गया है। मोबाईल नम्बर 7389426966

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 09.06.2022 को उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/05/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

ई कोर्ट नं 202205080700063 /ब/121/वर्ष 2021-22
ग्राम मजगांव प.ह.न.-02

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-मजगांव प.ह.नं.-02, रा.नि.मं. कवर्धा तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलेश साहू पिता बेदराम निवासी ग्राम मजगांव तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने दादी स्व. भक्तीन बाई पति हगरूराम की मृत्यु दिनांक 09/12/2003 का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार/ग्राम पंचायत मजगांव जिला कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड की फोटोप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 10.06.2022 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक के दादी स्व. भक्तीन बाई पति हगरूराम के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-25/05/2022
पेशी दिनांक-10/06/2022

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा
जिला-कबीरधाम

## न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

ई कोर्ट नं 202205080700062/ ब/121/वर्ष 2021-22
ग्राम मजगांव प.ह.न.-02

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-मजगांव प.ह.नं.-02, रा.नि.मं. कवर्धा तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलेश साहू पिता बेदराम निवासी ग्राम मजगांव तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने दादा स्व. हगरूराम पिता त्रिलोकी की मृत्यु दिनांक 06/07/1984 का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार/ग्राम पंचायत मजगांव जिला कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड की फोटोप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 10.06.2022 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक के दादा स्व. हगरूराम पिता त्रिलोकी के मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-25/05/2022
पेशी दिनांक-10/06/2022

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा
जिला-कबीरधाम

## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

### // ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 17.05.2022

**श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी मुंगेली**
(अध्यक्ष पवन जैन पिता बेचनलाल एवं सुभाषचंद जैन पिता लखपत राय)
निवासी गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) .......आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**.................................. ....................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी मुंगेली (अध्यक्ष पवन जैन पिता बेचनलाल एवं सुभाषचंद जैन पिता लखपत राय)**, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली स्थित नजूल सरकार के नाम पर शासकीय अभिलेखों में दर्ज शासकीय नजूल भूमि शीट नंबर 38 बी, प्लाट नंबर 255, क्षेत्रफल 20 वर्गमीटर पर अतिक्रमण करते हुए उपयोग किया जा रहा है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26-10-2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 07.06.2022 को 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 17.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01

सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

### -: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-58/690 द्वितीयतल में श्री जुगल किशोर देवांगन पिता श्री स्व. श्री डी.आर.देवांगन** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **27.03.2008** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 29.04.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती वर्षा धुर्वे पति श्री रवि कुमार धुर्वे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के सबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

## कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)

### -: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम – माधव राव सप्रे
वार्ड क्र. 19, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **28.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** – 132/27.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** – 587/19, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** – हंसा बाई W/o दोहा राम हरिनखेड़े, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**– अर्चना मिश्रा W/o विकास मिश्रा.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

# प्रदेश महासचिव के लिए जिले से पांच महिला प्रत्याशी मैदान में, शहर जिलाध्यक्ष के लिए 31 तो ग्रामीण में 7 प्रत्याशी, बड़े नेता भी चुनाव में जुटे

**यूथ कांग्रेस चुनाव**

## अपने करीबी को अध्यक्ष बनाने वरिष्ठ नेता भी जुटे, कॉलेजों में चल रहा कैंपेन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

यूथ कांग्रेस चुनाव में जीत हासिल करने अब ताबड़तोड़ मेहनत प्रत्याशियों द्वारा की जा रही है। राजनाँदगाँव की बात करें तो शहर जिलाध्यक्ष के लिए 31 व ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए 7 प्रत्याशी मैदान में हैं वही न प्रदेश महासचिव के लिए जिले की पांच महिला प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रही हैं।

निर्वाचन प्रणाली से हो रही यूथ कांग्रेस चुनाव ने वरिष्ठ नेताओं को भी व्यस्त कर दिया है। अपने करीबियों को यूथ कांग्रेस का नेता बनाने लिए जिले के वरिष्ठ नेता भी जुट गए हैं। नेताओं का अलग-अलग गुट सक्रिय है। जो मेंबरशिप और वोटिंग के लिए जोर लगा रहा है। खास बात यह है कि यह चुनाव पूरी तरह ऑनलाइन होगा, वहीं मेंबरशिप लेते ही प्रत्याशी के लिए वोटिंग भी की जा सकेगी। वोटिंग और मेंबरशिप की प्रक्रिया 12 मई से शुरू हो चुकी है जो आगामी 12 जून तक चलेगी। मेंबर बनते ही एप के माध्यम से युवा अपने प्रत्याशी को वोट कर सकेंगे। यही वजह है कि वरिष्ठ नेता भी मेंबरशिप में रुची ले रहे हैं, ताकि अपने करीबी प्रत्याशियों को बड़ी जीत दिला सकें।

### जिले से पांच महिला प्रत्याशी भी महासचिव की रेस में






यूथ कांग्रेस के चुनाव में प्रदेश में कुल 45 पदों पर महासचिव निर्वाचित होने हैं जिसके लिए तक़रीबन 140 प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमे से पांच महिला प्रत्याशी राजनाँदगाँव जिले से हैं। महासचिव के पद के लिए शुभानी वर्मा, प्रिया खत्री, निकहत परवीन, हिमानी वासनिक व् प्रीति वैष्णव मैदान में हैं और इनके अलावा 06 युवा नेता भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशियों को प्रदेश भर से वोट करवाने हैं इसलिए इस चुनाव में बड़े नेता भी सक्रीय हैं और अलग-अलग क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी टीम बनाई है। जो शहर से लेकर गांव तक युवाओं को जोड़ने में जुटी हुई है। ज्यादातर हिस्सों में ये नेता युकां चुनाव के लिए गुटों में बंट गए है, जो अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

### शुभानी को प्रदेश भर से मिल रहा समर्थन, जीत के करीब



प्रदेश महासचिव पद के लिए जिले की प्रत्याशी शुभानी वर्मा को प्रदेश भर के युवाओं का अच्छा जनसमर्थन मिल रहा है जो उनकी जीत का कारण बन सकता है । गौररतलब है की शुभानी वर्मा पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश शर्मा के गट से खडी हुई हैं जो मौजूदा समय में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे हैं । पूर्व में एसएसयूआई प्रदेश महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव सहित अन्य पदों का निर्वहन कर चुकी शुभानी वर्मा वर्तमान में जनभागीदारी सदस्य भी हैं स्थानीय दिग्विजय कॉलेज में । शुभानी वर्मा लगातार युवाओं को जोड़ने में व् उनसे वोट करवाने में भिड़ी हैं वर्तमान में जिले से उन्हीं का नाम जीत के दावों को मजबूत करता है ।

### दोनों नए जिलों में सिर्फ एक अध्यक्ष बनेंगे

राजनांदगांव जिले को जहां ग्रामीण व शहर जिला में बांटा गया है। वहीं नव गठित जिले खैरागढ़-छुईखदान - गंडई में केवल एक जिलाध्यक्ष और मानपुर मोहला में एक जिलाध्यक्ष के लिए चुनाव हो रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश बॉडी के लिए अध्यक्ष व महासचिव का चुनाव हो रहा है। सबसे कड़ा मुकाबला राजनांदगांव शहर जिलाध्यक्ष के लिए है, इसमें 23 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनके मेंबरशिप की तैयारी भी तेजी से जारी है।

### मेंबरशिप के 50 रुपए, तीन प्रत्याशी को करेंगे वोट

चुनाव की पूरी प्रक्रिया यूथ कांग्रेस के पोर्टल के माध्यम से पूरी होगी। इसमें मेंबरशिप के लिए 50 रुपए का शुल्क लिया जा रहा है। 12 मई से मेंबरशिप लेते ही वोटिंग का ऑप्शन इन सबको मिल चुका है इसके बाद एक लाइव विडियो के साथ मेंबर अपने प्रत्याशी को वोट करेंगे। हर मेंबर को जिलाध्यक्ष के अलावा, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव को वोट करने का विकल्प मिलेगा। मेंबर अगर शहर का है तो वह केवल शहर जिलाध्यक्ष को वोट कर सकेगा, वहीं ग्रामीण का मेंबर ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए वोट करेंगे।

# खंडेलवाल कालोनी में दिन दहाड़े चोरी, आरोपी कैमरे में कैद



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर की न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में चोरी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चोरी की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया है। तब मकान मालिक अपने ड्यूटी पर थे। आरोपियों ने घर से करीब 80 हजार के जेवरात की चोरी कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में रहने वाले प्रकाश मानकर बुधवार को अपनी ड्यूटी में देवादा गए हुए थे, वहीं उनकी पत्नी नर्सिंग कॉलेज गई हुई थी। दोनों घर में ताला लगाकर सुबह करीब 10.30 बजे अपनी ड्यूटी के लिए निकले थे। शाम में जब लौटे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था, भीतर सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी भी खुली हुई थी। आलमारी में देखने पर नकदी रकम सहित सोने की मंगलसूत्र, चैन, लॉकेट, चांदी की चूड़ी, पायल सहित देवी की मूर्ति की चोरी कर ली गई थी। चोरी गए जेवरात की कीमत लगभग 80 हजार रुपए बताई गई है। इसके बाद उन्होंने घर के मेन गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। जिसमें दो नकाबपोश आरोपी बाउंड्री वाल कूदकर घर में दाखिल होते और बड़ी ही चालाकी से ताला तोड़कर भीतर दाखिल होते दिख रहे हैं। कोतवाली पुलिस की टीम ने भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर संदेहियों की पतासाजी शुरू कर दी है। दिन दहाड़े चोरी की वारदात भी पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं आम लोगों ने ऐसी स्थिति से चिंता बनी हुई है।

### कहां है पुलिस , लगातार चोरियों से चिंता में जनता

नहीं थम रही शहर में चोरियां, लोग परेशान शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते कुछ महीने में आरोपियों ने पॉश कालोनी के मकानों को निशाना बनाया। इसमें से ज्यादातर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन इसके बाद भी वारदात लगातार जारी है। इसकी बड़ी वजह संदेहियों की धरपकड़ नहीं होना है।

# हवा में उड़ा शेड, निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

- बड़ी दुर्घटना टली, अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण में भ्रष्टाचार की आशंका

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत जगमड़वा में बुधवार को ठोस-तरलअपशिष्ट के लिए चल रहाटीन शेड निर्माण का टीन हवा में उड़कर लगभग 50 मीटर दूर जा गिरा। नए भवन का शेड हवा के एक झोंके से उड़ जाना निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान पैदा कर रहा है।

भवन के अंदर फ्लोर और दीवारों में अभी से दरारें दिखाई देने लगी है। जिस समय यह घटना घटी उस समय वहाँ कोई नहीं था अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जबकि इसी स्थान पर लोग घूमने निकलते हैं।गौरतलब हो कि भवन निर्माण के लिए लगभग साढ़े चार लाख रुपये की स्वीकृति दी गईहै। भवन के दरवाजे और खिड़की भी गुणवत्ताहीन है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी इसी गौठान के समीप बने टीन शेड भी गिर चुका है और ये दूसरी घटना है। इसके बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों का इस प्रकार के कार्यो में चुप रहना कहीं न कही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना साबित हो रहा है। समय रहते ऐसे कार्यों पर कड़ी कार्यवाही कर गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित ही कार्यो से जुड़े लोग शासन की योजनाओं का बन्दर बाट करने से बाज नही आएंगे। पंचायत को हेंड ओवर करने से पहले नीचे के बेस में दरार आ गई है। साथ ही दरवाजा-खिड़की की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है।

इस सम्बन्ध में ग्राम सरपंच टीकम साहू का कहना है कि हवा - तूफान में शेड उड़ गया है।इसको मैं क्या कर सकता हूँ...कहते हुए अपनी नाकामी और भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश लगे हुए हैं। जबकि भवन निर्माण में लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।

# पावरलिफ्टिंग इंडिया प्रतियोगिता में मुकेश ने जीता स्वर्ण पदक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विगत दिनों वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन कोलकाता में हुआ, जिसमे हमारे शहर के दिग्विजय वार्ड ब्राह्मण पारा निवासी मुकेश कहार ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। जिसमे मुकेश कहार पिता भोला कहार ने स्वर्ण पदक जीतकर परिवार के साथ पूरे शहर और प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है।

वार्ड पार्षद मणिभास्कर गुप्ता के साथ में भाजपा पार्षद दल और वार्ड के प्रबुद्ध नागरिकों ने घर जाकर उनका सम्मान किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।



कार्यक्रम में तरुण लहरवानी , किशुन यदु , जीवन चतुवेदी , कालू शर्मा , प्रखर श्रीवास्तव, लक्ष्मण यादव, मोनू पंसारी, आदि चौबे, बिट्टू देवांगन,मनीष सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए नेहरू

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू के पुण्यतिथि पर शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि व्यक्त कर एक संगोष्ठी सभा का आयोजन किया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू को कांग्रेसियों ने याद करते उन्हें नमन किया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने पं. नेहरू द्वारा भारत वर्ष के विकास में दिए गए योगदान को स्मरण करते उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार व युग पुरूष बताया। शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। संगोष्ठी सभा में शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने पं. नेहरू के योगदान को याद कर अपने विचार रखे।इस दौरान श्रीकिशन खंडेलवाल, अमित चंद्रवंशी, शशिकांत अवस्थी, मामराज अग्रवाल, अमिन हुद्दा, सूर्यकांत जैन समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# भूपेश सरकार को भी करना चाहिए वैट टैक्स कम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के जिला संयोजक (आर्थिक प्रकोष्ठ) योगेश बागड़ी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। जिसमें पेट्रोल-डीजल पर एक्साईज ड्यूटी में कमी कर सरकार ने देश की जनता को राहत पहुंचाया है। पिछले दो वर्ष में कोरोना महामारी पर लाखों-करोड़ खर्च कर जिस तरह महामारी से जनता को राहत पहुंचाया गया था उसके कारण विपरीत परिस्थियों के बावजूद ऐसी भारी कटौती करना मोदी सरकार की सराहनीय वित्त व्यवस्था को दशार्ता है। मोदी सरकार की जनता फर्स्ट वाली इस भावना से सीख लेकर एवं दलगत राजनीति से उठकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी पेट्रोल एवं डीजल पर भारी भरकम टैक्स वैट को कम करना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता प्रदेश के भारी भरकम वैट टैक्स पर कटौती पाकर पेट्रोल एवं डीजल प्रदेश सरकार से भी राहत पाने का हकदार है। देश की मोदी सरकार में पिछले वर्ष नवंबर में भी पेट्रोल एवं डीजल पर भारी एक्साईज ड्यूटी भी कम किया था। प्रदेश की बघेल सरकार ने ऊंट के मुंह में जीरा वाली मुहावरेंनुरूप कुछ पैसे की कमी की थी, जब कि उस समय भी देय कि कई राज्य सरकान ने प्रदेश के लगने वाली टैक्स में उल्लेखनीय कटौती कर अपने प्रदेश की जनता में रहात पहुंचाया था।

# महिलाओं ने की जनपद अध्यक्ष से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



विकखण्ड के अनेक ग्रामों के स्वच्छताग्राही स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जनपद अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव से मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि यह स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का एक अति महत्वपूर्ण घटक है।

महिलाओं की गरिमा, आत्मसम्मान एवं स्वच्छता व्यवहारों में सामाजिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना हमारा ध्येय है। माहवारी शब्द और उससे जुड़ी समस्याओं को जनमानस की समझ में सकारात्मक संचार करने के लिए हम सब को कटिबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता को अपने दैनिक दिनचर्या में अधिक से अधिक जुझारूपन होकर कार्य करे ताकि आने वाले पीढ़ी भी आप लोगों से सीखने की प्रेरणा ले सकें। साथ ही ग्राम पंचायत के स्वच्छता हितग्राही महिलाओ ने अपनी बात रखी।इस अवसर पर ग्राम भोलापुर,सीतकसा,तुरेगढ़, चिखलकसा, बड़गांव,जैतगुडरा की महिला उपस्थित रही।

**लंबे समय से लंबित है राशि, सरपंच हो रहे परेशान**

# मनरेगा का भुगतान अटका, सरपंचों ने दिया धरना

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले 118 पंचायतों के सरपंचों ने सरपंच संघ बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन से मनरेगा भुगतान करने गुहार लगाई है। पंचायतों में रोजगार गारंटी के तहत ग्रामों में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण, वर्मी शेडसाथ ही साथ धान चबुतरा का निर्माण व योजनाओं के तहत अन्य निर्माण कराए गए हैं। लंबे समय से इनके भुगतान लंबित हैं।

भुगतान न होने से सरपंचों का सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि वेंडरों के खाते में राशि जमा होती है जिनका बिल लग जाने पर राशि अबतक नहींडाली गई है। जबकि हमारे व्दारा लगभग दो सालों से क्षेत्र में योजना के तहत कार्य कराए जा चुके हैं। भुगतान नहीं होने से दुकानदारों से नज़रें बचाकर निकलना पड़ता है। कभी वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सभी जगह मनरेगा भुगतान हो चुका है लेकिन एक मात्र जनपद पंचायत छुरिया ही है जहां अबतक भुगतान न हो पाना समझ से परे है। सरपंच संघ अध्यक्ष ने कहा जो भी जनपद पंचायत छुरिया के जवाबदार अधिकारी व कर्मचारी के कारण राशि रुकी हुई है उनपर लापरवाही बरतने पर कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि हमारी समस्या का समाधान नहीं होने पर जिला मुख्यालय में अनिश्चित कालीन की जाएगी।

सरपंच संघ के धरना प्रदर्शन को भाजपा ने अपना समर्थन दिया है। धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा के किसान मोर्चा के जिला प्रभारी व वर्तमान में छुरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद डड़सेना व शेखर भारद्वाज ने इनका समर्थन किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि डड़सेना ने कहा कि छुरिया जनपद पंचायत अंतर्गत 118 ग्राम पंचायत है। जहां कराये गये निर्माण कार्यों की राशि अबतक न मिलने से सभी सरपंच लगभग दो महिनों से परेशान हैं। इनकीमांगों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डेय तक रखने की बात उन्होंने कही है।

# मनरेगा कर्मियों का परिवार के साथ प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

करीब दो माह से हड़ताल कर रहे रोजगार सहायकों ने शुक्रवार को परिजनों और बच्चों संग प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर अब भी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताल के चलते महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीन पर आ चुकी है। आला अफसरों को मनरेगा मजदूरों से निर्धारित मियाद पर काम पूर्ण करने का दबाव है।

लगातार अफसरों के लिए मनरेगाकर्मियों का हड़ताल करना कामकाज के लिहाज से भारी पड़ रहा है। जिला पंचायत के अधीन कार्यरत मनरेगाकर्मियों ने मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल समाप्त नहीं करने का इरादा जाहिर कर दिया है। जिले के सभी ब्लॉकों में भी हड़ताल पर बैठे मनरेगा कर्मी सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का आरोप है कि सत्तारूढ़ कांग्रेस ने चुनावी स्टंट के लिए मनरेगाकर्मियों के मुद्दों को भुनाया और वादा करने से पीछे हट गई। चुनावी घोषणापत्र में भी मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण से लेकर आर्थिक मुद्दों को भी शामिल किया गया था। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पर हड़ताली कर्मियों ने वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया है। इसी के चलते अब परिवार के सदस्यों के साथ मनरेगाकर्मी हड़ताल पर बैठे हैं। जिसमें बच्चों को भी इस प्रदर्शन में शामिल किया गया है।

# चना और सीमेंट से भरे दो ट्रकों में टक्कर ग्रामीणों ने 982 बोरी चना कर दिए गायब

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



चना और सीमेंट से भरे दो ट्रकों में टक्कर हो गई। इस हादसे में चना लेकर जा रही ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है मगर सुबह होते ही ट्रक में भरे चने की बोरियों को लूटने ग्रामीणों में होड़ मच गई। देखते ही देखते ग्रामीणों ने 982 बोरी चना पार कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ग्रामीण ट्रक में चढ़कर चने की बोरियां निकालते और लेकर जाते दिख रहे हैं। ट्रक से चना गायब होने पर फर्म के मालिक ने थाने में चोरी का केस भी दर्ज कराया है। घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, बलौदाबाजार के सुहेला थाना क्षेत्र के हिरमी निवासी भीमसेन यादव ट्रक चालक हैं। बुधवार की रात करीब 9 बजे वह ट्रक क्रमांक सीजी 04 एच डब्ल्यू 4127 में सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लेकर पेंड्रा रोड जाने के लिए निकला था। रात करीब 1.20 बजे वह हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेलमुण्डी के आगे मेनरोड पहुंचा था। तभी नेशनल हाईवे में ट्रक का टायर फट गया, जिस पर उसने ट्रक को सड़क किनारे खड़े कर दिया और इंडीकेटर लाइट चालू कर टायर बदल रहा था। उसी समय ट्रक क्रमांक सी जी 07 ए एक्स 9803 का चालक तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए आया और उसके ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। इससे उसकी ट्रक सामने खड़ी ट्रक से जा टकराया। इस हादसे में उसकी ट्रक के आगे और पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**चने से भरे ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, चालक गंभीर-** जब चालक भीमसेन यादव ट्रक का टायर बदल रहा था। उसी समय अचानक चने से भरी ट्रक तेज रफ्तार से उसकी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में चना लेकर जा रहा चालक राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। तब उसे इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। चालक भीमसेन की रिपोर्ट पर पुलिस ने ठोकर मारने वाले चालक राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

देर रात हुए इस हादसे के बाद गुरुवार की सुबह ग्रामीण पहुंचे। जब उन्हें पता चला कि लावारिस खड़ी ट्रक में चने की बोरियां रखी हैं, तब ग्रामीणों ने उसमें चने की बोरियां निकालना शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और सभी चने की बोरी निकालकर ले जाने लगे। कुछ ही देर में ट्रक में रखे 982 बोरी चना गायब हो गया। ग्रामीणों के चने की बोरियां ले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### खड़ी ट्रक को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, फर्म का मालिक पहुंचा थाने, चोरी का केस दर्ज

चना राजनांदगांव के बसंतपुर स्थित हरिओम शक्ति इंडस्ट्रीज के मालिक राहुल माखीजा का है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह चालक राजकुमार ट्रक में चना लोड कर बिहार मीरगंज लेकर जाने के लिए निकला था। उन्होंने ट्रक को भिलाई के आगरा उरई रोड लाइंस नाम के ट्रांसपोर्टर से बुक कराया था। गुरुवार की सुबह उन्हें जानकारी दी गई कि ट्रांसपोर्टर की ट्रक का हिर्री क्षेत्र के बेलमुंडी के पास एक्सीडेंट हो गया है। चालक घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक में कोई खलासी नहीं है, जिसके कारण चना लोड ट्रक क्षतिग्रस्त होकर खड़ी है। जानकारी मिलने पर गुरुवार दोपहर राहुल माखीजा ट्रक के पास पहुंचा, तब उसमें एक भी बोरी चना नहीं था। उसने चना चोरी होने की जानकारी दी है। टीआई बृजलाल भारद्वाज ने बताया कि उसकी रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया गया है।

## पुत्र ने मां से शादी की बात को लेकर हुए विवाद में की मां की हत्या



**जांजगीर-चांपा।** पुत्र ने मां से शादी की बात को लेकर हुये विवाद में की मां की हत्या थाना चांपा में अप. क्र. 217/22 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध आरोपी को दिनांक 27.05.22 को उसके घर से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। आरोपी के भांजे परमेश्वर की सूचना पर दिनांक 25.05.22 को मर्ग क्रमांक 34/22 धारा 174 जा.फौ. कायम की जांच की गई। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 26.05.22 को थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना चांपा द्वारा अमृत लाल निवासी चांपा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा मॉ की हत्या करना स्वीकार किया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 24.05.22 को आरोपी अमृत अपनी मां से शादी की बात को लेकर वाद-विवाद करने लगा और गुस्से में आकर अपनी मॉ को धक्का दे दिया जिससे उसकी मां नीचे गिर गई। जिस पर आरोपी की मॉ रिपोर्ट करने थाना जा रही हूॅ बोलने पर आरोपी गुस्से में आकर अपने मॉ के सिने में पैर रखकर खड़ा हो गया जिससे मौके पर ही उसकी मॉ की मृत्यु हो गई।

# पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने पंडित नेहरू को यादकर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर/ग्रामीण द्वारा 27 मई को नेहरू चौक में प्रथम प्रधानमंत्री ,भारत रत्न पण्डित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि गुलामी के हजार वर्षों ने देश को आर्थिक शून्यता की ओर धकेल दिया था, सम्प्रदायिक दंगे हो रहे थे, उद्योग ,शिक्षा, कृषि,विदेश नीति, प्राद्यौगिक नीति सभी के सभी खत्म हो चुके थे ,नेहरू जी का ताज कांटो से भरा हुआ था, किन्तु पंडित जी की उदारवादी, समाजवादी नीति और प्लानिंग ने आज भारत को एक सुदृण और सशक्त भारत बनाया। महापौर राम शरण यादव ने कहा कि नेहरू जी कम समय मे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित हो गए।

गुट निरपेक्ष आंदोलन और पंच शील सिद्धांत ने विश्व पटल पर भाईचारा और शांति का पैगाम दिया, और कोरियाई युद्ध, स्वेज नहर जैसे समस्याओ को सुलझाने में अहम भूमिका अदा की ,देश की बड़ी बड़ी केंद्रीय संस्थान ,नहरे,कारखाना - फैक्ट्री स्थापित किया, किन्तु नेहरू जी को चीन से धोखा मिला ,जिससे नेहरू जी बड़े दुखी हुए ,उन्हें पक्षघात हुआ और उनका देहावसान हो गया । सैय्यद ज़फ़र अली, एसएल रात्रे ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने जीवन के डेढ़ दशक जेल में बिताया ,गांधी जी के सभी आंदोलनों में भाग लिये,गांधी जी ने 1941 में ही पंडित जी को अपना उत्तराधिकारी धोषित कर दिए थे ,पूर्ण स्वराज्य की मांग किये और और पहली बार लाहौर में तिरंगा झंडा फरहराये, नेहरू की तपस्या और त्याग से देश एक विकसित राष्ट्र बना। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय,उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, ज़फ़र अली, हरीश तिवारी,डॉ बद्री जायसवाल, ऋषि पांडेय, सुभाष ठाकुर, एसएल रात्रे, नसीम खान, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतलवार, राजेन्द्र वर्मा,जगदीश कौशिक, राजेश शुक्ला, अजय यादव, साई भास्कर, काशी रात्रे, शहज़ादी कुरैशी, रमाशंकर बघेल, पिंकी बत्रा, शैलेन्द्र जायसवाल, सावित्री सोनी,आशा पांडेय,विनोद साहू,जावेद खान,गणेश रजक, राम दुलारे रजक, निर्मल बत्रा, राजेश जायसवाल, ब्रजेश साहू ,राजेश शर्मा, शाज़ी मैथ्यू, हेमन्त दिघरस्कार, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, अतहर खान, हर मेंद्र शुक्ला, जिग्नेश जैन, लक्ष्मी जांगड़े, भजन गांधी, अनिल पांडेय, दिनेश सूर्यवंशी, आदेश पांडेय, देवेंद्र मिश्रा, सन्तोष गुप्ता, हरीश ठाकुर, सत्येंद्र सोनी, अमित सिन्हा, सुभाष सराफ, शहज़ादा खान, कासिम खान, अरविंद यादव, बबलू, शमशेर खान, अजय काले, भरत जुर्यनी, करम गोरख, संगीता तिवारी, सरिता गन्धर्व, राज कुमार बंजारे, बद्री यादव, मनोज शर्मा, चन्दन सिंह, मोह अयूब, चिंटू खान, शंकर मिश्रा, कैलाश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री ने सत्ता सम्हालते ही चुनावी वादों को पूरा करने के कार्य से प्रदेश के किसान नौजवान और माता बहनों में कांग्रेस सरकार के प्रति विश्वास जगा है हम सबकी जवाबदारी कि पच्चीस सौ रुपए धान की क़ीमत क़र्ज़ा माफ़ बिजली बिल हाफ़ गोधन न्याय योजना,भूमिहीन प्रत्येक किसान को सात हज़ार रूपये प्रदान करना इन बातों को घर घर तक प्रचार करना है साथ ही केंद्र की मोदी सरकार के राज में देश में डीज़ल पेट्रोल और रसोई गेस सिलेंडर के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी से जनता का जीना मुश्किल हो गया है एक तरफ़ छत्तीसगढ़ के बीस लाख से अधिक किसानों को हज़ारों करोड़ रूपये राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत वितरण कर रही है और दूसरी तरफ़ केंद्र की भा ज पा सरकार के राज में चंद उद्योगों/उद्योगपतीयों के तीन लाख करोड़ के क़र्ज़ को माफ़ करती इन बातों को भी जनता को हमें बताना होगा। इस अवसर पर अनेक सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फास्ट ट्रेक कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले युवक को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास और पांच सौ रुपए अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। तभी युवक उसे बहलाकर निर्माणाधीन मकान में ले गया और दुष्कर्म किया था। बच्ची के चिल्लाने व रोने की आवाज सुनकर मोहल्लेवाले आए और आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। सरकंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली आठ साल की बच्ची स्कूल में पढ़ती है। घटना 3 फरवरी 2021 की है। बच्ची शाम 6.30 बजे अपने घर के पास खेल रही थी। तभी मोहन देवांगन (36) वहां पहुंच गया। बच्ची को देखकर उसकी नीयत बिगड़ गई। वह बच्ची को बहलाकर निर्माणाधीन मकान की तरफ ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची चिल्लाकर कर रोने लगी। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं परिजन भी आ गए।

**भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ा-** इस दौरान भीड़ देखकर मोहन वहां से भागने लगा। तब आसपास के लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। परिजन बच्ची को लेकर थाना पहुंचे, तब पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

### दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने सुनाई सजा

इस मामले की जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश किया। ट्रायल के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विवेक कुमार तिवारी ने आरोपी को दुष्कर्म का दोषी ठहराया। उन्होंने अभियुक्त मोहन देवांगन को आजीवन कारावास और पांच सौ रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

### 15 माह में आया फैसला

पुलिस ने बच्ची के साथ हुई इस घटना को गंभीरता से लिया और सभी प्रकार की दस्तावेजी प्रि या पूरी कर कोर्ट में चालान पेश किया गया। ताकि जल्द से जल्द पीड़िता को न्याय मिल सके। फास्ट ट्रेक कोर्ट में लगातार मामले की सुनवाई हुई। इसके बाद 15 माह में गुरुवार को अंतिम सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सजा सुना दी।

# बच्चे की अभिरक्षा को लेकर हाईकोर्ट की टिप्पणी, कहा- बच्चा कोई सामान नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की बेंच ने बच्चे की कस्टडी को लेकर पेश किए गए मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि बच्चा कोई सामान नहीं है, माता- पिता की आय और बच्चे की बेहतर शिक्षा की व्यवस्था ही कस्टडी सौंपने का एकमात्र मापदंड नहीं है, यह मानवीय समस्या है, ऐसे मामलों का निराकरण केवल कानूनी प्रावधानों की व्याख्या कर नहीं किया जा सकता। ऐसी समस्या को मानवीय दृष्टिकोण के साथ ही सुलझाया जाना चाहिए। दुर्ग में रहने वाले निमेश अग्रवाल की 2007 में रूही से शादी हुई। 2012 में उन्हें एक बच्चा हुआ। बिगड़ते रिश्ते के कारण बाद में पति और पत्नी अलग रहने लगे। बच्चे की कस्टडी के लिए गार्जियन एंड वार्ड्स एक्ट, 1890 की धारा 25 के तहत फैमिली कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई। दोनों ने अपने साथ बच्चे का बेहतर भविष्य का दावा किया। फैमिली कोर्ट ने सुनवाई के बाद मां को बच्चे की कस्टडी सौंपी थी, इसके खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट में मामला प्रस्तुत किया था, इसमें फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपनी 9 साल की बच्ची की कस्टडी की मांग की थी। हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 26 में बच्चों की कस्टडी का प्रावधान है। कोर्ट ने कहा कि जब माता-पिता परस्पर विरोधी मांगें करते हैं तब ऐसी स्थिति में बच्चे का कल्याण ही मुख्य मुद्दा होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कल्याण शब्द का व्यापक अर्थ लिया जाना चाहिए, जिसमें नैतिक, मानसिक और शारीरिक कल्याण शामिल है। वहीं, पिता के मुलाकात के अधिकार पर कोर्ट ने कहा कि बच्ची अपने पिता से डरी हुई थी। जब उसने पिता से बात करने से इनकार कर दिया तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया, यह पिता को मुलाकात के अधिकार से इनकार करने का कारण नहीं हो सकता। हाईकोर्ट ने यशिता साहू विरुद्ध राजस्थान सरकार के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता- पिता के बीच कस्टडी की लड़ाई में हमेशा बच्चा ही शिकार होता है। कोर्ट ने मामले में बच्चे के पिता और दादा-दादी दोनों को मुलाकात का अधिकार दिया है। वहीं, बच्ची की कस्टडी मां को सौंपी गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना चांपा का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



27 मई को पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा थाना चांपा का किया आकस्मिक निरीक्षण निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को थाना आने वाले व्यक्तियों से शिष्टतापूर्ण व्यवहार करने एवं उनकी फरियाद को सुनकर त्वरित रूप से निराकरण करने हेतु समझाईश दी गई। मालखाना, जरायम, रिमाण्ड तख्ती, कोर्ट आरक्षक रजिस्टर का अवलोकन किया गया एवं सभी रजिस्टरों को दुरूस्त रखने हेत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।जप्त लावारिस वाहनों को रक्षित केन्द्र भेजकर उस पर विधिवत् कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर का भ्रमण कर थाना परिसर के भ्रमण के दौरान विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था करने एवं थाना परिसर को सुसज्जित रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों मे तथा सायबर संबंधी अपराधों में जागरूकता लाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने, आरोपी की गिरफ्तारी कर अभियोग पत्र न्यायालय में समय पर पेश करने हेतु हिदायत दी गई। थाना के समस्त स्टाफ को साफ सुथरी वेशभूषा धारण कर, अनुशासन में रहने एवं अच्छे आचरण का प्रदर्शन करने हेतु हिदायत दी गई है। निरीक्षण के दौरान निरी. मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी चांपा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# अवैध परिवहन में लगे हाइवा व ट्रैक्टर जप्त 21 वाहनों के खिलाफ खनिज विभाग ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी के निर्देशन में जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जांजगीर, पेंड्री, खोखरा, अकलतरा, पामगढ़, शिवरीनारायण क्षेत्र में आज खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान रेत से भरे हाइवा, ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। खनिज अधिकारी सोनी ने बताया कि जांच टीम द्वारा पाया गया कि गौण खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर (गिट्टी),रेत,मिट्टी(ईंट) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जांजगीर -पेंड्री क्षेत्र में 4 हाइवा रेत, 6 ट्रेक्टर रेत को जप्त कर कलेक्टोरेट परिसर में रखा गया है। पामगढ़ क्षेत्र में 2 हाइवा रेत,1 हाइवा गिट्टी,1 ट्रेक्टर रेत ,1 ट्रेक्टर मिट्टी (ईंट)को जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना पामगढ़ मे रखा गया है। शिवरीनारायण क्षेत्र मे 1 हाइवा रेत, 2 ट्रेक्टर रेत,2 ट्रेक्टर बोल्डर,1ट्रेक्टर मिट्टी (ईंट) जप्त कर पुलिस थाना शिवरीनारायण मे सुरक्षार्थ रखा गया है। कुल 21 खनिजमय वाहनों पर कार्यवाही की गयी है। सभी वाहन मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015/खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रकरण दर्ज कर शास्ति की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही मे खनि निरीक्षक आदित्य मानकर, प्र.खनि निरीक्षक पी डी जाड़े, खनिज सिपाही संजीव थवाईत,सावंत सूर्यवंशी एवं स्टाफ शामिल थे। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिज उड़नदस्ता की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

लगातार अवैध तरीके से रेत उत्खनन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी

**रमाकांत सोनी, खनिज अधिकारी**
**जांजगीर-चांपा**

# तीन दिवसीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रक्षीक्षण का आयोजन किया गया इस परीक्षण में सभी 41 स्कूलों के संकुल समन्वयक एवं एक एक शिक्षकगण उपस्थित रहे इस काम का कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ । सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार साहू एवं मीनाक्षी बेक सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सवावीण विकास के साथ-साथ सुरक्षा एवं स्वच्छता की जानकारी होना अति आवश्यक है। इसके प्रथम दिवस में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की राजपूत उपस्थित रहे उन्होंने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी कार्य के साथ-साथ शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है यदि शिक्षकों को इसकी जानकारी रहेगी तो वह बच्चों को भी सुरक्षा के उपाय सुझा पाएंगे किसी भी कार्यक्रम में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक होता है अन्यथा लापरवाही से दुर्घटना को आमंत्रण देना है सुरक्षा का पर्यायवाची अनुशासन भी है यदि हम किसी भी कार्य को अनुशासन से करेंगे तो वह कार्य सफलतापूर्वक होगा व्यक्तिगत सुरक्षा का ध्यान रखना भी हमारा कर्तव्य है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में फायर एंड सेफ्टी संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री राजेंद्र मानवटकर एवं उनकी टीम द्वारा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान कर जानकारी दी गई इस प्रशिक्षण के दौरान सभी संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों ने कहीं भी आगजनी जैसी दुर्घटना होने पर उस पर कैसे नियंत्रण पाया जा सकता है क्या सिखा छोटी बड़ी सभी प्रकार से संबंधित दुर्घटना के बचाव संबंधी सुरक्षा की जानकारी प्राप्त की फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण के दौरान राजेंद्र मानवटकर ने फायर ब्रिगेड के वाहन का प्रदर्शन कर जानकारी प्रदान किया जिसमें सभी शिक्षकों ने अत्यंत उत्साह एवं रोमांच पूर्ण प्रशिक्षण में ही कचरे के ढेर पर आग लगाकर उसे बुझाने का तरीका शिक्षकों को सिखाया गया फायर ब्रिगेड के वाहन से अंधेरों में लाइट की व्यवस्था करना फायर ब्रिगेड के वाहन से पानी के बौछारो से आग बुझाने के तरीकों का प्रदर्शन किया जिसे देखकर सभी शिक्षक रोमांचित हो उठे उनमें फायर ब्रिगेड आगजनी सुरक्षा के उपायों की सीखने की ललक दिखाई दी फायर ब्रिगेड का वाहन जो प्रशिक्षण के दौरान लाया गया था वह आधुनिक नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित था जिसे देखने के लिए सभी के मन में कौतुहल का विषय बना हुआ प्राकृतिक आपदाओं जैसे आगजनी, करंट ,अकाशी बिजली आदि से निपटने हेतु शिक्षकों को उपयोगी एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए विदित हो कि मानवटकर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के संबंध में जन जागरूकता फैलाने में व्यक्तिगत रुचि लेकर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

# शिवरीनारायण वार्ड नंबर 1 जनकपुर में बनेगा सूत सारथी समाज का सामुदायिक भवन

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



धर्म एवं अध्यात्म की नगरी नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड नं 1 जनकपुर में महानदी के तट पर सूत सारथी समाज का सामुदायिक भवन बनेगा जिसका भूमिपूजन का कार्य नगर पंचायत अध्यक्ष व्दारा संपन्न हुआ इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी,उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, पार्षद शकुंतला निरंजन अग्रवाल,पार्षद मनोज तिवारी,पार्षद सागर केशरवानी ,निरंजन कश्यप,पिंटू भट्ट ,निरंजन अग्रवाल पूर्व नगर मंचायत अध्यक्ष,सरोज सारथी प्रदेश संयोजक अनुसूचित जाति सहित सूत सारथी समाज के अनेक लोग उपस्थित थे। सूत सारथी समाज के द्वारा सर्वप्रथम अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया वही मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने सूत सारथी समाज को बधाई देते हुए कहा नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया जी व्दारा घोषितयह सामाजिक भवन बहुत जल्द ही बनकर तैयार होगा जो आप सब के सुख दुख के कार्य में काम आएगा नगर पंचायत की पूरी टीम नगर की बेहतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही वार्ड पार्षद शकुंतला निरंजन अग्रवाल ने कहा की सूत सारथी समाज द्वारा सामुदायिक भवन की बहु प्रतीक्षित मांग थी जिसका आज भमिपूजन हुआ है यह भवन अतिशीघ्र बनेगा और नगर के सारथी समाज सहित सभी वर्ग की सुख दुख में काम आएगा ..मंच संचालन एवं आभार प्रकट सरोज सारथी ने किया...इस अवसर पर सूत सारथी समाज के गंगाधर सारथी, भागवत सारथी,विमल सारथी अध्यक्ष नगर किसान कांग्रेस ,हरि सारथी, सरजू सारथी, रामगोपाल सारथी ,भागीरथी सारथी, राज सारथी, छोटू सारथी, वासु सारथी, फागुलाल सारथी, दिनेश सारथी, मोहन सारथी, कमल सारथी, संजू सारथी, विक्रम सारथी, शेखर सारथी, सुमित सारथी मिथलेश सारथी जय सारथी, टिकेश्वर सारथी, नानू सारथी, दीपक सारथी, मोनीष सारथी ,पवन सारथी, कीर्तन सारथी, दिलीप सारथी, साधन सारथी ,लेखराम सारथी, सत्यनारायन सारथी ,बुंदराम सारथी, धर्म सारथी ,राहुल सारथी, अर्जुन सारथी रोहन सारथी, बबला सारथी, वीरू सारथी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# भाजपा सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है: डी पुरंदेश्वरी



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ परिसर में प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल कार्यकाल का 8वां वर्ष पूरा हो रहा है। भाजपा 2014 के लोकसभा चुनाव में सबका साथ-सबका विकास के नारे के साथ जनता के बीच गई थी एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास के साथ चुनाव में जनता ने हमें पुनः अपना समर्थन दिया। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भी जनता का पूर्ण समर्थन हमें मिलेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए हम अभी से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की चुनौती में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर से बाहर निकलकर सेवा किया वहीं अन्य राजनैतिक दल अपने-अपने घरों में रहे। यही भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के आहवान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जनता के बीच सेवा भाव के साथ जाएंगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि युवा मोर्चा विकास स्थलों से विधानसभा स्तर पर विकास तीर्थ बाईक रैली निकालेंगे व केन्द्र सरकार की उलब्धियों का पाम्प्लेट बाटेंगे। पार्टी के सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे। बूथों को मजबूत करने के लिए जो कार्य विस्तार योजना प्रारंभ की गई है जिसमें पार्टी के बड़े नेता लगातार कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। जिससे हमारे कार्यकर्ताओं के मन में भारी उत्साह है। हमारे कार्यकर्ता खुश है तो इससे हमारी पार्टी की मजबूती और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति लोगों के मन भारी आक्रोश व नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जनता को विश्वास दिलाना होगा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बेहतर सरकार दे सकती है। प्रदेश सरकार के लाए काले कानून (भूपेश एक्ट) के विरोध में भाजपा का आंदोलन सफल रहा। जनता का हमें व्यापक समर्थन भी मिला है। प्रदेश के किसान लगातार खाद की कमी से, बारदाने की कमी, रकबा कटौती से लगातार परेशान है। हम किसानों के साथ है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश की कांग्रेस सरकार की हर गलत नीतियों एवं कार्यों का मुखरता से विरोध करना है। मानसून को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी किसानों से मन की बात करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा किसानों सहित आमजन को मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बूथों पर लेकर आएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम तेजी से विकास कि ओर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार एवं जानदार 8 साल 30 मई को पूरा हो रहा है। देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में 4 राज्यों में भाजपा ने पुनः सरकार बनाई है। वहां की जनता का प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने पुनः विश्वास प्राप्त किया है। वहीं दूसरी तरफकांग्रेस की पंजाब से विदाई हुई साथ ही यूपी में 380 सीटों में कांग्रेस की जमानत जब्त हुई। उन्होंने कहा कि 2023 में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विदाई तय है। विधानसभा चुनाव के दौरान 36 घोषणा कर सत्ता में आई कांग्रेस साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई है और अपने खिलाफहो रहे विरोध को सहन नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गंगाजल हाथ में लेकर शराबबंदी का वादा किया था, मंडी टैक्स हटाने का वादा किया था, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन सत्ता पाने के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने वादों से निभाने से मुकर गई है। प्रदेश के किसान व बेरोजगार युवा लगातार आत्महत्या कर रहे है। प्रदेश में लूट, डकैती, अपहरण, उद्योग का रूप ले लिया है। कांग्रेस पार्टी से लड़कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे और हम 2023 में निश्चित ही विशाल जनमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएंगे।भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बूथों को मजबूत करने का माइक्रो लेवल का कार्यक्रम करना है। आप जितनी गंभीरता से काम करेंगे उतना ही अच्छा रिजल्ट आयेगा कार्य विस्तार योजना प्रमाणिकता का काम है, गुजरात में सबसे पहले यह कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है और पूरे देश में यह कार्य किया जा रहा है। 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 8 वर्ष पूर्ण होंगे। पिछले 8 वर्षों में संतुलित विकास से देश में चमत्कारिक परिवर्तन हुआ है।

## रमन सिंह से पूछ कौन रहा कि राज्यसभा प्रत्याशी कौन हो: मरकाम



रमन सिंह द्वारा राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर दिये गये बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रमन सिंह से पूछ कौन रहा कि राज्यसभा का प्रत्याशी किसे होना चाहिये? भाजपा नेता अब्दुल्ला दीवाने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। राज्यसभा प्रत्याशी पर रमन सिंह किस हैसियत से बयान दे रहे हैं? छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा को इस लायक नहीं छोड़ा कि वह राज्यसभा चुनाव के बारे में सोच भी सके, फिर भाजपा नेता बार-बार बयान देकर अपनी खीझ निकाल रहे है। जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन चौथाई बहुमत दिया है। राज्य से खाली हो रही दोनों ही राज्यसभा के सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुना जाना तय है। ऐसे में प्रत्याशियों के चयन का अधिकार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के पास है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राज्य के कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा करके प्रत्याशी का नाम तय करेगी, इसमें भाजपा के नेता क्यों अकुला रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जिन रमन सिंह की पूछ-परख भारतीय जनता पार्टी में नहीं है, वे बिना प्रभार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है, जिनको भाजपा की प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी लगातार उपेक्षित करती है। उनके साथ दौरा करने से परहेज करती है वे रमन सिंह कांग्रेस को सलाह देने के बजाये मंथन करना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर में उनकी स्वीकार्यता खत्म क्यों हो रही है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा निश्चिंत रहे राज्यसभा देश का उच्चसान है जहां पर देश की समस्याओं पर उनके समाधान पर गुणवत्ता युक्त चर्चा की परंपरा रही है। कांग्रेस से जो भी राज्यसभा में चुनकर जायेंगे वे देश और राज्य की जनता की आवाज बनेंगे, न कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के समान राज्यसभा में हुड़दंग करके महत्वपूर्ण बिल पर बिना चर्चा ही पारित करवाने में भूमिका निभायेंगे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403